www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

08 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 81









### कैबिनेट की बैठक में डीजीपी चयन की प्रक्रिया में बदलाव को मंजूरी

# राज्य सरकार अब डीजीपी के नाम की अनुशंसा यूपीएससी को नहीं भेजेगी

## ■ विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से बुलाने की भी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें राज्य में डीजीपी के चयन की प्रक्रिया को बदलने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। नयी नियमावली के तहत अब राज्य सरकार डीजीपी चयन के लिए यूपीएससी को अनुशंसा नहीं करेगी। सरकार एक समिति का गठन करेगी, वही समिति डीजीपी के नाम की अनुशंसा करेगी। इसके अलावा कैबिनेट बजट सत्र 24 फरवरी से बुलाने, 265 प्रखंडों के लिए शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नियुक्त करने समेत कुल नौ प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

सचिव वंदना दादेल ने बताया कि कैबिनेट ने महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड (पुलिस बल प्रमुख) के चयन एवं नियुक्ति नियमावली, 2024 के गठन की स्वीकृति दी है। इसके तहत डीजीपी के चयन के लिए एक नाम निर्देशित समिति का गठन किया जायेगा।

इस समिति में उच्च न्यायालय के दो सेवानिवृत्त जज, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक, यूपीएससी से नामित व्यक्ति, जेपीएससी अध्यक्ष या नामित सदस्य और गृह विभाग के प्रधान सचिव सदस्य होंगे। इनके द्वारा नामों की अनुशंसा की जायेगी। अब यूपीएससी को नाम भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**बजट सत्र के औपबंधिक कार्यक्रम को मंजूरी :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलेगा। इस सत्र में राज्य का बजट पेश किया जायेगा और उस पर चर्चा होगी। कैबिनेट की बैठक में बजट सत्र के औपबंधिक कार्यक्रम को मंजूरी दी गयी।



### कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों के आलोक में वर्तमान आवश्यकतानुसार पदों के चिह्नितीकरण की स्वीकृति।
- उत्पाद विभाग के सदन प्रसाद को आर्थिक पदोन्नति देने का निर्णय।
- प्री-बजट कार्यशाला के आयोजन के लिए रांची के संत जेवियर कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सीमा अखौरी एवं उनकी टीम को मनोनयन के आधार पर नॉलेज पार्टनर के रूप में चयनित करने की स्वीकृति।
- देवघर जिले में नया एम्स स्थापित करने के लिए झारखंड सरकार एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (भारत सरकार) के साथ किये जाने वाले एमओयू प्रारूप की मंजूरी।
- झारखंड परिचारिका गैर-शैक्षणिक संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवाशर्त) नियमावली-2025 के गठन की स्वीकृति।
- झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा इसकी अनुषंगी कंपनियों में प्रबंध निदेशक एवं निदेशक के पदों पर नियुक्ति के लिए किये गये प्रावधानों में आंशिक संशोधन करने के प्रस्ताव पर घटनोत्तर स्वीकृति।

### 265 प्रखंडों में शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की नियुक्ति

झारखंड के सभी 265 प्रखंडों में शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नियुक्त होंगे। इसके लिए झारखंड शिक्षा अवर सेवा के पदों में बढ़ोत्तरी की जायेगी। यह फैसला शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे दूर-दराज के इलाकों में शिक्षा की पहुंच बेहतर होगी।

# झारखंड में विपक्ष का नेता दो हफ्ते में तय करे विपक्षी पार्टी: सुप्रीम कोर्ट

- सूचना आयुक्त के पद को भरने की याचिका पर हुई सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों को जल्द भरने का आग्रह करनेवाली हाइकोर्ट के अधिवक्ता शैलेश पोद्दार की याचिका की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हुई। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने मामले में झारखंड के मुख्य सचिव को अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। इससे पूर्व सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार के पूरक हलफनामे का अवलोकन किया। कोर्ट ने कहा कि जून 2024 को एक विज्ञापन दिया गया था। चयन प्रक्रिया इस कारण शुरू नहीं हुई है कि झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद विधानसभा में विपक्ष के नेता की घोषणा नहीं की गयी। चूंकि



विपक्ष का नेता चयन समिति का सदस्य है, इसलिए बैठक नहीं बुलायी जा सकी है।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि झारखंड विधानसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी अपने किसी निर्वाचित सदस्य को मुख्य सूचना आयुक्त (सीआइसी) और सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए विपक्ष का नेता नामित करे, यह आवश्यक कार्य दो सप्ताह में किया जाना चाहिए। चयन समिति इसके तुरंत बाद चयन प्रक्रिया शुरू करेगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अनुराग आनंद ने पक्ष रखा। दरअसल, पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के मुख्य सचिव को निर्देश दिया था कि वे यह सुनिश्चित करें कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया चार सप्ताह के भीतर शुरू हो और अनुपालन हलफनामा दायर किया जाये।

# प्रशांत किशोर की हालत बिगड़ी, आइसीयू में शिफ्ट

- अनशन का छठा दिन, मेदांता में भर्ती हुए थे
- डॉक्टर बोले, डिहाइड्रेशन और इंफेक्शन है

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर का छठे दिन भी आमरण अनशन जारी है। सोमवार देर रात से उनकी तबीयत बिगड़ गयी। मंगलवार सुबह मेदांता अस्पताल के डॉक्टर अजीत प्रधान अपनी टीम और एंबुलेंस के साथ पीके के घर यानी शेखपुरा हाउस पहुंचे। शुरुआती जांच के बाद उन्हें मेदांता अस्पताल ले जाया गया। दोपहर में पीके को आइसीयू में शिफ्ट किया गया है। डॉक्टर प्रधान ने बताया कि उन्हें



डिहाइड्रेशन और इंफेक्शन की शिकायत हो रही है। फिहलाल उनकी स्थिति अभी स्थिर है। बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रशांत किशोर 2 जनवरी शाम 5 बजे से लगातार आमरण अनशन पर हैं।

गौरतलब है कि सोमवार को सिविल कोर्ट से गिरफ्तारी के 15 घंटे बाद बिना शर्त जमानत मिल गयी। इसके बाद कल देर शाम पटना स्थित शेखपुरा हाउस में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोर्ट ने हम लोगों के अनुरोध को स्वीकार करते हुए अनकंडीशनल बेल दी है। ये जनता का समर्थन है। बेऊर जेल में रखने के लिए उन लोगों के पास पेपर ही नहीं था। पेपर के इंतजार में बैठे रहे। तब तक कोर्ट का फाइनल निर्णय आ गया। प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरा अनशन जारी था, जारी है, जारी रहेगा।

## न्यूज रील्स

### भाजपा के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा की तबीयत बिगड़ी, मेडिका में भर्ती



रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष सह भाजपा के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा की तबीयत खराब हो गयी है। उन्हें रांची के मेडिका हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। वे लगातार मेडिका हॉस्पिटल के डॉक्टर के संपर्क में हैं। उनके स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं।

### एचएमपीवी वायरस के आठ मामले, राज्यों में एलर्ट जारी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। कोरोना जैसे वायरस एचएमपीवी के देश में आठ मामले हो गये हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र के नागपुर में दो मामले सामने आये। यहां एक 13 साल की लड़की और एक 7 साल का लड़का संक्रमित मिला है। दोनों ही बच्चों को लगातार सर्दी-बुखार था। इसके बाद प्राइवेट लैब की जांच में दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी। हालांकि इन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं करना पड़ा। इलाज के बाद उनकी स्थिति कंट्रोल में है। इससे एक दिन पहले कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और गुजरात में एक-एक केस मिलाकर वायरस के कुल 6 मामले सामने आये थे। इनमें ज्यादातर बच्चे हैं। केंद्र ने राज्यों को इंफ्लूएंजा लाइक इलनेस और सीवर एक्यूट रेस्परेट्री इश्यूज जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और एचएमपीवी के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव 5 फरवरी को

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों पर चुनाव आयोग ने तारीखों का एलान कर दिया है। दिल्ली में एक चरण में विधानसभा चुनाव होंगे। मतदान 5 फरवरी को होगा, जबकि मतगणना 8 फरवरी को होगी। यह जानकारी मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेस में दी। उन्होंने विपक्ष द्वारा लगातार विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वोटर लिस्ट में हेरफेर करने के आरोपों और इवीएम पर उठाये गये सवालों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ये सभी आरोप निराधार हैं। हमेशा सूची में कुछ नामों को जोड़ा जाता है और कुछ को हटाया जाता है। वोटर का





### दिल्ली में चुनाव कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| चुनाव की अधिसूचना | - 10 जनवरी |
| नामांकन की आखिरी तारीख | - 17 जनवरी |
| नामांकन पत्रों की जांच | - 18 जनवरी |
| नाम वापसी का अंतिम दिन | - 20 जनवरी |
| मतदान | - 05 फरवरी |
| मतगणना | - 08 फरवरी |

नाम हटाने पर पूरी प्रक्रिया का पालन होता है। राजनीतिक दलों की सहमति से ही वोटर लिस्ट अपडेट होती है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि हर गांव में हर पोलिंग स्टेशन पर जो भी ड्राफ्ट रोल है उसकी कॉपी प्रकाशित की जाती है। दो फीसदी से अधिक के नाम कटने से एआरओ और आरओ जाकर खुद चेक करते हैं। उन्होंने इवीएम पर बोलते हुए कहा कि चुनाव से पहले नयी बैटरी डाली जाती है। उसी दिन उसे सील किया जाता है। जिस दिन पोलिंग डे होता है, उस दिन सील पोलिंग एजेंट के सामने तोड़ी जाती है। मॉक पोल किया जाता है। पोलिंग एजेंट रिकॉर्ड रखते हैं, कौन आया कौन गया। किसमें कितने वोट पड़े, इसकी संख्या उनको दी जाती है। काउंटिंग के दिन भी पूरी प्रक्रिया दोहरायी जाती है। फॉर्म 17 सी से मिलान होता है। उसके बाद बाद पांच रेंडमली सिलेक्टेड वीवीपैट की गिनती भी की जाती है। सारी चीजों को बहुत बार चैलेंज किया गया है। हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इवीएम रद्द नहीं किया जा सकता है। इसके खिलाफ कोई पुख्ता नहीं नहीं है।

**2.08 लाख फर्स्ट टाइम वोटर :** राजीव कुमार ने कहा कि दिल्ली में 70 विधानसभा सीटें हैं, कुल 1.55 करोड़ मतदाता है, जिसमें से पुरुष मतदाताओं की संख्या 83.49 लाख है, महिला मतदाताओं की संख्या 71.74 लाख है।



# माइक्रोसॉफ्ट भारत में 25,722 करोड़ निवेश करेगा

- कंपनी के सीइओ सत्य नडेला ने किया एलान
- पीएम नरेंद्र मोदी से एक दिन पहले नडेला ने मुलाकात की थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के सीइओ सत्य नडेला ने मंगलवार को भारत में अगले दो साल में अपने क्लाउड और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) बिजनेस में 3 बिलियन डॉलर यानी 25,722 करोड़ रुपये के निवेश का एलान किया है। सत्य नडेला ने यह एलान माइक्रोसॉफ्ट अक टूर के बेंगलुरु फेज में किया। सत्य नडेला ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि देश के एआइ ट्रांसफॉर्मेशन में तेजी लाने में मदद करने के लिए भारत में एआइ इंफ्रास्ट्रक्चर और स्किलिंग में हमारे नये निवेश की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं। ।



**भारत में एआइ में बहुत संभावनाएं हैं:** भारत को एआइ-फर्स्ट नेशन बनाने में मदद करने के लिए कंपनी के प्रयासों के हिस्से के रूप में यह घोषणा की गयी है। नडेला ने पहले कहा था कि उनका मानना है कि भारत में एआइ में बहुत संभावनाएं हैं। सत्य नडेला ने यह भी कहा था कि वह चाहते हैं कि सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट इस तेजी से फैलती टेक्नोलॉजी के लाभों को प्राप्त करने में असिस्टेंट यानी सहायक की भूमिका निभाये।

**नडेला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी:** सोमवार को सत्य नडेला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की थी। इस मुलाकात की एक फोटो भी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फोटो शेयर कर नडेला ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, आपके नेतृत्व के लिए धन्यवाद। भारत को एआइ-फर्स्ट नेशन बनाने के हमारे कमिटमेंट को आगे बढ़ाने और देश में हमारे निरंतर विस्तार पर मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हैं। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस एआइ प्लेटफॉर्म शिफ्ट से हर भारतीय को लाभ मिले।

### माइक्रोसॉफ्ट के प्लांस के बारे में जान कर खुशी हुई: नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि सत्य नडेला से मिलकर बहुत खुशी हुई। भारत में माइक्रोसॉफ्ट के एक्सपेंशन और इन्वेस्टमेंट प्लांस के बारे में जान कर भी खुशी हुई। हमने इस मीटिंग में टेक, इनोवेशन और अक के कई पहलुओं पर चर्चा की।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 73,200 रु./10 ग्राम
चांदी 93,000 रु./प्रति किलो



# मंईयां सम्मान योजना सिर्फ योजना नहीं, एक हूल का आगाज है

- फूलो-झानो की धरती पर हेमंत की इस योजना ने झारखंड की महिलाओं की किस्मत बदल दी
- मंईयां सम्मान योजना ने झारखंड की महिलाओं के हाथों को मजबूत कर दिया
- कभी हाथ फैलाना पड़ता था, लेकिन आज उन्हीं हाथों से बच्चों की किस्मत संवार रहीं
- सम्मान से जी रही हैं मंईयां, इलाज, पढ़ाई और बचत का बड़ा आधार बना हेमंत का विजन
- अब गरीबों के बच्चों के नंगे बदन पर कपड़े भी आयेंगे और हाथों में किताबें भी आयेंगी
- अब पारिवारिक कलह की भी भेंट नहीं चढ़ेंगी झारखंड की बहन-बेटियां
- झारखंड गठन के बाद पहली ऐसी योजना, जो सीधे लाभुक के पास जा रही, न कोई बिचौलिया, न कोई दलाल
- हेमंत सोरेन ने मंईयां पर फूलों की बारिश तो की, बदले में रूह से निकली दुआ ले गये

**आजाद सिपाही विशेष**

रांची के नामकुम के खोजाटोली आर्मी कैंप मैदान में सोमवार को आयोजित मंईयां सम्मान समारोह में सीएम हेमंत सोरेन ने 56 लाख से अधिक महिलाओं के लिए वह कर दिखाया, जो आज तक झारखंड गठन के बाद किसी सरकार ने नहीं किया था। झारखंड की बहुचर्चित मंईयां सम्मान योजना के तहत 18-50 साल की महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये मिलने शुरू हो गये हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 56 लाख 61 हजार 791 लाभुकों के बैंक अकाउंट में 1415 करोड़ 44 लाख 77 हजार रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से भेज दी। मुख्यमंत्री ने जैसे ही पैसे ट्रांसफर का बटन दबाया, आतिशबाजियां हुईं। लाभुकों ने तालियां बजाते हुए सीएम का अभिवादन किया और ढेर सारा आशीर्वाद दिया। राज्य सरकार की ओर से यह पांचवीं किस्त दी गयी, जिसमें पहली बार बढ़ी हुई राशि 2500 रुपये महिला लाभुकों को दी गयी, इससे पहले 18-50 वर्ष की महिलाओं को एक हजार रुपये हर महीने दिये जा रहे थे। मंईयां सम्मान योजना झारखंड की महिलाओं के लिए सिर्फ एक योजना भर नहीं है, यह उन्हें वह ताकत प्रदान करती है, जिससे वे मुख्यधारा में खुद को जोड़ सकें। आज झारखंड की महिलाएं खुद पर इतराती हैं कि उन्होंने जिसे चुना, सही चुना। झारखंड विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने हेमंत सोरेन को दिल खोल कर आशीर्वाद दिया और बदले में हेमंत भी महिलाओं से किया हुआ वादा निभा रहे हैं। आज झारखंड की महिलाएं एकजुट होकर हेमंत सोरेन को आशीर्वाद दे रही हैं। यह वही हेमंत सोरेन हैं, जिन्होंने अपनी पांच महीने की जेल यात्रा के दौरान भी झारखंड की महिलाओं के उत्थान के लिए सोचा। उन्होंने जेल यात्रा के समय का भी सदुपयोग किया। उन्होंने दिखा दिया कि झारखंड में विकास के अंतिम पायदान पर खड़ी मां-बहनों का विकास वह जेल में रह कर भी कर सकते हैं। बस मंशा होनी चाहिए। मंईयां सम्मान समारोह में सोमवार को जैसे ही हेमंत सोरेन ने एंट्री मारी, मानो एक अलग सी ऊर्जा उस कार्यक्रम स्थल पर जागृत हो गयी। हेमंत सोरेन महिलाओं की खुशी को देख खुद को रोक न सके और उन्होंने महिलाओं के सम्मान में उन पर फूलों की वर्षा करनी शुरू कर दी। हेमंत सोरेन ने मंईयां पर फूलों की बारिश तो की, लेकिन बदले में रूह से निकली दुआ ले गये। कहते हैं दुआ नसीब वालों को ही मिला करती है, क्योंकि वह सीधे दिल से निकलती है, रूह से निकलती है। आज हेमंत सोरेन के विजन के चलते झारखंड के गरीब बच्चों के बदन पर कपड़े दिखने लगे हैं। हाड़ कंपाती ठंड में गरीब बुजुर्ग महिलाओं के शरीर पर स्वेटर, टोपी, शॉल और कंबल भी दिखने लगे हैं। मिट्टी वाले घरों के आंगन में बच्चों के हाथों में किताबें दिखाई देने लगी हैं। अब तो झारखंड की महिलाएं बचत की बात भी करने लगी हैं। इलाज के लिए उन्हें दूसरों का मुंह नहीं देखना पड़ता है, क्योंकि उनके हाथों में सम्मान राशि आने लगी है। 2500 रुपये महीना, यानी साल में 30 हजार कोई मामूली रकम नहीं। यह राशि झारखंड की महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। झारखंड गठन के बाद यह एकमात्र ऐसी योजना है, जहां लाभुकों को डायरेक्ट लाभ मिल रहा है। न इसमें कोई बिचौलिया है, न कोई दलाल। कैसे हेमंत सोरेन के एक विजन ने झारखंड की महिलाओं की किस्मत बदल दी, कैसे महिलाओं के हक के लिए एक और हूल का आगाज कर दिया है हेमंत सोरेन ने, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

## महिलाएं गर्व कर रही हैं, कह रही हैं, जिसे चुना, सही चुना

हेमंत सोरेन, वह नाम, जिस पर झारखंड की महिलाएं गर्व कर रही हैं। कह रही हैं, उन्होंने जिसे चुना, सही चुना। महिलाओं का कहना है कि आज तक उनके बारे में किसी भी सरकार ने नहीं सोचा था। यह हेमंत सोरेन की सरकार है, जिसने उनके बारे में सोचा। उन्हें उचित सम्मान दिलाने, उन्हें उनका हक दिलाने के बारे में सोचा। यह सोच संस्कार से ही आ सकता है। यह दिशोम गुरु शिबू सोरेन और उनकी पत्नी रूपी सोरेन के संस्कार ही हैं, जिन्होंने हेमंत सोरेन को इतना लायक बनाया। महिलाओं का मानना है कि हेमंत सोरेन बहुत ही भाग्यशाली हैं, जिनके पास पत्नी के रूप में कल्पना सोरेन हैं। कल्पना सोरेन झारखंड की महिलाओं के लिए एक आदर्श हैं। कल्पना सोरेन ने एक ऐसे वक्त में खुद को साबित किया, जब हेमंत सोरेन को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। और उस पर वह खरी भी उतरीं।

हेमंत सोरेन ने जिस उद्देश्य के साथ मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत की, वह उद्देश्य पूरा होता हुआ भी दिख रहा है। आज झारखंड की महिलाएं खुद को मजबूत महसूस कर रही हैं। कह रही हैं कि अब उन्हें किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है। अब अपने बच्चों को पढ़ाने, अपना इलाज कराने के लिए उन्हें किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। वे मजबूती के साथ अपने परिवार के पुरुष सदस्यों के साथ कंधे से कंधा मिला कर चल सकती हैं। वहां उपस्थित महिलाओं ने बताया कि यह राशि कैसे उनके लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि वह अपनी बच्ची को ट्यूशन नहीं पढ़ा पाती थीं, लेकिन अब पढ़ा पायेंगी। कई महिलाओं ने कहा कि वह अब हर महीने गैस सिलेंडर खरीदेंगी। एक महिला ने बताया कि उनके पति बीमार हैं और उनके लिए दवा खरीदने में दिक्कत आती थी, अब नहीं आयेगी। अब उनके पति जियेंगे। ऐसा नहीं है कि मंईयां सम्मान योजना अपनी तरह की कोई पहली योजना है। इस तरह की योजना कई राज्यों में सफलतापूर्वक चल रही हैं। जैसे मध्यप्रदेश में लाडली बहना योजना, महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना, छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना, कर्नाटक में गृहलक्ष्मी योजना, तेलंगाना में महालक्ष्मी योजना, हिमाचल प्रदेश में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना, पश्चिम बंगाल में लक्ष्मी भंडार योजना, ओड़िशा में सुभद्रा योजना और गुजरात में नमो श्री योजना भी सुर्खियों में है। लेकिन मंईयां सम्मान योजना सिर्फ एक योजना भर नहीं है। यह हेमंत सोरेन का झारखंड की महिलाओं के प्रति सम्मान है।

## एक हूल का आगाज कर दिया है हेमंत सोरेन ने

आखिर हेमंत सोरेन को ही झारखंड में ऐसी योजना लागू करने का खयाल कैसे आया। पहले किसी भी सरकार में ऐसी योजना को लागू क्यों नहीं किया गया। इसके पीछे भी कहानी है। हेमंत सोरेन झारखंड को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। उन्हें पता है कि झारखंड की महिलाओं को किन परेशानियों से गुजरना पड़ता है। हेमंत सोरेन अबुआ राज की बात करते हैं और अबुआ राज महिलाओं को सशक्त बनाये बिना हासिल नहीं किया जा सकता। 1855 में संथाल हूल के नायकों सिदो-कान्हू, चांद-भैरव ने अंग्रेजी सत्ता पोषित साहूकारी व्यवस्था के खिलाफ हथियार उठाया और आजादी की पहली लड़ाई लड़ी। तब उसमें उनका साथ उनकी दो बहनों, फूलो और झानो ने भी दिया था। यह इसलिए, क्योंकि आदिवासी महिलाएं पहले से ही सशक्त रहती आयी हैं। उन्हें समाज में अपना योगदान पता है। वर्ष 1899-1900 में बिरसा मुंडा के उलगुलान में भी महिलाओं की महती भूमिका थी।

बिरसा मुंडा की दो महिला अंगरक्षक भी थीं। सन 1930 के नमक सत्याग्रह के समय खूंटी के टाना भगतों की सभा में आधी संख्या महिलाओं की थी। 1978 में जंगल आंदोलन का दौर था। इसमें भी महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई थीं। लेकिन दुर्भाग्यवश फूलो-झानो की परंपरा धीरे-धीरे अपनी चमक खोती गयी। आज आदिवासी औरतों की आवाज दब सी गयी है। यही कारण है कि आदिवासी समाज के कुछ चिंतक, लेखक और समाज सुधारकों ने यह अफवाह फैला दी कि आदिवासी औरत स्वतंत्र-आजाद हैं। उन्हें बराबरी का हक मिला हुआ है। परंतु परिस्थितियां सोच के अनुरूप नहीं हैं। इसलिए झारखंड की महिलाओं के लिए, उनके मुद्दों के लिए एक और हूल की जरूरत थी। और उस हूल का आगाज कर दिया है हेमंत सोरेन ने। हेमंत सोरेन ने उन्हें सशक्त बनाने का जो बीड़ा उठाया है, वह किसी क्रांति से कम नहीं है।



> “महिलाओं का कहना है कि आज तक उनके बारे में किसी भी सरकार ने नहीं सोचा था। यह हेमंत सोरेन की सरकार है, जिसने उनके बारे में सोचा। उन्हें उचित सम्मान दिलाने, उन्हें उनका हक दिलाने के बारे में सोचा। यह सोच संस्कार से ही आ सकता है। यह दिशोम गुरु शिबू सोरेन और उनकी पत्नी रूपी सोरेन के संस्कार ही हैं, जिन्होंने हेमंत सोरेन को इतना लायक बनाया। आज झारखंड की महिलाएं, जो हेमंत सोरेन को झोली भर-भर कर आशीर्वाद दे रही हैं, उसके वह सही मायने में हकदार हैं। हेमंत सोरेन ने आखिर झारखंड की महिलाओं के लिए वह कर दिखाया, जिसकी वे हकदार बरसों से रही हैं। चुनाव के दौरान विपक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन यह सब चुनाव जीतने के लिए कर रहे हैं। लेकिन महिलाओं ने विपक्ष को ऐसा जवाब दिया कि आज विपक्ष चारों खाने चित है।

> “हेमंत सोरेन झारखंड को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। उन्हें पता है कि झारखंड की महिलाओं को किन परेशानियों से गुजरना पड़ता है। हेमंत सोरेन अबुआ राज की बात करते हैं और अबुआ राज महिलाओं को सशक्त बनाये बिना हासिल नहीं किया जा सकता। 1855 में संथाल हूल के नायकों सिदो-कान्हू, चांद-भैरव ने अंग्रेजी सत्ता पोषित साहूकारी व्यवस्था के खिलाफ हथियार उठाया और आजादी की पहली लड़ाई लड़ी। तब उसमें उनका साथ उनकी दो बहनों, फूलो और झानो ने भी दिया था। यह इसलिए, क्योंकि आदिवासी महिलाएं पहले से ही सशक्त रहती आयी हैं। उन्हें समाज में अपना योगदान पता है। वर्ष 1899-1900 में बिरसा मुंडा के उलगुलान में भी महिलाओं की महती भूमिका थी। बिरसा मुंडा की दो महिला अंगरक्षक भी थीं।

## हेमंत सोरेन की एक कल्पना ने झारखंड की महिलाओं की किस्मत बदल दी

झारखंड के आदिवासी समुदाय में लड़कियों के जन्म को गोहार भरने के साथ जोड़ा जाता है। लड़कियां सयानी बेटी के रूप में घर, परिवार और समाज में स्वीकार की जाती हैं। कन्या भ्रूण हत्या यहां न के बराबर है। अतः आदिवासी क्षेत्रों में लड़कियों की सघन उपस्थिति देखी जाती है। झारखंड के आदिवासी समुदाय के पास संघर्ष और आंदोलन का एक लंबा इतिहास है। आदिवासी समुदाय की महिलाओं को भी अपनी स्मृतियों को ताजा रखना होगा, वर्तमान यथार्थ पर बारीकी से विचार करना होगा, शिक्षा और जागरूकता से भविष्य के लिए सपने देखने होंगे।

आज झारखंड की महिलाएं, जो हेमंत सोरेन को झोली भर-भर कर आशीर्वाद दे रही हैं, उसके वह सही मायने में हकदार हैं। हेमंत सोरेन ने आखिर झारखंड की महिलाओं के लिए वह कर दिखाया, जिसकी वे हकदार बरसों से रही हैं। चुनाव के दौरान विपक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन यह सब चुनाव जीतने के लिए कर रहे हैं। लेकिन महिलाओं ने विपक्ष को ऐसा जवाब दिया कि आज विपक्ष चारों खाने चित है। आज झारखंड की महिलाएं आत्मविश्वास से लबरेज हैं। उनका खुद पर भरोसा बढ़ा है। आज वे अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की कल्पना कर सकती हैं। उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ सकती हैं। सच में हेमंत सोरेन की एक कल्पना ने झारखंड की महिलाओं की किस्मत बदल दी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.7 °c | 11.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.18 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |



### राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव 2024-25 का समापन

# आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतिनिधित्व करती है खादी : राज्यपाल

**कहा- भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक रही है खादी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड तथा ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह महोत्सव न केवल हमारी सांस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के लिए एक सशक्त मंच भी है। उन्होंने खादी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों का प्रतीक बताते हुए कहा कि खादी आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतिनिधित्व करती है। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक रही है और आज भी हमारे कारीगरों को रोजगार देने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और आत्मनिर्भरता को सशक्त बना रही है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन के कारण खादी को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से खादी को जन आंदोलन बनाने की उनकी पहल से ग्रामीण कारीगरों और श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

राज्यपाल ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से महिला उद्यमियों द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर हो सकती हैं, बल्कि देश की आर्थिक समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकती हैं। उन्होंने इस महोत्सव में भाग लेने वाले बुनकरों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन कारीगरों के श्रम और कौशल ने झारखंड के ग्रामीण उद्यमों की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित किया है। राज्यपाल ने आम जनमानस से खादी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को अपनाकर हम न केवल हमारे ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बना सकते हैं, बल्कि उनकी आर्थिक समृद्धि की दिशा में भी योगदान कर सकते हैं। राज्यपाल ने झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार और सभी स्टॉलधारकों एवं कारीगरों को इस आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

# इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य को प्राथमिकता दें सभी उपायुक्त : अलका तिवारी

**अधिकारियों को जमीन की समस्या दूर करने का भी निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**समन्वय बना कर निकालें समाधान**

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी उपायुक्त जिला स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों को प्राथमिकता देते हुए उसकी सतत निगरानी करें। अनावश्यक बाधा पहुंचाने वालों पर कार्रवाई करें। लगातार सभी विभागों से समन्वय बनाते हुए तय समय पर योजना पूरी करायें। इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों की बाधा को तत्काल दूर करें। विधि व्यवस्था, फॉरेस्ट क्लियरेंस और मुआवजा भुगतान के कारण कोई काम नहीं रुकना चाहिए।

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों को प्राथमिकता देकर उनमें आ रही रुकावटों को जिला स्तर पर ही दूर करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कारणों से प्रोजेक्ट रुक जाते हैं। उसकी लागत भी अनावश्यक रूप से बढ़ती है। इससे रिसोर्स का और राज्य का नुकसान होता है। अगर, थोड़ा सा अतिरिक्त ध्यान दिया जाये, तो जिला स्तर पर ही समस्या का समाधान हो जायेगा। वह मंगलवार को राज्य में नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, रेलवे ओवरब्रिज और राज्य सड़क निर्माण विभाग की उन योजनाओं की समीक्षा कर रहीं थीं, जो मुआवजा, भूमि अधिग्रहण, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विधि व्यवस्था जैसे कारणों से बाधित हैं। बताते चलें कि राज्य में एनएचएआइ की 38 हजार 483 करोड़ की योजनाएं चल रही हैं। वहीं अनेक रेलवे ओवरब्रिज का काम भी जारी है। राज्य सरकार की सड़कों का विस्तार और चौड़ीकरण की भी हजारों किलोमीटर का काम चल रहा है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रोजेक्ट पूरा होने में देरी से राज्य को केंद्र से सड़क निर्माण की नयी योजनाएं मिलने में दिक्कत हो रही है। राज्य में सड़क निर्माण में सबसे बड़ी बाधा भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विवाद है। मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान जब इस बाबत संबंधित उपायुक्तों का पक्ष जाना, तो लगभग सभी ने कुछ दिन और महीने के भीतर निर्माण में आ रही रुकावटों को दूर करने की बात कही। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि जो समयसीमा उपायुक्तों ने समस्या समाधान के लिए तय किया है, वे उसका पूरी क्षमता से पालन करें। ससमय रुकावट दूर करें। समस्या समाधान के लिए तय समय में बढ़ोत्तरी नहीं की जायेगी। समीक्षा के दौरान पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर समेत एनएचएआइ, वन विभाग आदि के अधिकारी भी मौजूद थे। वहीं सभी संबंधित उपायुक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

### मंत्री इरफान अंसारी के जनता दरबार में लोगों ने की शिकायतें

# किसी को मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिल रही, किसी को सीओ कर रहा परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नयी सरकार गठन के बाद से सीएम हेमंत सोरेन के साथ सभी मंत्री एक्शन मोड में दिखायी दे रहे हैं। सभी मंत्री जनता दरबार लगा कर लोगों की समस्या सुनने के साथ पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं। झारखंड कांग्रेस मुख्यालय में मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने जनता की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान कुल 40 शिकायतें मंत्री के पास पहुंचीं, जिसमें सबसे अधिक स्वास्थ्य से जुड़ी आठ शिकायतों के साथ नौकरी से संबंधित 7, जमीन विवाद और सीओ ऑफिस के 3 और थाना से संबंधित 2 आवेदन के साथ मंईयां सम्मान और अबुआ आवास से संबंधित शिकायतों को मंत्री ने सुना। साथ ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिये। जानता दरबार में पहुंचे नगड़ी अंचल के एक फरियादी ने बताया कि उसकी 14 डिसमिल जमीन को चार डिसमिल कर दिया गया। वह सुधार के लिए एक साल से अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। राजस्व कर्मचारी और सीआइ की तरफ से 10 हजार रुपये की मांग की जा रही है। वहीं दूसरे फरियादी फार्मासिस्ट थे। वह प्राइवेट कॉलेजों की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उनका कहना था कि परीक्षा में पैसा लेकर पास कर दिया जा रहा है, जिस पर लगाम लगाने की जरूरत है, क्योंकि अगर कोई फार्मासिस्ट बिना जानकारी के काम करता है तो वह गलत दवा दे सकता है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य का नुकसान होगा। स्वास्थ्य मंत्री से मिलने आये रांची के रिम्स में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मी ने स्वास्थ्य मंत्री से अपनी समस्याओं को अवगत कराया। कहा कि मेरी समस्या है कि विगत 6 वर्षों से कांट्रैक्ट बेसिस पर कार्य कर रहे हैं और परमानेंट करने की बात हमने रखी। स्वास्थ्य मंत्री की ओर से हमें आश्वस्त किया गया है। जनता दरबार में पहुंची एक फरियादी ने बताया कि उनके पिता जी को कैंसर है और उनका इलाज मुख्यमंत्री गंभीर योजना के तहत होना है। लेकिन अस्पताल के लोगों ने बताया कि फंड में राशि खत्म हो गयी है।

इसी बीच एक महिला के पति ने बताया कि उनकी पत्नी को अब तक मंईयां सम्मान की राशि नहीं मिली है। वहीं जनता दरबार में लोगों की समस्या सुन रहे स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोगों की परेशानियों से मैं अवगत होने के साथ आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दे रहा हूं। 14 के बाद आपको अच्छा परिणाम देखने को मिलेगा।

### मंईयां सम्मान योजना के नाम पर सुरक्षा से खिलवाड़

# थानों की गाड़ियों में पेट्रोल भराना भी अब आफत : बाबूलाल

**हिमाचल जैसे राज्यों की तरह झारखंड के सरकारी कर्मचारियों के वेतन के भी लाले न पड़ जायें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। राज्य की अर्थव्यवथा पर सवाल खड़ा किये। सोशल मीडिया (एक्स) पर लिखा कि सूचना आ रही है कि झारखंड मुख्यालय राजधानी रांची में थानों के पुलिस वाहनों में बकाया भुगतान नहीं होने के कारण पेट्रोल पंप वाले पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति नहीं कर रहे हैं। झारखंड के 25 वर्षों के इतिहास में ऐसी बदतर आर्थिक स्थिति कभी देखने को नहीं मिली। राज्य में जिस प्रकार से हत्या, लूट, बलात्कार, चोरी, डकैती की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में पुलिस की पेट्रोलिंग को बाधित करना राज्य को अपराध के मुंह में धकेलने जैसा है। ऐसा लगता है कि एक मंईयां सम्मान योजना में पीठ थपथपाने के लिए हेमंत सरकार ने सारे विभागों के बजट को डायवर्ट कर दिया है। मंईयां सम्मान के नाम पर बहन-बेटियों की सुरक्षा जो पहले से ही कमजोर है और कमजोर करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। जिस प्रकार से रोज नये कारनामे उजागर हो रहे और इंडी गठबंधन के नेता वादे से मुकरने लगे हैं। यह पूरी तरह राज्य की ध्वस्त अर्थव्यवस्था को उजागर कर रहा है। आने वाले दिनों में इसकी आशंका भी प्रबल हो रही है कि हिमाचल जैसे राज्यों की तरह झारखंड राज्य के सरकारी कर्मचारियों के वेतन के भी लाले न पड़ जायें।

# समाज के हर तबके को आप सरकार ने ठगा : प्रदीप वर्मा

**सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने दिल्ली में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**दिल्ली/रांची।** दिल्ली प्रदेश में होनेवाले विधानसभा चुनाव के निमित्त सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने सघन जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। आगामी विधानसभा चुनाव के आलोक में दिल्ली प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित स्वर्णकार सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकार दिल्ली वालों के लिए आपदा बन गयी है। समाज के हर तबके को इन्होंने ठगा और सत्ता हासिल किया। सड़कें-नालियां बदहाल स्थिति में हैं, लोग स्वच्छ पेयजल के अभाव में गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधा में गंभीर भ्रष्टाचार है। केंद्र की स्वास्थ्य योजनाओं से जनता को वंचित रखा जा रहा है। आप सरकार यमुना की सफाई में विफल हो गयी है, जनसरोकार से मुंह मोड़ लिया है, शिक्षा स्वास्थ्य और शराब में घोटाला करना, शीश महल का निर्माण करवाना इनकी प्राथमिकता हो गयी है। इस जनविरोधी भ्रष्टाचारी वादों से मुकरने वाली सरकार, जिसके कारण प्रदेश का विकास रुक गया है, उसे सबक सिखाना है। पिछले दस वर्षों से चल रहे इनके कुशासन को और जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकना है। इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा को अपना आशीर्वाद देकर डबल इंजन की सरकार बनायें, जनसरोकार को पूरा करने और प्रदेश एवं देश को मजबूत करने वाली सरकार बनायें।

# बाबूलाल मरांडी, संजय सेठ, अर्जुन मुंडा समेत 40 नेता के खिलाफ हाइकोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर रोक रखी जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में 23 अगस्त 2024 को भारतीय जनता युवा मोर्चा की मोरहाबादी मैदान में रैली के दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिसकर्मियों के साथ झड़प मामले में झारखंड बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद बीडी राम, संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत 40 आरोपियों की ओर से लालपुर थाने में दर्ज एफआइआर को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए समय की मांग की गयी। कोर्ट ने प्रार्थियों को सरकार के प्रतिशपथ पत्र का प्रतिउत्तर दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया।

अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। तब तक हाइकोर्ट ने बाबूलाल मरांडी समेत 40 आरोपियों के खिलाफ लालपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। कोर्ट में जिनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी है उनमें झारखंड बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद बीडी राम एवं संजय सेठ, पूर्व विधायक अमर कुमार बाउरी, सांसद ढुल्लू महतो, विधायक कुशवाहा शशि भूषण के अलावा भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव, शशांक राज, सत्येंद्र नाथ तिवारी, मंगल मूर्ति तिवारी, अर्पना सेनगुप्ता, अमित कुमार, अमरदीप यादव, नीरा यादव, आरती कुजूर, वरुण कुमार, इंदु शेखर मिश्रा, राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, आदित्य प्रसाद, सांसद विद्युत वरण महतो, रांची विधायक सीपी सिंह, भाजपा विधायक नवीन जायसवाल, संजीव विजयवर्गीय, कुणाल यादव, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, नारायण दास, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, केदार हाजरा, रमेश कुमार सिंह, पुष्पा देवी आदि शामिल हैं। मामले में लालपुर थाना में इनके खिलाफ कांड संख्या 203/ 2024 दर्ज किया गया है। बता दें कि मामले में लालपुर थाना ने 51 नामजद और 12 हजार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# डीजीपी, डीजी होमगार्ड हाइकोर्ट में हुए हाजिर

### कोर्ट ने अवमानना याचिका किया ड्रॉप

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने होमगार्ड जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने के मामले में दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान हाइकोर्ट में डीजीपी अनुराग गुप्ता और डीजी होमगार्ड अनिल पालटा कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने अवमानना याचिका को ड्रॉप करते हुए कहा कि चूंकि इस मामले में राज्य सरकार अपील (एलपीए) में गयी है, इसलिए होमगार्ड के जवानों का एरियर सरकार की अपील के फैसले पर निर्भर करेगा। कोर्ट ने कहा कि होमगार्ड को वर्तमान में मिल रही बढ़ी हुई सैलरी मिलती रहेगी। इससे पूर्व महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हाइकोर्ट के 25 अगस्त 2017 के प्रभाव से होमगार्ड जवानों को बढ़े हुए वेतन का लाभ देने के हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने हाइकोर्ट में अपील दाखिल की है। राज्य सरकार ने 10 अगस्त 2024 को होमगार्ड के जवानों को पुलिसकर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है। जिसके आधार पर वर्तमान में होमगार्ड जवानों को बढ़ी हुई सैलरी मिल रही है। होमगार्ड जवानों को एरियर भुगतान में कई वित्तीय कठिनाइयां भी हैं, सरकार स्तर पर अभी इस पर निर्णय नहीं हुआ है।

दरअसल, पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार को 25 अगस्त 2017 के प्रभाव से होमगार्ड जवानों को बढ़े हुए वेतन का लाभ देने का निर्देश दिया था। कहा कि आदेश की तारीख से पुलिसकर्मियों के समकक्ष होमगार्ड जवानों को समान कार्य के लिए समान वेतन का लाभ देना होगा। दो माह में एरियर का भुगतान करने का निर्देश दिया था। इसी आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने हाइकोर्ट में अपील दाखिल की है। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय प्रसाद ने अवमानना याचिका दायर की है। प्रार्थी ने एकल पीठ के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की है। इस मामले में राज्य सरकार की एसएलपी सुप्रीम कोर्ट से पहले ही खारिज हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाइकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया था तथा एसएलपी खारिज कर दी थी।

बता दें कि होमगार्ड जवानों अजय प्रसाद एवं अन्य ने पुलिसकर्मियों के समान वेतन और अन्य लाभ के लिए के लिए झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दायर की है।

# पंचायत से पार्लियामेंट कार्यक्रम में देशभर से 500 निर्वाचित जनप्रतिनिधि आदिवासी महिलाएं नयी दिल्ली पहुंची

**केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने झारखंड की 22 आदिवासी महिला प्रतिनिधियों का स्वागत किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**दिल्ली/रांची।** पंचायत से पार्लियामेंट कार्यक्रम में देशभर से 500 निर्वाचित जनप्रतिनिधि आदिवासी महिलाएं नयी दिल्ली पहुंची। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में झारखंड से भी 22 आदिवासी महिला प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। मंगलवार को उन सभी बहनों को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने नयी दिल्ली स्थित आवास पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ के साथ अभिनंदन किया। आवास पर इन सभी महिला जनप्रतिनिधि बहनों से संवाद किया। राष्ट्रीय महिला आयोग के द्वारा आयोजित कार्यक्रम ने ऐसी बहनों को बड़ा मार्गदर्शन देने का काम किया है। अब ये बहनें महिला सशक्तिकरण के साथ आदिवासी हितों की रक्षा सहित अन्य मुद्दे पर और भी मुखर होकर समाज के साथ खड़ी रहेंगी। साथ ही संसद भवन परिसर में स्थित भगवान बिरसा मुंडा एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय उपस्थित थे।







# आइएमए ने एचएमपीवी को बताया सामान्य वायरस

## साफ-सफाई में समझदारी बरतने की अपील की

**छोटे बच्चों, 60 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों का रखें ध्यान**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, झारखंड (आइएमए) ने वर्तमान में जारी एचएमपीवी वायरस को लेकर हेल्थ एडवाइजरी जारी की है। आइएमए अध्यक्ष (झारखंड) डॉ अरुण कुमार सिंह और सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने इसमें कहा है कि एचएमपीवी एक सामान्य वायरस है। इसका लक्षण कोविड-19 के समान है। पिछले कई दिनों से चीन के कुछ प्रदेशों में रेस्पिरेट्री सिंपटम्स वाले मरीजों की संख्या में बढोत्तरी हुई है। चीन द्वारा इसे सीजनल इंफ्लूएंजा माना जा रहा है। वर्ष 2024 में मलेशिया में 327 एचएमपीवी केस प्रतिवेदित हुए थे। भारत में दिसंबर 2024 में एसआरआइ के 714 केस रिकॉर्ड में आये। इसमें 9 मामले लैब टेस्ट में एचएमपीवी पॉजिटिव पाये गये।

**इन बिंदुओं का रखें ध्यान**

आइएमए के मुताबिक, एचएमपीवी एक रेस्पिरेट्री वायरस है जो सबसे पहले नीदरलैंड में वर्ष 2001 में आया। कफ, बुखार सांस संबंधी कुछ परेशानी इस वायरस के चलते आती है। एक बीमार व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में यह फैलता है। संक्रमित व्यक्ति को छूने से भी यह फैल सकता है। जाड़े के महीने में इसका असर प्रभावित व्यक्ति में करीब एक सप्ताह तक रहता है। इससे बचाव के लिए कोविड-19 के समान ही तरीका अपनायें। हाथों को साबुन और पानी से लगातार धोते रहें। गंदे हाथों से आंख, नाक या मुंह को टच ना करें। संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाये रखें। खांसते और छींकते समय मुंह को रुमाल से ढकें। संक्रमण की अवधि में खुद को घर में आइसोलेट कर लें। छोटे बच्चों, 60 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के मामले में विशेष ध्यान रखें।

# दो दर्जन से अधिक होर्डिंग्स के विरुद्ध की कार्रवाई

**रांची नगर निगम ने कचहरी चौक से हरिओम टावर तक चलाया अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रांची नगर निगम इन दिनों अवैध होर्डिंग्स के विरूद्ध कार्रवाई के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को कचहरी चौक से हरिओम टावर तक दो दर्जन से अधिक विज्ञापन पट्ट, होर्डिंग्स के विरुद्ध एक्शन लिया गया। सहायक प्रशासक, बाजार शाखा के पदाधिकारियों-कर्मियों, इंफोर्समेंट शाखा की टीम ने इस दौरान अभियान चलाते सभी सरकारी, निजी विज्ञापन पट्ट की जांच की। जेल चौक पर दो अवैध होर्डिंग्स को ध्वस्त कर दिया। जिन एजेंसियों (होर्डिंग्स संबंधी) का लाइसेंस कैंसिल दिखा, उन्हें दो दिनों के भीतर नवीकरण करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा न्यूक्लियस मॉल और हरिओम टावर में सेल्फ एडवटाइजिंग के लिए अधिष्ठापित बिना एनओसी प्राप्त विज्ञापन पट्टों को दो दिनों के भीतर एनओसी लेने को कहा गया। निगम के मुताबिक, अवैध होर्डिंग्स के विरुद्ध लगातार एक्शन अभी चलाया जायेगा।

# डीसी ने जारी किया व्हाट्सएप नंबर, दर्ज करा सकते हैं शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक पर एक पोस्ट जारी कर आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए नयी पहल शुरू की है। इसके जरिये राजधानीवासी अपनी शिकायत और समस्याएं सीधे व्हाट्सएप पर दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए एक नंबर 9430328080 जारी किया गया है। इस नंबर पर लोग अपनी समस्याओं को अबुआ साथी के तहत भेज सकते हैं। रांची प्रशासन की इस नयी व्यवस्था से आम लोगों की शिकायतों के समाधान में तेजी आयेगी। साथ ही किसी भी नागरिक को अपनी समस्याएं बताने के लिए किसी जनता दरबार में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा ये पहल जनता से जुड़ाव बढ़ाने में मददगार साबित होगी। रांची जिला प्रशासन का कहना है कि व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी शिकायतें भेजने वाले नागरिक अपनी समस्याओं का पूरा विवरण भेज सकते हैं। साथ ही अपना नाम और संपर्क का पता भी देना अनिवार्य है, ताकि कार्रवाई के बाद आपके साथ जानकारी साझा की जा सके। प्रशासन का उद्देश्य शिकायतों के निवारण में पारदर्शिता लाना और नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करना है। प्रशासन की इस पहल से नागरिकों को अपनी समस्याओं का समाधान जल्द और प्रभावी तरीके से मिल सकेगा।

# पेट्रोलकर्मी से लूट मामले में पुलिस ने अपराधी का किया पोस्टर जारी, बतानेवाले को मिलेगा 20000 रुपये इनाम

आजाद सिपाही संवाददाता




**इस नंबर पर सूचना दें**
एसएसपी रांची - 9431706136
ग्रामीण एसपी रांची - 9431706138
डीएसपी हेड क्वार्टर 2- 9431706142
रातू थाना प्रभारी - 9431706175

**रांची।** पेट्रोल कर्मी से लूटकांड मामले में पुलिस ने अपराधियों का पोस्टर जारी किया है। यह लूटकांड रातू इलाके में हुआ था। 26 दिसंबर 2024 को रांची के रातू थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से अपराधियों ने दिनदहाड़े करीब 14 लाख रुपये लूट लिये थे। पुलिस के द्वारा जारी की गयी प्रेस रिलीज में बताया गया है कि रांची के रातू थाना क्षेत्र में 26 दिसंबर को स्टेट बैंक काठीटांड के पास एक व्यवसायी से पैसे की लूट की गयी थी, जिसमें सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान हुई है। उक्त दोनों अपराधी के बारे में कोई भी जानकारी अगर किसी के पास हो तो, वह निःसंकोच होकर पुलिस को नीचे दिये नंबरों पर इसकी सूचना जरूर दें। सूचना देने वाले को 20 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। साथ ही सूचना देने वाले का नाम एवं पहचान पूरी तरह से गुप्त रखी जायेगी।

बता दें 26 दिसंबर की दोपहर रातू स्थित पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी 14 लाख रुपये लेकर बैंक में जमा करवाने के लिए निकले थे। बैंक से कुछ दूर पहले ही बाइक सवार दो अपराधियों ने कर्मचारी को रोका और पैसे भरा बैग छीनकर फरार हो गये। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हो गयी थी।

# पासवा अध्यक्ष ने 8 जनवरी से स्कूल खोलने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह को पत्र लिखकर सभी कक्षाओं के लिए स्कूल खोलने का अनुरोध किया है। आलोक कुमार दुबे ने पत्र में उल्लेख किया कि राजधानी रांची सहित कई जिलों में शीतलहरी और ठंड का विशेष प्रभाव नहीं देखा जा रहा है। ऐसे में स्कूलों को लंबे समय तक बंद रखना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि फरवरी महीने में बच्चों की परीक्षाएं निर्धारित हैं, और स्कूलों के बंद रहने से पाठ्यक्रम पूरा करने का दबाव बच्चों और अभिभावकों पर बढ़ता जा रहा है।

आलोक दुबे ने कहा कि पिछले 15 दिनों से स्कूल बंद हैं और 14 जनवरी तक बंद रहने का आदेश कहीं से भी तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को समय-समय पर परिस्थितियों का मूल्यांकन करते हुए निर्णय लेना चाहिए। आलोक दुबे ने यह भी कहा कि यदि भविष्य में ठंड या शीतलहरी का प्रकोप बढ़ता है, तो सरकार स्थिति का मूल्यांकन कर-के फिर से निर्णय ले सकती है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए स्कूल खोलना जरूरी है। आलोक कुमार दुबे ने बताया कि अभिभावकों, स्कूल प्रिंसिपलों और निदेशकों से बार-बार अनुरोध आ रहा है कि स्कूल बंद रहने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि 8 जनवरी से राजधानी रांची सहित उन जिलों में, जहां शीतलहरी का विशेष प्रभाव नहीं है, स्कूलों को खोला जाये ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो।

आलोक दुबे ने इस पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त, रांची को भी भेजी है ताकि इस विषय पर शीघ्र निर्णय लिया जा सके।

# इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में शैक्षणिक वर्ष-2025 में दाखिले के लिए प्रॉस्पेक्टस जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने शैक्षणिक वर्ष-2025 में दाखिले के लिए प्रॉस्पेक्टस जारी कर दिया है। प्रॉस्पेक्टस की घोषणा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) रमन कुमार झा और इक्फाई ग्रुप इंफॉर्मेशन डिपार्टमेंट (आइजीआइडी), हैदराबाद के वाइस प्रेसिडेंट श्रीकांत पोथुरी ने की। प्रॉस्पेक्टस में विश्वविद्यालय द्वारा पेश किये जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गयी है। इसमें कानून, वाणिज्य, अर्थशास्त्र और भाषा के क्षेत्र में नये कार्यक्रम भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. रमन कुमार झा ने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, अनुसंधान, कानूनी प्रथाओं, अतिरिक्त सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों आदि जैसे सभी क्षेत्रों में छात्रों को तैयार करने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है। श्रीकांत पोथुरी ने छात्रों को इक्फाई समूह द्वारा दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्ति और उत्कृष्ट प्लेसमेंट अवसरों की सहायता के बारे में बताया। विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्ति कार्यक्रमों की भी घोषणा की गयी है, जिनमें मेरिट छात्रवृत्ति, अर्ली बर्ड छात्रवृत्ति, और बीटेक का विकल्प चुनने वाले मेधावी छात्रों को 100 प्रतिशत पूर्ण छात्रवृत्ति देने का प्रावधान शामिल है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर डॉ जे बी पटनायक ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# डीएसपीएमयू का 48 सदस्यों का दल कोलकाता रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मंगलवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के 48 सदस्यों के दल को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने 38वें ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल 2025 में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय से रवाना किया। गौरतलब है कि आगामी 8 से 12 जनवरी तक सिस्टर निवेदिता यूनिवर्सिटी, कोलकाता में आयोजित किये जानेवाले 38वें ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल के लिए विश्वविद्यालय की ओर से 48 सदस्यों का दल वहां विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि हमेशा की तरह उन्हें पूर्ण विश्वास है कि विश्वविद्यालय के यह 48 चुने हुए प्रतिभागी हार जीत को अलग रखकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि हर यूथ फेस्टिवल में विश्वविद्यालय के प्रदर्शन में निरंतर श्रेष्ठता दिखती है, और इस बार भी ऐसा ही होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में निरंतर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है जो इस प्रकार के उच्च प्रतियोगिताओं के लिए एक पूर्वाभ्यास सा होता है। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने भी प्रतिभागियों को अपनी श्रेष्ठ प्रतिभा दिलाने के लिए शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय के इस 48 सदस्यीय दल का नेतृत्व डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ राहुल देव साव कर रहे हैं। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# नमो पतंग उत्सव 13 जनवरी को रांची में

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित नमो पतंग उत्सव 13 जनवरी 2025 को रांची के रातू रोड स्थित ओटीसी ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा। यह आयोजन मकर संक्रांति और लोहड़ी के अवसर

पर किया जा रहा है। उत्सव में भक्ति मय संगीत के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पतंग वितरण और उत्सव का भव्य आयोजन किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि यह आयोजन श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है और इसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे। इस आयोजन के संरक्षक केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हैं। संजय सेठ ने पतंग उत्सव की शुरूआत झारखंड में 2006 में की थी। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया जायेगा और सभी लोगों के लिए खिचड़ी के महाभोग की व्यवस्था की जायेगी। उत्सव को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया जायेगा, जिसमें कई सदस्य शामिल होंगे। यह आयोजन झारखंड के लोगों के लिए एक बड़ा आकर्षण होगा और उन्हें पतंग महोत्सव का पूर्ण आनंद लेने का अवसर मिलेगा। इस उत्सव को सफल बनाने में अजय मारू, पुनीत पोद्दार, कुणाल आजमानी, प्रमोद सारस्वत, राज वर्मा, रविंद्र मोदी, राम बांगड़, संजय सिंह, नीरज चौधरी, रमाशंकर बगड़िया, संतोष सेठ, अमित चौधरी, मनीष लोधा, संजय जायसवाल, ललित ओझा, सोनित अग्रवाल, सुबेश पांडेय, संजय पांडेय, आशीष अग्रवाल, संजय पोद्दार, कमलजीत सिंह शंटी, नीरज कुमार, सहित सैकड़ों की संख्या में समिति के सदस्य लगे हुए हैं।

## झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की आमसभा संपन्न, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की आमसभा मंगलवार को लाइन टैंक रोड स्थित ड्यूक मेंशन कार्यालय रांची के प्रांगण में संपन्न हुई। वार्षिक आमसभा में 2025 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारी की घोषणा की गयी। इसमें महासंघ के प्रदेश संरक्षक कमलाकांत झा, आलोक दुबे, अजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, प्रदेश महासचिव राकेश कुमार सिंह, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र पांडेय, प्रदेश सचिव रामाशंकर सिंह, आकाश भारती, ओमप्रकाश, प्रदेश कोषाध्यक्ष अमर मुंडा, प्रदेश संगठन मंत्री आनंद वर्मा, सुरेंद्र यादव, प्रदेश सलाहकार मंत्री विवेक कुमार सिंह, पलामू जिला अध्यक्ष रमाकांत दुबे एवं लोहरदगा जिला अध्यक्ष रंथू साहू को चयनित किया गया।**

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया



**हाजीपुर (आजाद सिपाही)। मंगलवार को मुख्यालय, हाजीपुर में 02 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिये। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।**

# श्रीमद्भागवतगीता कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं का लगा तांता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा-धाम मंदिर में आयोजित चार दिवसीय श्रीमद् भागवत गीता कथा के तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज ने उद्धव चरित्र रुक्मणी विवाह एवं कृष्ण सुदामा लीला की मार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया। महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण के प्रति गोपियों के हृदय में प्रेम का वर्णन करते हुए कहा कि उद्धव जैसे ज्ञानी को भी कहना पड़ा हे गोपियों तुम धन्य हो, तुम्हारा जीवन सफल है और तुम सारे संसार के लिए पूजनीय हो। कृष्ण-सुदामा के मार्मिक प्रसंग तथा कृष्ण सुदामा के मिलन पर पूरा मंदिर परिसर आनंदित भाव-विभोर हो गया। कथा के दौरान कलाकारों द्वारा कई प्रसंगों पर जीवंत अद्भुत झांकियां प्रस्तुत की। मनमोहक एवं आकर्षक झांकियां देखकर भक्तजन आनंद लेते हुए खूब झूमे, पूरा परिसर श्री कृष्ण के जयकारों से गुंजायमान हो गया। श्रीमद् भागवत कथा में स्वामी टहल किशोर महाराज, स्वामी श्यामानंद महाराज, जगत राज महाराज, स्वामी मोहन प्रियाचार्य जी महाराज द्वारा अमृत कथा, वाणी चर्चा एवं बीतक कथा तथा सुंदर सुमधुर भजनों का श्रवण करा कर सभी भक्तों को आनंद- विभोर कर दिया। महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन हुआ। शीश महल में विराजे भगवान श्री राधा-कृष्ण का दर्शन कर हजारों श्रद्धालुओं में बड़े ही उत्साह एवं उमंग का माहौल था। उक्त जानकारी ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी। इस मौके पर साध्वी मीणा महाराज, साध्वी पूर्णा महाराज, ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, नवल अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, विजय अग्रवाल, संजय सर्राफ, ओम सरावगी, निर्मल छावनिका, विष्णु सोनी, मनीष जालान, विशाल जालान, नंदू चौधरी, पूरणमल सर्राफ, सुरेश चौधरी, सुरेश भगत, शिव भगवान अग्रवाल, सुनील पोद्दार, चिरंजी लाल खंडेलवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## रांची में पेट्रोल पंपों ने पुलिस को फ्यूल देना किया बंद करोड़ों रुपये है बकाया

**रांची।** सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पेट्रोलिंग वाहन बहुत जरूरी है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि रांची में इन दिनों पेट्रोलिंग गाड़ियां अब पहले की तरह नहीं चल रही हैं। पेट्रोल पंपों पर करोड़ों रुपये से अधिक का बकाया हो जाने से पुलिस वाहन को ईंधन मिलना बंद हो गया है। इसके चलते पेट्रोल पंप संचालक अब उन्हें पहले की तरह ईंधन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, जिससे रांची में गश्ती वाहन प्रभावित हुआ है। पीसीआर गाड़ियों को खड़ा कर दिया गया है। बताया जाता है कि रामविलास पेट्रोल पंप से पुलिस वाहनों को डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति की जाती थी लेकिन पेट्रोल पंपों पर करोड़ों रुपये से अधिक का बकाया है।

## बड़गाईं अंचल अधिकारी को अंचल अधिकारी शहर रांची का प्रभार

**रांची (आजाद सिपाही)। बड़गाईं अंचल अधिकारी शिवशंकर पांडेय को अंचल अधिकारी शहर, रांची का प्रभार दिया गया है। शहर अंचल में होने वाले कार्य सुचारू रूप से हों इस आलोक में रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा शिवशंकर पांडेय को अंचल अधिकारी शहर का प्रभार दिया गया है। उपायुक्त द्वारा दाखिल-खारिज, सर्टिफिकेट एवं अन्य ऑनलाइन कार्य को लेकर ऑफिस आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो, यह सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया है। गौरतलब है कि दो जनवरी को राजस्व सेवा के अधिकारी और रांची के सदर सीओ मुंशी राम को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने गिरफ्तार किया था। मुंशी राम रांची के रहने वाले एक व्यक्ति से उसकी जमीन की मापी को लेकर 37 हजार की रिश्वत मांग रहे थे। पीड़ित ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो में की थी। मामले की तफ्तीश के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने रांची के कचहरी स्थित मुंशी राम के कार्यालय में छापेमारी की। 37 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मुंशी राम के घर पर भी छापेमारी की, जहां से 11 लाख 42 हजार रुपये नगद बरामद किये गये थे।**

# एलेक्सा रिसोर्ट में जुटे थे श्रीवास्तव गैंग के अपराधी, चार गिरफ्तार

**रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण में लगी एमजीसीपीएल कंपनी के बेस कैंप पर चली थी गोली**

**अपराधियों के पास से दो पिस्टल, तीन कार और 6 मोबाइल हुआ जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस काफी संवेदनशीलता से कार्रवाई कर रही है। अपराधियों की भनक लगते ही पुलिस ना सिर्फ अलर्ट हो रही है, बल्कि अपराधियों को दबोच भी रही है। रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड में एलेक्सा रिसोर्ट में जुटे अपराधियों को पुलिस ने भी बेहद नाटकीय तरीके से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी श्रीवास्तव गैंग से ताल्लुकात रखते थे। वे लोग वहां पतरातू क्षेत्र में ठेकेदारों को धमकाने की योजना बना रहे थे। मंगलवार को एसपी अजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि श्रीवास्तव गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें पतरातू थाने के स्टीम कॉलोनी निवासी दीपक कुमार, रोचाप गांव निवासी शहादत अंसारी, एहसान अंसारी और एक नाबालिक युवक शामिल है।



## अपराधियों में मचा हड़कंप

एसपी अजय कुमार ने बताया कि जैसे ही अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एलेक्सा रिसोर्ट को घेरा गया, वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू की, तो कुछ लोगों ने चलाकी भी बरती। वह अपना फर्जी नाम-पता बता कर भागने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन पुलिस को पहले पुख्ता जानकारी थी। कड़ाई से पूछताछ हुई और दीपक, शहादत, एहसान और एक अन्य अपराधी को दबोच लिया गया। दीपक और शहादत के पास से 9 एमएम का दो देसी पिस्टल और तीन जिंदा गोली बरामद हुई है। इसके अलावा अपराधियों की स्कॉर्पियों गाड़ी जेएच 01 डीसी 5893, सुजुकी कार जेएच 01 एफएच 8859, एक बिना नंबर की कार और 6 मोबाइल जब्त हुआ है।

**होटवार जेल में बंद अपराधियों के इशारे पर बनी योजना :** एसपी अजय कुमार ने बताया कि अपराधियों की इस मीटिंग का पूरा प्लान होटवार जेल में बना था। जेल में बंद अमन श्रीवास्तव, रियाज अंसारी, शिव शर्मा और रतन सिंह के द्वारा धमकी दिये जाने और रंगदारी वसूलने की योजना बनायी गयी थी। इस मीटिंग को सफल बनाने के लिए एलेक्सा रिसोर्ट के बाहर तीन लोगों को रेकी करने के लिए लगाया गया था। एहसान अंसारी और एक अन्य नाबालिक युवक इस रेकी में शामिल था, जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि दीपक कुमार और शहादत अंसारी का आपराधिक इतिहास रहा है।

टीम में एसडीपीओ पतरातू पवन कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार रजक सहित पतरातू थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## जेवर चुराने वाला चोर और सोनार गिरफ्तार



रामगढ़। घरों से जेवरात चोरी करने वाले चोर और जेवर गलाने वाले सोनार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर एसपी अजय कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शातिर चोर व्यापारी साहू उर्फ.नेपाली साहू पकड़ा गया है। एसपी ने बताया कि शातिर चोर को हजारीबाग जिला के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत मनुवा गांव से पकड़ा गया है। पूछताछ के दौरान उसने रामगढ़ और कुज्जू क्षेत्र में चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार अपराधी के घर से चोरी किया गया 40000 रुपये नगद, चार मोबाइल फोन, एक टैब और पांच चांदी का सिक्का भी बरामद हुआ है। उस अपराधी के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर जेवर गलाने वाले सोनार गोलपार निवासी ओमहरि सोनी को गिरफ्तार किया गया। ओमहरि सोनी की निशानदेही पर कांड में चोरी गये जेवरात को गलाकर बनाये गये विभिन्न प्रकार के आभूषण को उसके दुकान से बरामद किया गया है। बरामद आभूषण और सामान से संबंधित वैध कागजात की जब मांग की गयी तो उसके द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। एसपी ने बताया कि दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों को मंगलवार को जेल भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, सब इंस्पेक्टर ओमकार पाल, मंजेश कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, एएसआइ सुजीत कुमार सिंह, आरक्षी निकेत कुमार, मिथिलेश यादव, बसंत यादव, ओम प्रकाश शामिल थे।

# कुजू में सिखों ने प्रकाशोत्सव पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

**गुरु गुणगान से कोयलांचल क्षेत्र हुआ गुरुमय, पुष्प वर्षा के साथ स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव के मौके पर मंगलवार को कुजू गुरुद्वारा द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। आयोजित शोभायात्रा का शुभारंभ गुरुद्वारा प्रधान अरविन्दर सिंह बग्गा के कुंदरिया बांध, डटमामोड़ स्थित आवास से फूलों से सुसज्जित वाहन पर सवार पवित्र श्री गुरुग्रंथ साहिब के साथ किया गया। वहीं, भगवा वस्त्र धारण पंज प्यारे कुलबीर सिंह, सनप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, रंजीत सिंह, प्रभजोत सिंह व निशान साहिब लिए चरणजीत कौर, मीठी कौर, मनप्रीत कौर, सिमरजीत कौर, गुरप्रीत कौर शोभा यात्रा का नेतृत्व में कर रहे थे। वहीं, गुरु के वाहन के पीछे चल रही महिलाएं गुरु का गुणगान कर रहे थे। शोभायात्रा के दौरान प्रसिद्ध गायक जॉली छाबड़ा, गुड़िया छाबड़ा रायपुर, मोहन छाबड़ा धनबाद द्वारा गुरु गुणगान से कोयलांचल क्षेत्र गुरुमय हो गया। जबकि टाटा नगर के गतका पार्टी के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखा कर लोगो को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। कलाकारों ने आंख पर पट्टी बांधकर हथौड़े से नारियल फोड़े, तलवारबाजी समेत कई अद्भुत कारनामों की प्रस्तुति दी। यात्रा डटमामोड़, कुजू बस्ती, कुजू चौक, ट्रांसपोर्ट नगर आदि स्थानों का भ्रमण कर वापस गुरुद्वारा परिसर पहुंचे। इस दौरान जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल, वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरू जी की फतेह के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। वहीं, देर रात जमकर की गई आतिशबाजी से आसमान सतरंगी हो गया। यात्रा के दौरान कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जयकुमार ओझा व शिव मंदिर कुजू के समीप आरएसएस, हिन्दू जागरण मंच व विश्व हिंदू परिषद ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा के समापन के बाद संगत ने गुरु के अटूट लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा में धर्मराज राम, जिप सदस्य दयामन्ति देवी, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, अखिलेश सिंह, अजीत सिंह,आकाश ओझा, फुदन मिश्रा, गुरुद्वारा प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा, मंजीत सिंह पप्पू, अमरजीत सिंह छाबड़ा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, पाले गिल, गुरदीप सिंह गुंडे, रिक्की छाबड़ा, अरविंदर सिंह होरा, गुरमीत सिंह सलूजा, मंजीत सिंह शम्मी, दीपक सलूजा, सुरेश कपूर, गुरमीत बग्गा, अमरजीत सिंह बग्गा, सन्नी देओल, पप्पू, अंकित, रिंकल, सिरत, वर्षिप, देव बाबू, रश्मित, राजवीर, प्रीत, अंगद, यश, गोपी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# योजनाओं के प्रति लोगों को करें जागरूक: आयुक्त



**प्रमंडलीय स्तरीय समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक हुई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों के जिला समाज कल्याण पदाधिकारियों के साथ संबंधित विभाग द्वारा संचालित सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों का आधारभूत संरचना, पूरक पोषाहार, पोषण ट्रैकर एप पर एंट्री, डायनप्रथा उन्मूलन एवं सामाजिक कुरीति निवारण, विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम एवं विद्यालय की अद्यतन स्थिति सहित अन्य क्रियान्वित योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गयी।

सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि यह राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसका लाभ सभी जिले के शत-प्रतिशत सुयोग्य लाभुकों को दिया जाना है। बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि अनुमोदित आवेदनों का शत प्रतिशत राशि का भुगतान कर दिया गया है। नये आवेदनों का जांचोपरांत ससमय भुगतान कर दिया जायेगा।

कन्यादान योजनाओं की समीक्षा करते हुए आयुक्त को अवगत करवाया गया कि गुमला जिला के किस्को पंचायत में विवाह निबंधन पोर्टल में दिक्कत हो रही जिसके वजह से कई आवेदन लंबित हैं। आयुक्त ने जल्द से जल्द पोर्टल को ठीक कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री विधवा पुनर्विवाह योजना, विधवा महिलाओं को दूसरी शादी के लिए आर्थिक मदद सरकार के द्वारा की जाती है, इसका अधिक से अधिक प्रचार- प्रसार कराने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि नवंबर माह तक का पोषाहार हेतु राशि दे दी गयी है। आयुक्त ने कहा कि टीएचआर में किसी प्रकार गुणवत्ता से कोई खिलवाड़ नहीं हो, सभी को सही पोषण सही समय पर मिले। विभाग से आवंटन हेतु समय पर आकलन कर प्रतिवेदन भेज दें। बैठक में उप निदेशक कल्याण सहित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गुमला/ रांची/ खूंटी/ लोहरदगा एवं अन्य उपस्थित थे।

# लातेहार ने मांडर को हराकर कप पर जमाया कब्जा

## खेल में रोजगार की असीम संभावनाएं: विधायक संजय



**जिप उपाध्यक्ष टूटू सिंह ने कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है, खेल को खेल की भावना से खेलने की जरूरत है। आपसी एकता को मजबूती देने में सबकी सहभागिता जरूरी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पथरा पंचायत भाइचारा एकता कमेटी के तत्वावधान में आयोजित नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में मंगलवार लातेहार व मांडर के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें लातेहार ने मांडर की टीम को पेनाल्टी शूट में एक गोल से हराकर जीत दर्ज की। इससे पहले मुकाबले का शुभारंभ विधायक संजय सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार उर्फ टूटू सिंह, सद्भावना के संरक्षक एजाज हुसैन उर्फ छेदी खा, नपं के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार, बरवाडीह की जिप सदस्य शशि शेखर और पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान आदि ने गेंद को किक मारकर किया। इस अवसर पर विधायक संजय सिंह यादव ने कहा कि भाईचारा एकता कमेटी की ओर से नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का सफल संचालन बीते वर्षों से अनवरत जारी है। इस तरह के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। कहा कि खेल के दौरान अनुशासन को बरकरार रखने की जरूरत है। खेल में असीम संभावनाएं हैं। रोजगार के साथ क्षेत्र व समाज का नाम रोशन करने की जरूरत है। वहीं, जिप उपाध्यक्ष टूटू सिंह ने कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है। खेल को खेल की भावना से खेलने की जरूरत है, ताकि कमेटी का यह महत्वपूर्ण आयोजन जारी रहे। आपसी एकता को मजबूती देने में सबकी सहभागिता जरूरी है। संचालन जाकिर अली उर्फ राज अली ने किया। इस मौके पर राजद नेता विनय सिंह यादव, मुन्ना कुमार देव, अशोक यादव, कलामुदिन खान, अजय गुप्ता, पूर्व मुखिया टूना सिंह, पंसस कलावती देवी, कमेटी के संयोजक असलम अंसारी, मिथिलेश सिंह, बिहारी पासवान, प्रमोद सिंह, उप संरक्षक रंजय सिंह, सचिव अभय कुमार सिन्हा, उप सचिव राम प्रवेश सिंह, उपाध्यक्ष जयराम सिंह, अरबिंद कुमार सिन्हा और मो हेसाम आदि शामिल थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. 103-आरएनसी-डीसीई-सी-एसईआर-01-2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उप मुख्य अभियंता(निर्माण)/ राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: निम्नलिखित निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। निविदा नियत तिथि को 12.00 बजे बंद की जाएगी। **कार्यों का संक्षिप्त विवरण:** राँची में ऑफिसर रेस्ट हाउस (निर्माण), उप मुख्य अभियंता/निर्माण/राँची के कार्यालय और एसएसई/जेईई (निर्माण) के कार्यालयों का नवीनीकरण और पेंटिंग। **अनुमानित लागत:** रु. 51.35 लाख, **बोली प्रतिभूति:** रु. 1,02,700/-, **समापन अवधि:** 6 माह। **अंतिम तिथि:** दिनांक 07.02.2025, इच्छुक निविदाकार निविदाओं के संपूर्ण विवरण/ विवरण/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps. gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **टिप्पणी:** "संभावित बोलीदाता अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www. ireps.gov.in** देख सकते हैं।" **(PR-985)**

# दिवंगत समाजसेवी राजेश तुरी के परिजनों से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांके विधायक सुरेश बैठा सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मंगलवार को समाजसेवी राजेश तुरी के आकस्मिक निधन की खबर पाकर मंगलवार को मोहननगर स्थित स्वर्गीय राजेश तुरी के आवास पहुंचे और परिवार वालों से मिलकर दुख प्रकट करते हुए उन्हे सांत्वना दिया। मौके पर मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह, एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रदेश महासचिव विनय सिंहा दीपू, मिडिया चेयरमैन सतीशपाल मुंजनी, राजन सिंह राजा, राजेश सिंह मिंटू, तनवीर आलम, गोपाल सिंह, साबीर अंसारी, इंदिरा देवी, पिंकी सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजुद थे।

# शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव का 167वां शहादत दिवस समारोह आज

**खलारी (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी एवं शहीद टिकैत उमराव सिंह का 167वां शहादत दिवस डकरा में बुधवार को समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। समारोह की तैयारी को लेकर मंगलवार को डकरा वीआइपी सभागार में शहीद शेख भिखारी मेमोरियल सोसाइटी की बैठक में सोसाइटी के इकबाल हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि डकरा स्थित वीआइपी सभागार में दोपहर 12 बजे से स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी और शहीद टिकैत उमराव सिंह का 167वां शहादत दिवस समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा, विशिष्ट अतिथि के रूप मे एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता, संजीव कुमार,पीआर बरवार खलारी डीएसपी रामनारायण चैधरी, खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ट उपस्थित होंगे। वहीं इसके साथ क्षेत्र के सभी गणमान्य, बुद्धिजीवी वर्ग, समाज सेवी पंचायत प्रतिनिधि गण सहित ग्रामीण से इस शहादत दिवस समारोह में शामिल आग्रह किया। बैठक में इस्लाम अंसारी, जैनुल आबेदीन, नौशाद आलम, रिजवान अंसारी, हकीम खान, कलाम रिजवी असलम रिजवी, हैदर खान, मो नजीर, बाबुलाल उरांव, जुल्फान, मोबीन, रंजीत, इस्लाम सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# खलारी बीआरसी में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आदेशानुसार मंगलवार को प्रखण्ड संसाधन केंद्र खलारी में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की पहचान और विद्यालय से जोड़ने से संबंधित शिक्षक, आंगनवाड़ी सेविका और दिव्यांग बच्चों के अभिभावक का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बीपीओ सरवीर्नाथ चैरसिया ने उन्मुखीकरण कार्यक्रम के महत्व को बताते हुए कहा कि इसका उदेश्य सामान्य बच्चों एवं विशेष बच्चों को समान्तर शिक्षा देना है। आयोजित कार्यक्रम में समावेशी शिक्षक मनोज कुमार और बबीता कुमारी ने दिव्यांग्यता के कारण, पहचान, शिक्षा का महत्व, उनको आत्मनिर्भर बनाने हेतु जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीतीश, मधु, शिक्षक बंधु के आलावा आंगनबाड़ी सेविका, दिव्यांग बच्चे के साथ उनके अभिवावक और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**शपथ पत्र**



शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 907/89 दिनांक 04.01.2025 मै बिनोद महतो , पिता - कैला महतो, उम्र - लगभग 41 वर्ष, धर्म - हिन्दु, पेशा- कृषि, निवासी ग्राम- खपिया, पो0 - चैनपुर, थाना - गिद्दी ए, प्रखण्ड - डाड़ी, जिला - हजारीबाग, राज्य - झारखण्ड का स्थायी निवासी हूँ । मै शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ की :- 1. यह कि विकाश महतो, पिता-बिनोद महतो मेरा पुत्र है जिसका आधार कार्ड संख्या- 5812 3141 6508 है । जिसमें तथा अन्य कागजात तथा शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरे पुत्र का नाम विकाश महतो दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है । 2. यह कि मेरा पुत्र विकाश महतो बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा - गिद्दी, जिला - हजारीबाग का खाताधारी है जिसका संख्या - 482310510001219 है जिसका पासबुक मे मेरे पुत्र का नाम बिकु कुमार दर्ज है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम विकाश महतो है।
3. यह कि मेरे पुत्र के दोनो नामो को लेकर ग्राम पंचायत , होन्हे मोढ़ा, प्रखंड - डाड़ी, हजारीबाग के मुख्यिा - सिलबिना सोरेन, के द्वारा भी प्रमाणित किया गया है। 4. यह कि इस प्रकार उपरोक्त दोनो नाम विकाश महतो और बिकु कुमार एकहीं लड़का का नाम है जो मेरा पुत्र है । 5. यह कि मेरा पुत्र उपरोक्त दोनो नाम से जाना एवं पहचाना जाता है । 6. यह कि उपरोक्त विवरण सही है ।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा नोटिस सं०-38 ऑफ 2024-25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** निविदा सं०-10-डीडीयू-व०मं०इंजी०-III-24-25 वरीय मंडल इंजीनियर/III/ डीडीयू के अधिकार क्षेत्र के तहत जपला के सोननगर की ओर लाइन संख्या-5 के शंटिंग नेक (50 मीटर) का विस्तार। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत:** ₹ 2750352.85 **(iii) धरोहर राशि:** ₹ 55000.00 **(iv) ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 29.01.2025 को 12:00 बजे तक **(v) बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in

मंडल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01863/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/24-25/28

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

धनबाद मंडल के अंतर्गत कतरासगढ़, बरकाकाना, पतरातु, बरवाडीह, गढ़वा रोड, चौपन, रेणुकूट, हजारीबाग रोड, हजारीबाग टाउन और चंद्रपुरा स्टेशन का सफाई और हाउसकीपिंग का कार्य।

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "टू पैकेट बिड" पर ई-निविदायें आमंत्रित है: **(1) निविदा संख्या एवं दिनांक:** GEM/2025/B/5779023, दिनांक 03.01.2025 **(2) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** धनबाद मंडल के अंतर्गत कतरासगढ़, बरकाकाना, पतरातू बरवाडीह, गढ़वा रोड, चौपन, रणुकूट, हजारीबाग रोड, हजारीबाग टाउन और चंद्रपुरा स्टेशन का चार (04) वर्षो (अर्थात 1460 दिन) की अवधि के लिए सफाई और हाउसकीपिंग का कार्य। कार्य समापन अवधि-1 वर्ष। **(3) कार्य की अनुमानित लागत:** रू. 8,14,22,475.63 (आठ करोड़ चौदह लाख वाईस हजार चार सौ पचहत्तर रूपये एवं तिरेसठ पैसे) मात्र। **(4) बयाना राशि:** रू. 5,57,200.00 (पांच लाख संतावन हजार दो सौ रूपये) मात्र। **(5) ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** तारीख 24/01/2025 को 21:00 बजे। **ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** तारीख 24/01/2025 को 21:30 बजे। **(6) वेबसाईट विबरण:** https://www.gem.gov.in ई-निविदा के तहद मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01867/डीएचएन/एमईसीएच/टी/24-25/36

# कांग्रेस भवन में पूर्व सांसद शिव प्रसाद साहू की मनी जयंती



आजाद सिपाही संवाददता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान पर मंगलवार को पूर्व सांसद स्व। शिव प्रसाद साहू की जयंती कांग्रेस भवन रांची मनायी गयी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी समेत कांग्रेसजनों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू एक प्रतिभावान एवं परिश्रमी व्यक्ति थे। कार्यकर्ताओं का सम्मान करने एवं जनहित के मुद्दे पर सतत मुखर रहते थे। उनके व्यक्तित्व और उनके कार्य क्षमता का ही परिणाम रहा कि वह रांची लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद निर्वाचित हुए। कमलेश ने कहा कि शिव ने झारखंड अलग राज्य संघर्ष में अपनी अहम भूमिका अदा की थी। वे मृदु भाषी थे। अपने इसी स्वभाव के कारण झारखंड के गरीब जनता एवं कांग्रेसजनों को अपनी ओर आकर्षित करने में सक्षम रहे। आज स्वर्गीय साहू हमारे बीच नहीं है किंतु उनकी यादें हमारे दिल में मौजूद हैं। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति, आभा सिन्हा, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, कुमार राजा, राजेश सिन्हा सन्नी, नेलीनाथन, सुरेन राम, शशि भूषण राय, नरेंद्र लाल गोपी, केके गिरी, फिरोज रिजवी मुन्ना, जगन्नाथ साहू, प्रभात कुमार, अजय सिंह, नीतू देवी, मोहम्मद सत्तार, अजय मंडल, आकाश टोप्पो, राजीव प्रकाश चौधरी आदि शामिल थे।

# आइआइटी में महिला रिजर्वेशन के फायदे

देश के आइआइटी में लड़कियों के लिए रिजर्वेशन की व्यवस्था वहां जिस तरह के बदलाव ला रही है, वे चौंकाने वाले हैं। आरटीआइ आवेदन के जरिए निकाली गई सूचनाओं के मुताबिक पिछले छह वर्षों में हुए बदलावों से ये संस्थान अब अलग ही नजर आने लगे हैं। जैसे बंद पड़ी गाड़ी हलके से धक्के से स्टार्ट होकर रफ्तार पकड़ लेती है, कुछ उसी तरह रिजर्वेशन के इस धक्के के बाद आइआइटी में बदलाव की प्रक्रिया रफ्तार पकड़ने लगी। ज्यादातर आइआइटी ने 2018-19 में 14% रिजर्वेशन के साथ इस दिशा में कदम बढ़ाये थे। लेकिन 2019-20 में ही यह बढ़ कर 19% और 2020-21 तक ज्यादातर संस्थानों में 20% तक पहुंच गया। 2017 के मुकाबले 2024 में आइआइटी कानपुर में लड़कियों की संख्या 133% बढ़ी। आइआइटी रुड़की में यह इजाफा 76.36% रहा। अन्य आइआइटी में भी बढ़ोतरी इसके आसपास ही रही। दिल्ली और बॉम्बे आइआइटी जरूर इस मामले में अपवाद कहे जायेंगे कि वहां 20% लड़कियों की सीमा रिजर्वेशन की यह व्यवस्था लागू होने से पहले ही हासिल की जा चुकी थी। सबसे बड़ी बात, लड़कियों की बढ़ती संख्या ने इन संस्थानों के अंदर स्टूडेंट्स और टीचर्स के व्यवहार में ही नहीं, प्रशासन के नजरिए में भी बदलाव सुनिश्चित किये। न केवल गर्ल्स हॉस्टल्स और लेडीज वॉशरूम की संख्या बढ़ी, बल्कि गर्ल्स हॉस्टल्स के लोकेशन भी बदले गये। पहले गर्ल्स हॉस्टल कैंपस के किसी कोने में होते थे, लेकिन बाद के दिनों में ये एक्टिविटी सेंटर के करीब लाये गये। कैंपसों के स्पोर्ट्स कल्चर में भी बदलाव आया। खास तौर पर जेंडर सेंसिटाइजेशन बढ़ा। देखा गया कि रैगिंग या सेक्शुअल हैरासमेंट के मामले आने पर लड़कियों की ही गलती बताने की प्रवृत्ति कम हो रही है। इसमें दो राय नहीं कि समाज की तरह इन संस्थानों में भी अभी काफी कुछ किया जाना है, लेकिन बदलावों के ये उदाहरण बेहतरीन मिसाल तो पेश करते ही हैं।

**ज्यादातर आइआइटी ने 2018-19 में 14% रिजर्वेशन के साथ इस दिशा में कदम बढ़ाये थे। लेकिन 2019-20 में ही यह बढ़ कर 19% और 2020-21 तक ज्यादातर संस्थानों में 20% तक पहुंच गया।**

अभिमत

आजाद सिपाही

**जीवन बस अभी के पल को अर्थपूर्ण जीने और बनाने में है। यह क्षण ही जीवन है। जीवन प्रतिपल है। हमने अगर उस पल को खो दिया, तो पल-पल के साथ दिन, साल और अंततः जीवन भी खो देते हैं। यही प्रकृति का नियम है कि जो अभी है वह कुछ देर बाद नहीं होगा। सुबह का फूल शाम को मुरझा जाता है, यद्यपि वह पेड़ से जुड़ा होता है। इसी प्रकार जीवन में बूंद-बूंद सुख आते हैं, इकटठा सुख कभी नहीं बरसता है। सब कुछ बूंद-बूंद मिलता है। बस उसको ही स्वीकार करना होता है। एक पल ही अपना है, वहीं हमारे हाथ में आता है, फिर वह हमारे साथ नहीं रहता है। सुख बस उस क्षण को पूर्णतः में जीना है।**

# हमारा सबसे अच्छा दिन आज ही है!



डॉ मयंक मुरारी



**वर्तमान क्षण से हमारा क्या तात्पर्य है? हम पहले से ही मान लेते हैं कि हमें पता है कि क्या होना है, जबकि यह ऐसा नहीं है। वर्तमान क्षण पर ध्यान देने का एक तरीका है अतीत और भविष्य को छोड़ देना। हरिवंश राय बच्चन की कविता है- जो बीत गईं सो बात गईं...। इस बात पर चिंतन करते हुए ज्ञान बोध के साथ स्वयं आगे बढ़े, न कि हम अतीत की ओर देखें ?**

इस जगत में कुछ भी रुकता नही है। हमारे जीने के वर्षों की गणना संभव है, लेकिन जीवन उन वर्ष में सिमटा नहीं होता है। जीवन बस अभी के पल को अर्थपूर्ण जीने और बनाने में है। यह क्षण ही जीवन है। जीवन प्रतिपल है। हमने अगर उस पल को खो दिया, तो पल-पल के साथ दिन, साल और अंततः जीवन भी खो देते हैं। यही प्रकृति का नियम है कि जो अभी है वह कुछ देर बाद नहीं होगा। सुबह का फूल शाम को मुरझा जाता है, यद्यपि वह पेड़ से जुड़ा होता है। इसी प्रकार जीवन में बूंद-बूंद सुख आते हैं, इकटठा सुख कभी नहीं बरसता है। सब कुछ बूंद-बूंद मिलता है। बस उसको ही स्वीकार करना होता है। एक पल ही अपना है, वहीं हमारे हाथ में आता है, फिर वह हमारे साथ नहीं रहता है। सुख बस उस क्षण को पूर्णतः में जीना है। उस पल को पीना है। हम विराट की आशा करते है, और लघुता से असहमति जताते हैं। हमारी चाहत शाश्वत सुख की होती है और उस सुख के क्षण में स्थिर होना नहीं चाहते हैं। हम हर पल को नष्ट करते हुए शाश्वत को दूर करते जाते हैं।

**सुख क्षणिक है। उस पल की स्थिरता में ही शाश्वत का दर्शन है, उसमें ही विराट की अनुभूति है। कल जो बीत गया, वहीं श्रेष्ठ था।**

सुख क्षणिक है। उस पल की स्थिरता में ही शाश्वत का दर्शन है, उसमें ही विराट की अनुभूति है। कल जो बीत गया, वहीं श्रेष्ठ था। हमने उसे क्षणिकता में छोड़ दिया। सुख प्रतिपल है। जो सुख मैंने बीते कालखंड में बिताया, उसे अब दुबारा कहां पाया जा सकता है ? समय का सवाल उस सुख को अब सपना बना दिया है। उन सुनहरे पल के साथ सुख की धारा चली थी, संगीत की लहर बही थीं और परिवेश में एक मादक प्यास का आलम था। आज सब खत्म हो गया। ऐसे पल में एक पंक्ति याद आती है-कभी कभी दो लम्हों का साथ जिंदगी का प्रेम दे जाता है। और कभी-कभी जिंदगी भर का साथ भी दो लम्हों का सुकून नहीं दे पाता है। हमारी सुख हमारी इंद्रियों का मोहताज है। हमारी तार्किक बुद्धि हरेक सुख को दुखद अंत में बदल डालती है। हम अपने सुख की निंदा करते हैं। प्रेम की, मित्रता की, भोजन की और अपने शरीर की भी निंदा से नहीं चुकते हैं। वर्तमान का जीवन दुखी जीवन है जिसमें सुख के कोई पल नहीं है। बगीचा में ओस की बूंदों के कारण चमकने वाले फूल की पंखुड़ियां सदैव वैसी नहीं रहती है। इस कारण हम फूल के सौंदर्य को इंकार नहीं कर सकते हैं। ऐसा फूल नहीं मिलेगा, जो खिला रहे।

शक्ति क्षण में ही नीहित है। इस पर प्रख्यात लेखक द्वय स्विच और मेड टू स्टिक ने एक किताब लिखी है, जिसका नाम है- दी पावर ऑफ मोमेंट। इसमें उन्होने इस का पता लगाया है कि कुछ संक्षिप्त अनुभव हमें कैसे झकझोर सकते हैं, हमें ऊपर उठा सकते हैं और हमें बदल सकते हैं - और हम अपने जीवन और काम में ऐसे असाधारण क्षणों का निर्माण कैसे कर सकते हैं। जबकि मानव जीवन अंतहीन रूप से परिवर्तनशील है। हमारे जीवन में क्षण भी निर्णायक हो सकते है। इस किताब में बताया गया है कि हमारे सबसे यादगार सकारात्मक क्षणों में चार तत्व हावी होते हैं- उत्थान, अंतर्दृष्टि, गर्व और संबंध। यदि हम इन तत्वों को अपनाते हैं, तो हम और अधिक महत्वपूर्ण क्षणों को याद कर सकते हैं। क्यों हम किसी अनुभव के सबसे अच्छे या सबसे बुरे पल को याद रखते हैं, साथ ही अंतिम पल को भी, और बाकी को भूल जाते हैं ? क्यों जब चीजें निश्चित होती हैं तो हम सबसे अधिक सहज महसूस करते हैं, लेकिन जब वे निश्चित नहीं होती हैं तो हम सबसे अधिक जीवंत महसूस करते हैं। और क्यों हमारी सबसे प्रिय यादें हमारी युवावस्था के दौरान एक संक्षिप्त अवधि में एकत्रित होती हैं ? हममें से अधिकतर लोग जीवन को अपने से दूर जाने देते हैं। हम जीते नहीं। हम बस मौजूद रहते हैं, लेकिन सवाल जरूर करते है कि समय नहीं मिलता है ! काफी व्यस्त जिंदगी है। अगर हम हर पल का सबसे अच्छा उपयोग करते हैं तो ही जीवन सफल बनता है।

हमारे जीवन में कई निर्णायक क्षण संयोग या दुर्भाग्य के परिणाम होते हैं - लेकिन हम अपने सबसे सार्थक, यादगार और ऊर्वर क्षणों को संयोग पर क्यों छोड़ना चाहेंगे ! सभी क्षण समान नहीं होते हैं तो सभी क्षण में से कुछेक की यादें हमारे साथ चलती है। हमारी स्मृति उन्हीं क्षण को याद रखती है जो हमारे जीवन में अर्थपूर्ण होते हैं, ऊंचाई की ओर ले जाते है या हमका दुख का कारण बन जाते हैं। हम किसी क्षण को तभी अर्थपूर्ण बना पायेंगे, जब हमारी अंतर्दृष्टि सहज रहेगी। अंतर्दृष्टि सहज होने पर हमारा नजरिया बदल जाता है और जीवन जीने के तरीके में भी बदलाव आ जाता है। ऐसी स्थिति में हम खुद सत्य को जानते हैं उसके साथ रहना पसंद करते हैं। यह सकारात्मकता को बढ़ता है और दूसरों की पहचान में मदद करता है। कभी-कभी मोमेंट के कुछेक शब्द ही जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। परिवर्तन उसी क्षण संभव है जब हम चीजों की वास्तविकता को उसी रूप में स्वीकार कर लेते हैं, जैसी वे हैं। भविष्य चिंता, पछतावा, योजना, दिवास्वप्न आदि चरित्रगत बातों को छोड़ना सीख सकं तो हमारी दुनिया अधिक सरल, दयालु और आकर्षक बन जायेगी।


वर्तमान क्षण से हमारा क्या तात्पर्य है? हम पहले से ही मान लेते हैं कि हमें पता है कि क्या होना है, जबकि यह ऐसा नहीं है। वर्तमान क्षण पर ध्यान देने का एक तरीका है अतीत और भविष्य को छोड़ देना। हरिवंश राय बच्चन की कविता है- जो बीत गईं सो बात गईं...। इस बात पर चिंतन करते हुए ज्ञान बोध के साथ स्वयं आगे बढ़े, न कि हम अतीत की ओर देखें ? टेरेसा अमाबिले और स्टीवन क्रेमर ने द प्रोग्रेस प्रिंसिपल में बताया है कि कार्य के दौरान खुशी, जुड़ाव और रचनात्मकता को उर्वर बनाने के लिए छोटी जीत या खुशी का उपयोग करना चाहिए। प्रगति को सक्षम करने वाली दो शक्तियों को सक्रिय करना होता है। पहली शक्ति उत्प्रेरक है, जो सीधे कार्य को सुविधाजनक बनाती हैं। दूसर तत्व पोषक है। पारस्परिक घटनाएं जो लोगों का उत्थान करती हैं, जिसमें प्रोत्साहन और सम्मान और सहकारिता का प्रदर्शन शामिल है। दूसरों को पहचानें, तो कभी-कभी कुछ सकारात्मक शब्द ही प्राप्तकर्ता के लिए गर्व का बड़ा क्षण बन सकते हैं। समय में रिश्तों को मजबूत करने की शक्ति होती हैं। एक सार्थक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक साथ काम करना शक्तिशाली हो सकता है। इसमें रोचक कहानी, प्रेरणा और खट्टे मीठे अनुभव होते हैं, जो जीवन में शक्तिशाली क्षणों को बार-बार लाते हैं।

**(लेखक : विचारक और लेखक हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# गृह मंत्री अमित शाह ने किया भारतपोल का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में भारतपोल पोर्टल लांच किया और कहा कि यह पहल आने वाले दिनों में हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए स्तर पर ले जायेगी। शाह ने कहा, भारतपोल हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नये युग में ले जायेगा। सीबीआइ इंटरपोल के साथ काम करने वाली एकमात्र एजेंसी थी, लेकिन भारतपोल के लॉन्च होने से हर भारतीय एजेंसी और सभी राज्य पुलिस बल आसानी से इंटरपोल से जुड़ सकेंगे। यह पोर्टल इंटरपोल के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों को सुव्यवस्थित करेगा, जिसमें रेड नोटिस और अन्य रंग-कोडित इंटरपोल नोटिस जारी करना भी शामिल है। गृह मंत्री अमित शाह ने भारतपोल पोर्टल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसके माध्यम से हमारे देश के पुलिस विभाग विभिन्न प्रकार के वैश्विक अपराधों का अध्ययन और विश्लेषण करेंगे, जिससे हम इन अपराधों को अपने देश में होने से पहले ही रोकने के लिए एक ढांचा तैयार कर सकेंगे। उन्होंने कहा, इसके माध्यम से हम अनेक अंतरालों को पाटने, ढेर सारी जानकारी प्राप्त करने तथा विभिन्न प्रकार के वैश्विक अपराधों का सटीकता से विश्लेषण करने में सक्षम होंगे, जिससे हम इन अपराधों को हमारे देश में घटित होने से पहले ही रोकने के लिए एक ढांचा तैयार कर सकेंगे। उन्होंने कहा, भारतपोल के साथ, देश की हर एजेंसी और राज्य पुलिस बल अपनी जांच में तेजी लाने के लिए इंटरपोल से जुड़ सकेंगे।

अमित शाह ने यह भी कहा कि भारतपोल न केवल अपराधियों का पता लगाने में सहायता करेगा, बल्कि हमारे देश में अंतर्राष्ट्रीय अपराधियों का पता लगाने के लिए एक प्रणाली स्थापित करने में भी मदद करेगा। गृह मंत्री शाह ने कहा, भारतपोल के माध्यम से हम अपने अपराधियों का पता लगाने में सक्षम होंगे और भारत में दुनिया भर के अपराधियों का पता लगाने के लिए एक सुव्यवस्थित प्रणाली भी स्थापित करेंगे। इसके अतिरिक्त, 195 देशों को कवर करने वाले इंटरपोल के संदर्भों के साथ, इंटरपोल चैनल के माध्यम से जांच के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहायता प्रदान करना और प्राप्त करना बहुत आसान हो जायेगा। इस कार्यक्रम में शाह ने 35 सीबीआई अधिकारियों/कर्मचारियों को पुलिस पदक भी प्रदान किये, जिन्हें विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया गया है।

# अमेरिका में भयंकर बर्फीले तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त, बिजली बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता



**अमेरिका।** अमेरिका में भयंकर बर्फीर्ले तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बर्फीर्ले तूफान के कारण लाखों लोग अपने घरों में फंस गये हैं। सड़कें जाम हो गयी हैं। कुछ लोगों की जान भी चली गयी है। पूर्वी तट से लेकर न्यूजर्सी तक बर्फीर्ले तूफान से 60 मिलियन से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। बर्फबारी, बर्फ, तेज हवाओं और तापमान में गिरावट के कारण अमेरिका के कुछ हिस्सों में हालात खतरनाक हो गये हैं। बर्फीर्ले तूफान ने देश में हर किसी को डरा दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वर्जीनिया में 175,000 से ज्यादा लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। बर्फीर्ले तूफान के कारण 2,400 उड़ानें रद्द कर दी गयी हैं। एक हजार से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई है। बर्फीर्ले तूफान के कारण रेलवे यात्रा बुरी तरह प्रभावित हुई है। 50 से ज्यादा ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। सड़कों पर 18 इंच बर्फ जमी हुई है। अमेरिका में लगातार बर्फबारी के कारण कई सड़कें बंद हो गयी हैं। कई एयरपोर्ट बर्फ की मोटी परत से ढके हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, बर्फीर्ले तूफान के कारण कई इलाकों में तापमान न्यूनतम माइनस 18 डिग्री तक पहुंच गया है। विभाग ने लोगों को बहुत जरूरी न होने पर घरों से बाहर न निकलने की चेतावनी दी है। बर्फीर्ले तूफान और सर्द हवाओं के कारण जनजीवन लगातार प्रभावित हो रहा है। अमेरिका में बर्फीर्ले तूफान के कारण कई राज्यों में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गयी है। साथ ही लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गयी है। इस बर्फीर्ले तूफान के कारण पूरे अमेरिका में करीब 60 मिलियन लोग प्रभावित होंगे। देश के उत्तर-पश्चिम में रॉकी पर्वतों में मोंटाना से लेकर मैरीलैंड, डेलावेयर और वर्जीनिया के तटीय राज्यों तक शीतकालीन तूफान की चेतावनी जारी की गयी है।

# राज्य में एचएमपीवी वायरस को लेकर घबराने की नहीं, सतर्कता बरतने की जरूरत: मंत्री हसन मुश्रीफ

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** नागपुर में दो संदिग्ध मामले सामने आने के बाद महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सह-रुग्णता वाले बच्चों और बुजुर्गों को सतर्क रहने की जरूरत है। एचएमपीवी वायरस पर आयोजित बैठक में बोलते हुए मुश्रीफ ने कहा, एचएमपीवी वायरस का असर दुनिया के कई देशों में देखा जा रहा है। घबराने की जरूरत नहीं है। 5 मरीजों में से एक मरीज को छुट्टी दे दी गयी है। बाकी मरीज ठीक हो रहे हैं। सह-रुग्णता वाले बच्चों और बुजुर्गों को सतर्क रहने की जरूरत है। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दिनेश वाघमारे, आयुक्त राजीव निवतकर, संचालक डॉ अजय चंदनवाले, आयुष विभाग के संचालक डॉ रमन घुंगरालकर सहित राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों के डीन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। हसन मुश्रीफ ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि कुछ राज्यों में एचएमपीवी के मामले पाये गये हैं। हमारे राज्य के नागरिकों को घबराना नहीं चाहिए क्योंकि सरकार जल्द ही इस स्थिति के बारे में व्यापक दिशा-निर्देश जारी करेगी और इस बीमारी को नियंत्रित करने के लिए निवारक उपाय करेगी। उन्होंने कहा, सभी प्रधानाचार्यों को दवाओं, ऑक्सीजन और आइसोलेशन के साथ संभावित परिस्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्हें अतिरिक्त और प्रचुर मात्रा में दवाओं के लिए संबंधित जिले के जिला कलेक्टर से संपर्क करना चाहिए। मंत्री मुश्रीफ ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य में इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए और प्राचार्य सतर्क रहें तथा अपने अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द करें। उन्होंने नागरिकों से दिशा-निर्देशों का पालन करने और लोगों में इस बीमारी के बारे में जागरूकता पैदा करने की अपील की है। निवारक उपायों और सावधानियों के तहत स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को टिशू से ढकें। बुखार, खांसी या जुकाम जैसे लक्षण होने पर मरीजों को डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। इस बीच, देश में एचएमपीवी के पांच मामले सामने आए हैं, जिनमें से दो मामले बेंगलुरु, एक अहमदाबाद और दो संदिग्ध मामले नागपुर में हैं। एचएमपीवी एक ऐसा वायरस है जो सांस संबंधी बीमारियों से जुड़ा हुआ है। हालांकि, भारत में इसके मामलों में कोई असामान्य वृद्धि नहीं हुई है।

## कर्नाटक में दिल का दौरा पड़ने से नाबालिग की मौत



**बेंगलुरु (आजाद सिपाही)। कर्नाटक में एक दुखद और दिल दहला देने वाली घटना में, एक आठ वर्षीय लड़की की कथित तौर पर दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी। घटना के समय लड़की कक्षा में थी। शिक्षिका को अपनी नोटबुक दिखाने के लिए अपनी सीट से उठी ही थी कि वह दीवार से चिपक गयी और बेहोश हो गयी। यह घटना कर्नाटक के बेंगलुरु शहर से करीब 175 किलोमीटर दूर चामराजनगर के एक निजी स्कूल की है। लड़की की पहचान तेजस्विनी के रूप में हुई है। अपनी बेटी की मौत की खबर सुनकर लड़की के परिवार में मातम छा गया।**


# शिजांग भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 95 हो गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

बीजिंग। सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, शिजांग स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर के डिंगरी काउंटी में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 95 हो गयी है, जबकि प्रारंभिक संख्या 53 बतायी गयी थी। इससे पहले, क्षेत्रीय आपदा राहत अधिकारियों के हवाले से शिंहुआ ने 53 लोगों की मौत और 62 लोगों के घायल होने की सूचना दी थी। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार दोपहर को बताया कि 130 अन्य लोग घायल हुए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी शिंहुआ ने बताया कि भूकंप का केंद्र टिंगरी काउंटी में 1,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गये हैं। भूकंप के केंद्र के पास का इलाका कम आबादी वाला है। माना जाता है कि भूकंप के केंद्र के 20 किलोमीटर के दायरे में 27 गांवों में लगभग 6,900 लोग रहते हैं। भूकंप के केंद्र से सबसे नजदीकी प्रमुख शहर शिगात्से शहर है, जो लगभग 180 किलोमीटर दूर है। भूकंप के बाद एक बयान में, चीनी नेता शी जिनपिंग ने अधिकारियों से जीवित बचे लोगों की खोज और बचाव, हताहतों की संख्या को कम करने, प्रभावित निवासियों को उचित रूप से समायोजित करने और सर्दियों की ठंड में उनकी सुरक्षा और गर्मी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आह्वान किया, सीएनएन ने बताया। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 09:05 बजे 10 किलोमीटर की गहरायी पर 7.1 तीव्रता का भूकंप आया और उसके बाद कई झटके आये। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के अनुसार, कुल 49 झटके दर्ज किये गये। थिएटर कमांड की वायु सेना ने तुरंत एक आपदा राहत आपातकालीन योजना को सक्रिय कर दिया, साथ ही आपदा राहत में सहायता के लिए परिवहन और चिकित्सा विमानों, हेलीकॉप्टरों और जमीनी बलों की एक टीम को स्टैंडबाय पर रखा गया है। इन क्षेत्रों में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# सभी को ससमय खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करें पदाधिकारी: अध्यक्ष शबनम

**झारखंड राज्य खाद्य आयोग रांची की प्रभारी अध्यक्ष -सह- सदस्य शबनम परवीन की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** प्रभारी अध्यक्ष -सह- सदस्य झारखंड राज्य खाद्य आयोग रांची शबनम परवीन के द्वारा भंडरिया प्रखंड के बिजका ग्राम में प्राप्त शिकायत के अलोक में स्थल भ्रमण किया गया। इसके दौरान अध्यक्ष शबनम परवीन ने बताया कि माह जून 2024 में राशन नहीं मिलने की शिकायत आयोग को व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त हुई थी। जिसके समाधान हेतु आज भंडरिया प्रखंड के ग्राम बिजका में प्राप्त शिकायत के निवारण हेतु स्थल निरीक्षण का कार्य किया गया। पंचायत भवन बिजका में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों कई समस्याओं के बारे में पूछी गयी तथा स्वयं स्थल निरीक्षण कर वास्तविक वस्तु स्थिति की जांच की गयी। बिजका ग्राम के कुल 45 परिवारों को विगत एक वर्षों से राशन नहीं मिलने की शिकायत को अध्यक्ष श्रीमती परवीन द्वारा जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी को 15 दिनों के अंदर मामले को सुलझाते हुए आयोग को प्रतिवेदित करने का निदेश दिया गया। बैठक के दौरान आमजनों की एक-एक समस्याओं को सुना गया और उनके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया गया।

स्थल भ्रमण के पश्चात परिसदन भवन गढ़वा के सभागार में अध्यक्ष झारखंड राज्य खाद्य आयोग रांची परवीन की अध्यक्षता में उपायुक्त शेखर जमुआर, अपर समाहर्ता -सह- जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी राज महेश्वरम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडे समेत जिले के सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम भंडरिया प्रखंड के बिजका ग्राम के 45 परिवारों को पिछले एक वर्षों से नहीं मिलने वाले राशन के शिकायत का निवारण करने हेतु जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी को निर्देशित किया गया और अगले 15 दिनों के अंदर मामले को सुलझाते हुए आयोग को प्रतिवेदन करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा उक्त समस्या के त्वरित निष्पादन हेतु जिला निवारण पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी और विशेष रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी भंडरिया को उक्त सभी शिकायतकर्ता लाभुकों को 09 जनवरी 2025 को जिला कार्यालय में बुलाकर समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने हेतु निदेशित किया गया। उक्त समीक्षात्मक बैठक के दौरान जिले में खाद्यान्न वितरण से संबंधित आमजनों से प्राप्त अन्य समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए ससमय निष्पादित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। इसके अतिरिक्त जिले में उपलब्ध आकस्मिक खाद्यान्न कोष की स्थिति के बारे में जानकारी ली गयी। मौके पर उपस्थित सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को अपने-अपने प्रखंडों के लिए आकस्मिक खाद्यान्न के लिए डिमांड जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भेजने और अविलंब प्राप्त करने का निर्देश दिया गया, ताकि आवश्यकता अनुरूप उस राशि का उपयोग किया जा सके।

## रमना: मकर संक्रांति मेला समिति की बैठक संपन्न, मनीष चंद्रवंशी बने अध्यक्ष



**रमना (आजाद सिपाही)।** आगामी 14 जनवरी को मकर सक्रांति पर्व के अवसर पर चांदराज पहाड़ी के प्रांगण में सफल मेले के आयोजन को लेकर एक बैठक का आयोजन श्री सीताराम मानस मंदिर के प्रांगण में किया गया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रखंड मुख्यालय स्थित चांदराज पहाड़ी पर 14 जनवरी को होने वाले मेले को सफल संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुवे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसमें मंदिर को फूल डेकोरेशन से सजाने, विधवत रूप से पूजा पाठ कराने, महाप्रसाद वितरण करने, सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल है। जिसे लेकर एक कमिटी का गठन किया गया, इसमें सर्वसम्मति से मनीष चंद्रवंशी को अध्यक्ष, रामचंद्र राम को उपाध्यक्ष, विनय ठाकुर को सचिव, दिनेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं बनारसी ठाकुर, जगदीश यादव, गोपाल प्रसाद गुप्ता, बिरंची पासवान, मुन्ना प्रसाद गुप्ता, उमेश मिस्त्री, अनुज चंद्रवंशी, बबलू गुप्ता, परशु मेहता, अमित, धनंजय गुप्ता, दिलीप को संरक्षक मनोनीत किया गया।

## घघरी पंचायत में किया गया कंबल का वितरण



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में जारी सीतलहर के बीच घघरी पंचायत में मुखिया सरोज देवी तथा जिप सदस्य प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित नंदगोपाल यादव के द्वारा संयुक्त रूप से 100 कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर कंबल लेने वालो की लंबी कतार देखा गया, मगर प्रखंड से निर्धारित संख्या के कारण सभी जरूरतमंदों के बीच वितरण नहीं किया जा सका। इसे लेकर कंबल की आस में पंचायत भवन पहुंचे गरीब वृद्ध जनो ने सरकार को कोसते हुए वापस चले गये। इसे देखकर मुखिया सरोज देवी ने लोगों को समझाते हुए कहा कि इसके लिए सरकार से अतरिक्त कंबल की मांग किया जायेगा। जबकि पूर्व जिप सदस्य नंद गोपाल यादव ने कहा कि सरकार के द्वारा निर्धारित कोटा के तहत कंबल का वितरण किया जा रहा है जो गरीबों तथा असहाय लोगों के साथ ना इंसाफी है। सरकार को चाहिए की पंचायत प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र के सभी जरूरतमंद लोगों का सर्वे के आधार पर कंबल की आपूर्ति किया जाना चाहिए, तब जाकर सरकार का मकसद पूरा हो सकता है। आधा अधूरा लोगों को कंबल मिलने से सरकार के प्रति लोगों में पक्षपात पूर्ण संदेश जा रहा है । कंबल वितरण के अवसर पर अन्य लोगों के अलावा मुख्यरूप से पंचायत सचिव सुरेंद्र ठाकुर, मुखिया पति अशोक राम, लालमोहन शाह महेंद्र राम, दिनेश ठाकुर, लोकेंद्र यादव उपस्थित थे।

## रामा साहू और ज्ञान निकेतन स्कूल ने फाइनल में प्रवेश किया

**गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जूनियर वर्ग**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में रामा साहू ने बीएनटी संत मैरी को छह विकेट से और ज्ञान निकेतन बेलचंपा ने साउथ पॉइंट को दो विकेट से हराकर फाईनल में प्रवेश किया।

पहले मैच में बीएन टी संत मैरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नकी के 34 रन के सहारे 70 रन बनायें। रामा साहू की टीम की और से कवि राज ने तीन ,अंश ने दो विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी रामा साहू की टीम मयंक के 27 रन के सहारे चार विकेट खोकर जीत दर्ज करते होए पहली बार फाईनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे मैच में साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में आयुष के 27 शारिक के 16, अबान के 18 रन के सहारे 99 रन बनाये। ज्ञान निकेतन की ओर से उज्जवल ने तीन विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान ज्ञान निकेतन फहीम और नंदन के 22, 22 रन के सहयोग से आठ विकेट खोकर जीत दर्ज कर फाईनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार फहीन और कविराज को प्रतियोगिता के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने प्रदान किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, रोहन तिवारी, आकाश, धीरज प्रबीन मिश्रा, प्रिंस खान, मनोज तिवारी, नमन आकाश कुमार, नैतिक, हेमंत, गोलू दास सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डंडइ में सरकारी आदेशों की अवहेलना छुट्टी के बाद भी खुले रहे निजी स्कूल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डंडई।** शीतलहर और कड़ाके की ठंड को देखते हुए सरकार की ओर से कक्षा आठ तक की सभी सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों को 13 जनवरी तक बंद करवा दिया गया है। इसके बाद भी डंडई प्रखंड के कई निजी विद्यालय प्रबंधक सरकार के आदेशों को अवहेलना करते हुए शीतकालीन अवकाश में भी स्कूल संचालन कर रहे है। विद्यालय में अवकाश न होने के कारण मजबूरी में छोटे छोटे बच्चे ठिठुरते हुए इस कड़ी ठंड में भी स्कूल जाने को मजबूर है। इस समय क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सुबह तापमान जहां 10 से 12 डिग्री रहता है वहीं शाम तक तापमान 14 से 16 डिग्री हो जाता है। इसके चलते भीषण ठंड हो रही है। ऐसे में लोगों को घर से भी निकलना दूभर हो रहा है। शीत लहर व कड़ाके की ठंड को देखते हए सरकार ने कक्षा आठ तक सभी सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों में 13 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया है। लेकिन निजी स्कूलों पर इस आदेश का कोई असर दिखायी नहीं पड़ रहा है। निजी स्कूल संचालक इस कड़े ठंड में भी विद्यालय खोल रहे हैं और इससे मजबूरन नौनिहालों को स्कूल पहुंचना पड़ रहा है।

### सरकारी आदेश का उल्लंघन करेंगे, तो होगी कार्रवाई : डीएसइ

इस मामले में पूछे जाने पर जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने बताया कि स्कूल खुलने की जानकारी हमें नहीं है। अगर जो भी प्राइवेट स्कूल सरकारी आदेशों को उल्लंघन करेंगे, तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### सरकारी आदेश के बाद भी ये स्कूल खुले रहे

मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय के सृजन पब्लिक स्कूल, पैराडाइज्ज पब्लिक स्कूल, आरजीएसएम पब्लिक स्कूल और आइडियल पब्लिक स्कूल तसरार, कॉन्टिनेंटल पब्लिक स्कूल तसरार, सीएचभीबीडी शिक्षा निकेतन रारो बाजार, ब्राइट फ़्यूचर पब्लिक स्कूल रारो कड़ी ठंड में भी खुला रहा। सरकार के अवकाश घोषित होने के बाद भी इस विद्यालय में छुट्टी नहीं दी गयी और यहां एक से कक्षा आठ तक की कक्षाएं धड़ल्ले से संचालित की जा रही हैं। विद्यालय प्रबंधन पर सरकारी आदेश भी बेअसर है। विद्यालय में अवकाश न होने के कारण मजबूरी में छोटे छोटे बच्चे इस कड़ी ठंड में भी स्कूल आने को मजबूर हैं।

## पत्नी की पुण्यतिथि पर किया भंडारा का आयोजन




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पत्नी की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को रंका मोड़ के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के पास शिवदास विश्वकर्मा और उनके परिवार वालों के द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। बता दें कि प्रसिद्ध मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता और समाजसेवियों द्वारा भंडारे का आयोजन विगत 58 सप्ताह से निरंतर किया जा रहा है। समाजसेवियों की प्रेरणा से अपनी पत्नी स्वर्गीय फूलपति देवी की पांचवी पुण्यतिथि पर मझिआंव मोड़ निवासी शिवदास विश्वकर्मा और उनके परिजन द्वारा यहां भंडारा का आयोजन किया गया। परिजनों के अनुसार धार्मिक प्रवृत्ति की स्वर्गीय फूलपति हमेशा परिवार के सदस्यों को समाज और गरीब परिवार से जुड़कर रहने का निर्देश देते रहती थी। वे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थी। परिजनों ने कहा उनकी याद तथा उनके द्वारा बताए गए कार्यों को करने का छोटा प्रयास विगत 5 वर्षों से करते आ रहा हूं। भंडारे में लोगों को प्रसाद के रूप में पूड़ी, सब्जी, बुंदिया, मीठा, हलवा आदि का वितरण किया गया। भंडारे में परिवार के नीरज विश्वकर्मा (बाबू लोहार), पंकज विश्वकर्मा के अलावे सुरेंद्र विश्वकर्मा, समाजसेवी विजय केसरी, आकाश केसरी, शुभम केशरी, उमंग सोनी आदि ने भंडारा के संचालन में सहयोग किया।

## बाल श्रम कराने वाले नियोजकों की खैर नहीं : प्रणव कुमार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** मंगलवार को बाल श्रम उन्मूलन हेतु धावा दल के द्वारा श्रम अधीक्षक की अध्यक्षता में गढ़वा जिले के डंडई एवम नगर प्रखंड के विभिन्न ईंट भट्ठों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कोई भी बाल श्रमिक कार्यरत नही पाया गया। श्रम अधीक्षक के द्वारा ईंट भट्ठे के मालिकों को निर्देश दिया गया कि बाल श्रमिको से कार्य लेना गंभीर अपराध है। यदि बाल श्रमिक कार्यरत पाये गये तो नियोजकों पर कानूनी करवाई की जायेगी। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि बाल श्रम कराने पर नियोजकों को 6 माह से 2 वर्ष की सजा एवम बीस हजार से पच्चास हजार का जुर्माना अथवा दोनों से दंड का प्रावधान है। उक्त धावा दल में संजय आनंद श्रम अधीक्षक के अलावे बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रणव कुमार, संजय ठाकुर संरक्षण अधिकारी, राजीव कुमार रवि जिला समन्वयक सीएचएल गढ़वा, गणेश कुमार जिला समन्वयक लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान, दीपक कुमार आउट रिच वर्कर आदि उपस्थित थे।

## मेराल: विधायक प्रतिनिधि ने डीएफओ से किसानों को मुआवजा देने की मांग रखी

**फसलों के बचाव के लिए अनुदानित राशि पर कटीले, जालीदार तार उपलब्ध कराने तथा नुकसान हुए फसलों का जांच करा कर मुआवजा दिया जाये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने मंगलवार को उत्तरी वन प्रमंडल के डीएफओ को पत्र लिखकर मेराल प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जंगली जानवर, नील गाय से किसानों के फसल को बचाने के लिए अनुदानित राशि पर कटीले तार और आसानी से मुआवजा देने का आग्रह किया है। पत्र में कहा गया है कि मेराल प्रखंड कृषि बहुल्य इलाका है, जहां किसान कड़ी मेहनत कर धान, गेहूं, तेलहन, दलहन के अलावे जुआ की तरह साग सब्जी का उत्पादन करते हैं। लेकिन आज उनकी स्थिति यह है कि इस कड़ाके की ठंड में निलगाय से फसल बचाव के लिए रात्रि में प्रहरी का कार्य करना पड़ रहा है। वे अपने स्तर से फसलों को बचा पाने में असमर्थ हो रहे हैं। किसानों के इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए फसलों के बचाव के लिए अनुदानित राशि पर कटीले, जालीदार तार उपलब्ध कराने तथा नुकसान हुए फसलों का जांच करा कर आसानी से मुआवजा देने का आग्रह किया है।



विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन।

## कंचनपुर पंचायत सचिवालय में 15वें वित्त आयोग की बैठक आयोजित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत सचिवालय में मंगलवार को पंचायत के मुखिया प्रतिमा देवी की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग की ग्राम सभा बैठक आयोजित की गयी। जिसमें 9 एलएसडीजी विषय में से एक विषय का चुनाव हेतु उपस्थित ग्रामीणों के बीच चर्चा की गयी। इस अवसर पर मुखिया ने सभी वार्ड सदस्यों से अपने अपने वार्ड की जरूरी योजनाओं को लिखाने का निर्देश दिया, वहीं ग्रामीण मनोज तिवारी, अशोक दूबे आदि लोगों ने फसल और बागवानी को जानवरों से सुरक्षा के लिए तार की जाली उपलब्ध कराने की मांग की। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, उपमुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर तिवारी, पंचायत सचिव शोभा मिश्रा, एनआरएम रंका सह कनिय अभियंता मत्स्य जिला गढ़वा ऋषभ तिवारी, रोजगार सेवक शशि कुमार सोनी, कंप्यूटर ऑपरेटर श्रीराम ओझा, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार भुईयां, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार रवि, वार्ड सदस्य आशुतोष तिवारी, प्रवीण तिवारी, लवली उरांव, शफीक, अजय, रावत, संजय, धर्मेंद्र, स्वयंसेवक प्रतिनिधि सुरेंद्र, कन्हाई, राजेश प्रजापति सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत अजानिया मोड़ के पास बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडे और थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे ने कहा की खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है समय-समय पर इस तरह का क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होना बहुत जरूरी है। वहीं थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि केतार प्रखंड जैसे सुदूरवर्ती इलाकों में इस तरह का खेल प्रतियोगिता का आयोजन होने से क्षेत्र के खिलाड़ियों के अंदर छिपी प्रतिभा में निखार आती है। हमें खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, खेल में अनुशासन की भी बहुत जरूरी है। उद्घाटन मैच केतार बनाम कैलान के बीच खेला गया, इसमें शुरूआती पारी में कैलान की टीम 10 ओवर में 52 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी, वहीं जवाबी पारी में केतार ने 4 विकेट गंवाकर 5 ओवर में 53 रन बनाकर जीत हासिल किया। पवन कुमार को मैन ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह युवा प्रखंड अध्यक्ष छोटन कुमार सिंह चंद्रदेव सिंह रमेश राम, मनीष, सुशील, अनूप, संत सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## उजाला क्रिकेट क्लब ने 145 रन से मैच जीता

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित लीग का बारहवां मैच यूथ क्रिकेट क्लब तथा उजाला क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें पहले टॉस जीत कर पहले बलेबाजी करते हुए उजाला क्रिकेट क्लब ने 268 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें सचिन कुमार ने 106 रन और अभिषेक कुमार सिंह ने 44 रनों का योगदान दिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी वाईसीसी क्रिकेट क्लब की टीम ने122 रन ही बना पायी। उजाला की टीम यह मैच 145 से जीत लिया। वाईसीसी की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए जिसना खान ने 36 और तन्मय कुमार ने 16 रन बनाए। उजाला की तरफ से गेंदबाजी करते हुए जसवंत सिंह ने और संदीप ने 3 विकेट लिए। मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए सचिन कुमार को मन ऑफ द मैच का पुरस्कार सीनियर प्लेयर अटल पांडेय के द्वारा दिया गया।

## उचित कार्रवाई नहीं हुई तो न्यायालय की शरण में जायेंगे : संजय

**खजूरी जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** पुराना समाहरणालय गढ़वा के सामने खजूरी जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड, बीरबंधा ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पहुंचे राष्ट्रीय मछुआरा संघ के प्रदेश महासचिव बसंत कुमार चौधरी ने कहा कि समिति के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जो समिति कई वर्षों से अपने अधिकार की लड़ाई लड रही है उसे बंदोबस्त न करके दूसरे समिति को बंदोबस्त किया जाना बिल्कुल गलत है। समिति अध्यक्ष संजय चौधरी का स्पष्ट कहना है कि हमारे समिति के लोग लगातार बंदोबस्त के लिए प्रयास करते आये हैं और हर स्तर पर हमेशा सकारात्मक आश्वासन मिलता रहा है। लेकिन स्थानीय पदाधिकारी के रवैया से हम लोग काफी परेशान हैं। खजूरी जलाशय मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड, बीरबंधा एक निबंधित संस्था है, जो खजूरी जलाशय में मत्स्य पालन हेतु समिति बंदोबस्ती लेना चाहती है। खजूरी जलाशय में मत्स्य पालन हेतु दिनांक 27.7.2021 को बीरबंधा में समिति ने बैठक किया। जिला मत्स्य पदाधिकारी, गढ़वा के पत्रांक 520 दिनांक 23.7.2021 के द्वारा बंदोबस्ती प्राप्त करने हेतु सहायक निबंधक सहयोग समितियां, गढ़वा और जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा से अनुशंसा सहित स्वच्छता प्रमाण पत्र मांगा गया था। जिसका पत्रांक 199 दिनांक 30.7.2021 तथा पत्रांक 378 दिनांक 12.12.2023 को निर्गत किया गया है। बंदोबस्ती के लिए संपूर्ण अहताएं पूरी करने के बावजूद भी जिला मत्स्य पदाधिकारी, गढ़वा के द्वारा तरह-तरह के बहाना बनाकर बेवजह परेशान किया गया। कागजात को देखते हुए तत्काल बंदोबस्ती को रद्द करते हुए विधि संगत न्याय किया जाए। खजूरी जलाशय विस्थापित मत्स्यजीवी सहयोग समिति से तीनों पदाधिकारीयों नें पैसा लेकर अवैध तरीके से बंदोबस्ती किया है, जो गलत है। खजूरी जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड बीरबंधा के सभी सदस्य स्थानीय हैं, परंपरागत है, प्रशिक्षण प्राप्त हैं। गरीब, असहाय, भूमिहीन, दिव्यांग सहित 200 लोगों का रोजगार की समस्या उत्पन्न हो गयी है। सभी लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच गये। जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं सहायक निबंधक सहयोग समितियां, गढ़वा के द्वारा दुर्व्यवहार करते हुए एक एक लाख रुपया रिश्वत मांगा जा रहा है, जो समिति के लोग देने में असमर्थ हैं। इस विषय को लेकर उच्च पदाधिकारीयों से निवेदन है कि इसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए न्याय संगत उचित समिति को जलाशय बंदोबस्त किया जाए ताकि मछुआरा परिवार को रोजगार मिल सके और अपने परिवार को पालन पोषण करने में सहयोग मिल सके। उचित कारवाई हेतु उपायुक्त, गढ़वा को ज्ञापन सौंपा गया है। मौके पर समिति सचिव संजय कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष अजय चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य सुकुल चौधरी, उपेंद्र, चलितर सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे

## मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हो में अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# सरकारी योजनाओं का लाभ जनता को दिलाने में अधिकारी भी हों गंभीर : शिल्पी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को चान्हो प्रखंड मुख्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सभी अधिकारी मौजूद थे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की समीक्षा बैठक के दौरान प्रखंड स्तर पर चलाई जा रही योजनाओं के शतप्रतिशत धरातल पर उतारने को लेकर गंभीर दिखी।



मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का स्वागत करते पदाधिकारी।

उन्होंने इसे लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। समीक्षा बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग, आवास, मनरेगा और 15 वीं वित्त योजना, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, बिजली विभाग, वन विभाग के साथ ही जमीन संबंधी मामले को लेकर लंबी चर्चा की। मंत्री ने अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ जनता को मिले। इसको लेकर अधिकारियों को भी गंभीरता दिखनी चाहिए। उन्होंने विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर आ रही अड़चनों को भी समय सीमा के अंदर दूर करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर मो इश्तियाक, मंगलेश्वर, मो मोजीबुल्ला, इरशाद खान, अजित सिंह, दिलीप सिंह, सुरजीत शाही, अब्दुल्ला अंसारी, लतीफ अंसारी, आबिद खान, मो एहसान, मो जावेद, शशि साहू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# किसान ज्यादा से ज्यादा जैविक विधि से खेती करने पर ध्यान दें : आदित्य साहू

## प्यारेलाल महतो चुने गये सर्वश्रेष्ठ किसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**ठाकुरगांव।** मोराबादी रामकृष्ण मिशन के तत्वाधान में मंगलवार को थाना क्षेत्र के बगदा गांव में किसान मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, विधायक सुरेश बैठा, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद जी महाराज, समेति के निदेशक विकास कुमार, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहू, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी और मुखिया पूजा किस्पोट्टा ने संयुक्त रूप से किया। इसस अवसर पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि रसायनिक खादों व कीटनाशकों से उगाई गई सब्जियों के प्रयोग से कई जटिल बीमारियां हो रही है।



उन्होंने किसानों से जैविक विधि से खेती करने पर बल देने की बात कही। वहीं विधायक सुरेश बैठा ने विधानसभा क्षेत्र में किसानों के लिए जल्द ही कोल्ड स्टोर बनाने की बात कही। उधर, किसान मेला में सर्वश्रेष्ठ किसान के रूप में बगदा गांव के प्यारेलाल महतो का चुनाव किया गया। मेला में किसानों द्वारा फसल के 678 नमूने व पशु पक्षी के 120 नमूने लाये गये थे। 90 उत्कृष्ट फसल के नमूना लाने वाले किसानों को अतिथियों द्वारा पुरष्कृत भी किया गया। किसान मेला के सफल आयोजन में समिति के डॉ मदन, रूपलाल महतो,मनोज महतो, योगेंद्र महतो, कृष्णा कुमार, बरतु पाहन, कुलेश्वर महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मुंडागढ़ा के समीप रेलवे ट्रैक पर मंगलवार शाम एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। उसकी उम्र 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। पीसीआर 19 के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि युवक का सिर धड़ से अलग हो चुका था। प्रारंभिक जांच में प्रतीत हो रहा है कि युवक यहां किसी अन्य स्थान से आकर रेलवे ट्रैक पर लेट गया होगा। जिससे ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस युवक की पहचान का प्रयास कर रही है। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी।

# मध्यस्थता से सुलझा आठ साल पुराना पारिवारिक विवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची मध्यस्थता केंद्र में एक जीआर वाद संख्या 222/2019 को अधिवक्ता मध्यस्थ सेवा चक्रवती एवं प्रथम पक्ष के अधिवक्ता राहुल कुमार और द्वितीय पक्ष के अधिवक्ता विवेक कुमार सिंह के संयुक्त प्रयास से मंगलवार को सुलझा लिया गया। यह वाद न्यायाधीश मनोज कुमार ईंदवार के न्यायालय से रांची मध्यस्थता केंद्र में मध्यस्थता के लिए आया था। उक्त वाद को अधिवक्ता मध्यस्थ सेवा चक्रवर्ती एवं प्रथम पक्ष के अधिवक्ता राहुल कुमार व द्वितीय पक्ष के अधिवक्ता विवेक कुमार सिंह के प्रयास से सुलझा लिया गया। यह वाद डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने सेवा चक्रवर्ती



को सुलझाने के लिए निर्देशित किया था। ज्ञात हो कि उक्त वाद में प्रथम पक्ष संगीता नायक ने अपने पति संदीप नायक के खिलाफ शिकायतवाद दायर किया था। दोनों की शादी हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। दोनों आपसी विवाद के कारण पिछले आठ साल से अलग रह रहे थे। उक्त वाद को अधिवक्ता मध्यस्थ सेवा चक्रवती व दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के अथक प्रयास से तीन बैठकों के बाद अंततः सुलझा लिया गया। दोनों राजी-खुशी से पुनः एक साथ रहने के लिए तैयार हो गये। बतातें चलें कि दोनों की दो बेटी और एक बेटा भी है। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने दोनों पक्षों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी है।

## रातू के समर्पण दीप बीएड कॉलेज में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन




**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उषामातु स्थित समर्पण दीप बीएड कॉलेज में मंगलवार को वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ, जो एक सप्ताह तक चलेगा। इसकी शुरूआत प्रभारी प्राचार्य डॉ दशरथ महतो ने अभिभाषण से हुआ। उन्होंने खेल के महत्वों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। साथ ही खेल शिक्षक डॉ सजीत कुमार महतो ने खेल के प्रति सकारात्मक भावना विकसित करने के लिए प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाया। इस खेल महोत्सव में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान जीत राज और ममता कुल्लू, द्वितीय स्थान निशांत व प्रफुलित और तृतीय स्थान विकास, अमन व लीना ने प्राप्त किया। जेवलिन थ्रो में प्रथम रेणु एक्का, द्वितीय सुधा एवं रेशमा और तृतीय स्थान ममता कुल्लू ने प्राप्त किया। साथ ही हैंड बॉल और वॉलीबॉल खेलो का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के चेयरमैन अभिषेक सिंह, सचिव नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास पोद्दार, प्रबंधन समिति के सदस्य जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह एवं शैलेन्द्र सिंह के साथ प्रभारी प्राचार्य डॉ दशरथ महतो, सहायक प्राध्यापक वासिफ शाह, डॉ सजीत कुमार महतो (खेल शिक्षक), कन्हाई महतो, अनिल साहू, दिनेश महतो, कमलेश, सत्यभामा देवी और शिवराज भगत आदि का विशेष योगदान रहा।

## नवनिर्मित दशभुजी दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा एक मार्च से

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर परिसर में नव निर्मित दशभुजी दुर्गा देवी की प्राण प्रतिष्ठा एक से 11 मार्च तक आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ एक मार्च को मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा से होगा। जबकि दो मार्च को सभी देवी-देवताओं का आह्वान पूजन, सर्ववेदी प्रतिष्ठा, दुर्गा पाठ प्रारंभ, प्रतिमा का जलाधिवाश होगा। इसी तरह तीन मार्च को आवाहित देवी देवताओं का पूजन-अरणी मंथन द्वारा अग्नि आवाहन स्थापन, हवन प्रारंभ, प्रतिमा को अन्नाधिवाश, चार मार्च को आवाहित देवी देवताओं का पूजन प्रतिमा को घृताधिवाश, पांच मार्च को आवाहित देवी देवताओं का पूजन होगा। 10 मार्च को शिखर न्यास, मंदिर प्रतिष्ठा, देवी प्राण प्रतिष्ठा 4:30 में संध्या कालीन आरती एवं संध्या 5 बजे से 12 घंटा का अखंड हरी कीर्तन, जबकि 11 मार्च को पूजन, पूर्णाहुती, नौ कन्या पूजन एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ के मुख्य आचार्य काशी वाराणसी के ब्रजेंद्र मिश्रा और उनके सहयोगी आचार्य नरोत्तम पांडेय, काशी के आचार्य मृत्युंजय मिश्रा, आंचल पाठक अयोध्या के आचार्य ध्रुव मिश्रा, अमित भारद्वाज शास्त्री, गया के आचार्य भारतेंदु द्विवेदी, आचार्य सोनू पांडेय और कथा व्यास सद्गुरु रितेश्वर जी महाराज के कृपापात्र शिष्या देवी रश्मि किशोरी जी आदि का आगमन होगा। इधर मां दुर्गा का यह आकर्षक और भव्य मंदिर श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## सबका विकास सबकी योजना का दिया गया प्रशिक्षण

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित तीन दिवसीय दो बैच माध्यम से सबकी योजना सबका विकास अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल (जीपीएफटी) का प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हुआ। जिसमें ग्राम पंचायत की ओर से चयनित संकल्प से संबंधित फ्रंटलाइन वर्कर, विषय से सबंधित पंचायत स्तरीय स्थाई समिति के दो वार्ड सदस्य, वीपीआरपी फैसिलिटेटर सभी पंचायत हुलसु, महुगाव, मालगो, बोकारंदा, सापुकेरा दानेकेरा, दोलाइचा, ककरिया, दाड़ी, लातरातु, देवगांव, के पंचायत स्वयंसेवक, ग्राम रोजगार सेवक/ पंचायत सचिव प्रशिक्षण प्राप्त किए। प्रशिक्षण पंचायती राज विभाग के मास्टर ट्रेनर प्रमोद कुमार ठाकुर ने ससभी को प्रशिक्षण दिया। प्रखंड समन्वयक अनिमा बारला पंचायती राज पूरे प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित रहे। अब लापुंग प्रखंड के सभी पंचायतों में सतत विकास योजना के 9 विषयों में से किसी एक विषय का चयन करते हुए पंचायत में ग्राम विकास योजना अंतर्गत कार्य योजना तैयार की जाएगी। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ऊषा मिंज ने अंतिम दिन भी प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया।

# अनगड़ा में युवक की हत्या, झाड़ी से शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के अंबाझरिया चंदवाटुंगरी के पास झाड़ियों से मंगलवार को पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। उसकी हत्या धारदार हथियार से मारकर की गयी है। मृतक की पहचान बेलजारा निवासी मुलायम अहीर (24) के रूप में की गई। थाना प्रभारी हीरालाल साह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया गया है। कहा कि जल्द ही हत्या की गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

## एचीवर एकेडमी के विद्यार्थियों ने एसएससी जीडी में गाड़ा सफलता का झंडा

**पिस्कानगड़ी (आजादसिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के नारो पंचायत के नारो बाजार टांड़ स्थित रामेश्वर कॉम्प्लेक्स में संलाचित शिक्षण संस्थान एचीवर एकेडमी के विद्यार्थियों ने एसएससी जीडी में सफलता का परचम लहरा कर नगड़ी प्रखंड सहित संस्थान का नाम रोशन किया। इस अवसर पर शिक्षण संस्थान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ ज्ञानेश्वर ज्ञान के अलावा शिक्षाविद दीपक केसरी भी शामिल हुए। जिन्होंने दोनों विद्यार्थियों जस्सी बेग और धीरज महतो को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। डॉ ज्ञानेश्वर कुमार ने कहा कि आप मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करें और देश-प्रदेश का नाम रोशन करें। वहीं, दीपक केसरी ने कहा कि विद्यार्थी लक्ष्य बनाकर आपना 100 प्रतिशत ध्यान दें, तभी सफलता कदम चूमेगी। वहीं, एचीवर एकेडमी के निदेशक चंद्रकांत केसरी ने कहा कि नगरी प्रखंड क्षेत्र में पिछले कई सालों से क्षेत्र के विद्यार्थियों के बीच जेपीएससी पीटी, सचिवालय, जेएससीए-सीजीएल, झारखंड दरोगा, झारखंड पुलिस, राजस्व विभाग, पंचायत सचिव,एसएससी -जीडी, रेलवे, भारतीय सेना आदि का तैयारी कराया जाता है। मौके पर असरेन, शिल्पी, राहुल, निभा, लक्ष्मी, सोनी, ज्योति आदि थे।

# क्यूब रूट फाउंडेशन ने ओरमांझी बालिका उच्च विद्यालय को सौंपी शौचालय की चाभी

**समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों के बीच छात्रवृति व प्रमाण पत्र का किया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** हजारीबाग टोल वे लिमिटेड पुंदाग और क्यूब रुट फाउंडेशन के तत्वावधान में हमेशा कुछ ना कुछ सामाजिक कार्य किया जाता है। इसी कडी में टिकैत उमरांव सिंह शेख भिखारी बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका की ओर से शौचालय निर्माण कराने की मांग की गई थी। जिसका निर्माण इन दोनों संस्थाओं द्वारा कराकर मंगलवार को प्रधानाध्यापिका को चाबी सौंप दी गई। एनएचएआई परियोजना निदेशक अक्ता कुमारी ने बताया कि पूर्व में भी स्कूल को सैनिटरी पैड डिस्पोजेबल मशीन दिया गया है। मैट्रिक परीक्षा के 37 मेधावी छात्रों के बीच छात्रवृत्ति



प्रमाण पत्र एवं 10 हजार रुपये का चेक वितरण हजारीबाग टॉल वे व क्यूब रुट फाउंडेशन द्वारा टॉल प्लाजा में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एनएचएआई की परियोजना निदेशक अक्ता कुमारी और एचटीपीएल के परियोजना प्रमुख चेतन मालबारी ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा आसपास के ग्रामीण बच्चों की शिक्षा, खेल, एवं कौशल विकाश के लिए क्यूब रूट फाउंडेशन टोल प्लाजा द्वारा कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती हैं। यही नहीं स्कूल में विद्यार्थियों के लिए शौचालय का निर्माण भी फाउंडेशन करती है। मौके पर सौरभ द्विवेदी, राहुल कुमार, राजेश वर्मा, जीतेन्द्र कुमार स्वतंत्र अभियंता, अमित प्रकाश-प्रोजेक्ट मैनेजर, एचआरईएल चेतन मालबारी परियोजना प्रमुख, एचटीपीएल के साथ ग्रामीण और बच्चे उपस्थित थे।

## झारखंड सेवा रत्न अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** विश्व सेवा परिषद की ओर से आयोजित झारखंड सेवा रत्न अवार्ड के लिए शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य सेवाभावी क्षेत्रों के विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकारी-गैर सरकारी व्यक्तियों, समाजसेवियों से 15 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अपने कार्यों की उपलब्धियां के ब्योरा स्थानीय प्रतिनिधियों से अनुशंसा कराके डाक या कुरियर से डॉ बीबी राज अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रधान कार्यालय भेज सकते हैं। यह जानकारी डॉ बीबी राज ने दी है।

## प्रभुदयाल बड़ाइक ने भाजपा सदस्यता के लिए चलाया जनसंपर्क अभियान



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत मंगलवार को टाटीसिलवे मंडल के आरा बड़काटोली में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान के सह प्रभारी प्रभुदयाल बड़ाईक ने लोगों के घर-घर जाकर पार्टी की विचारधारा और नीतियों से अवगत कराया। उन्होंने टोल-फ्री नंबर 8800002024 पर मिस्ड कॉल के जरिए लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। प्रभुदयाल बड़ाईक ने कहा कि जनता के विश्वास और भरोसे की वजह से ही भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन पाई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी पर विश्वास जताने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया, लोगों को पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों की जानकारी दी। भाजपा को मजबूत बनाने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर कुणाल बड़ाईक, आशा देवी, ज्योति बड़ाईक, दीपिका कुमारी, गोलू सिंह, नवीन बड़ाईक आदि उपस्थित थे।

## विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न, कार्यों एवं दायित्व को समझा

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार के कदमों की जानकारी एसएमसी के सदस्यों के लिए जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** विद्यालय में चलने वाली प्रत्येक गतिविधियों के संदर्भ में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को जानकारी होनी चाहिए। सरकार बच्चों के लिए क्या-क्या सुविधाएं देती है। विद्यालय के विकास एवं विद्यालय के आधारभूत संरचना के रखरखाव के लिए क्या प्राथमिकताएं होनी चाहिए इसकी समझ के साथ ही विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों एवं कार्यक्रमों की जानकारी एसएमसी के सदस्यों को होनी चाहिए। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय उनीकेल में 'पलाश' नामक विद्यालय प्रबंधन समिति का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधान





शिक्षिका उर्मिला कुमारी ने कही। नव प्राथमिक विद्यालय उनीकेल में 'पलाश' नामक विद्यालय प्रबंधन समिति का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। दो दिनों तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मेरा विद्यालय मेरा अभिमान, शिक्षा का अधिकार अधिनियम एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विद्यालय प्रबंधन समिति की जरूरत, विद्यालय प्रबंधन संरचना, कार्य एवं दायित्व, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा निपुण भारत कार्यक्रम, प्रोजेक्ट इंपैक्ट सह प्रयास कार्यक्रम, टीम की एकजुटता नेतृत्व एवं संवाद कौशल, बाल अधिकार लैंगिक समानता सामाजिक भावनात्मक विकास, विद्यालय का अवलोकन एवं मासिक कार्य योजना, विद्यालय विकास योजना, लेखा संधारण सहित विभिन्न विषयों पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सीआरपी सुनील गुप्ता ने कहा कि जिन विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सक्रिय एवं क्रियाशील होते हैं वैसे विद्यालयों में विकास खुद परिलक्षित होती है। उर्मिला कुमारी ने कहा कि सिर्फ औपचारिकता निभाना एसएमसी का कार्य नहीं है। इस मौके पर प्रशिक्षण पूर्व एवं प्रशिक्षण उपरांत अलग अलग मूल्यांकन प्रपत्र भरा गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन की अध्यक्ष राजकुमारी कुमारी, उपाध्यक्ष जयराम होरो, सहायक अध्यापिका बसंती लिंडा, अनिता कुमारी आदि मौजूद थीं।

## भाजपा ने शक्ति केंद्रों पर बनाये सैकड़ों नये सदस्य



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अनगड़ा मंडल के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो के नेतृत्व में शक्ति केंद्र चिलदाग, चतरा, पैका एवं बोगई बेड़ा मे एक कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें सैकड़ों नए सदस्यों को पार्टी संगठन से जोड़ा गया। शक्ति केंद्रों में प्रवासी प्रभारी के तौर पर भाजपा नेत्री माधुरी देवी उपस्थित रहीं। मौके पर रामनाथ महतो, संतोष महतो, राजेंद्र महतो, ठुकुल महतो, उर्मिला देवी, राजेश मिश्रा, सोहन मुंडा, बाबूलाल महतो, सुरेश महतो सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मुखिया ने बालिकाओं के बीच किया फुटबॉल का वितरण

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिरका पंचायत के मुखिया रोशनलाल मुंडा ने मंगलवार को पंचायत क्षेत्र के मेढ़ेटुंगरी गांव में बालिकाओं के बीच फुटबॉल का वितरण किया। कहा कि बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा के साथ ही खेल भी जरूरी है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। मौके पर पारसनाथ महतो, अजीत महतो, संजय महतो, शिबू चौधरी, शंकर चौधरी आदि मौजूद थे।

## बीडीओ ने किया प्री बोर्ड परीक्षा का औचक निरीक्षण

**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन की ओर से आयोजित जिला स्तरीय आंतरिक प्री बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं तीन चरणों में चल रही। इसी क्रम में गोमिया के बीडीओ महादेव महतो ने चतरोचट्टी स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से जारी निर्देश में कहा गया कि प्री-बोर्ड की परीक्षा ठीक बोर्ड की तरह ही कराई जानी हैं। विद्यार्थियों को उसी की तैयारी और अनुभव के लिए आंतरिक प्री-बोर्ड परीक्षा ली जा रही है, ताकि मानसिक तौर पर आगामी परीक्षाओं के लिए वे तैयार हो सकें। इसी के लिए विद्यालयों में निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के बाद इसकी रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेजी जायेगी। वहीं, प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक बाबू ने बताया कि यह प्री बोर्ड परीक्षा जिला स्तरीय से आयोजित की जा रही है। जिला प्रशासन के निर्देश के अनुसार 10वीं व 12वीं के आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षा तीन चरणों में बीच कराई जाएगी।

### पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में पांकी विधायक ने दिये कई निर्देश

# दलालों से मुक्त हो प्रखंड और अंचल कार्यालय : शशिभूषण

**वृद्ध महिलाओं में कंबल व छात्र-छात्राओं के बीच किया साईकिल का वितरण**


आजाद सिपाही संवाददाता



जेएसएलपिएस बहनों को नौ लाख रुपये का चेक वितरित करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व अन्य गणमान्य।

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्रखंड एवं अंचल कर्मियों के साथ ही जेएसएलपीएस और बाल विकास परियोजना के कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। सबसे पहले बीडीओ ललित प्रसाद सिंह और सीओ राजकुंवर सिंह ने विधायक का स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने प्रखंड एवं अंचल कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। लगे हाथ विधायक ने सभी कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण दूर-दराज से अपने आवश्यक काम के लिए प्रखंड कार्यालय आते है। उन्हें बेवजह परेशान नहीं किया जाय। अन्यथा भ्रष्ट कर्मचारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि विभिन्न विाग के पदाधिकारी काम नहीं करते हैं, जिसका फायदा दलाल उठाते हैं और सीधे-साधे ग्रामीणों को अपने चंगुल में फंसाकर मोटी रकम वसूल लेते हैं। उन्होंने चेताते हुए कहा कि अगर मुझे ऐसा सुनने को मिला तो उसे बर्दास्त नहीं करुंगा। विधायक ने बीडीओ एवं सीओ को निर्देश दिया की प्रखंड और अंचल कार्यालय दलाल से मुक्त हो। दूसरी ओर, जेएसएलपिएस बहनों को नौ लाख का चेक और वृद्ध महिलाओं के बीच कंबल एवं छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया। इसके अलावा जिम उपकरण का विधिवत उद्घाटन किया। साथ ही बाल विकास परियोजना की ओर से गोद भराई कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस मौके पर प्रो बचन ठाकुर, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, सुनील प्रसाद गुप्ता, रोशन सिंह, राजेन्द्र यादव, मिथिलेश यादव, जयकिशोर प्रसाद, उमेश यादव, पप्पू यादव, रीमा शर्मा, संतोष वर्मा, रामचरित्र सिंह, संजय भुइयां व शैलेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## लगान रसीद निर्गत करने को लेकर विश्रामपुर और हरिहरगंज में हुआ शिविर का आयोजन





**मिले जमीन से संबंधित कई आवेदन, निस्तारण की प्रक्रिया शुरू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/हरिहरगंज/पलामू।** जिला अपर समाहर्ता के निर्देशानुसार जमीन संबंधित समस्याओं के निपटारे के लिए मंगलवार को विश्रामपुर अंचल कार्यालय सभागार में शिविर का आयोजन किया गया। राजस्व उप निरीक्षक अरविंद मिश्रा ने बताया कि शिविर किसी कारण से जमीन का रसीद नहीं कट पा रहा हो या ऑनलाइन रसीद कटवाने में अड़चन आ रही हो तो आवेदन दें, उसका तत्काल निदान किया जायेगा। इसमें अलावा जमीन से संबंधित सभी समस्याओं का निराकरण भी किया जायेगा। इस दिन आयोजित शिविर में जमीन से संबधित कई आवेदन भी प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी को भी शिविर लगाया जायेगा। जो लोग आज शिविर का लाभ नहीं ले सके, वे 10 जनवरी के शिविर में अपना आवेदन जमा करा सकते हैं। दूसरी ओर, जिला प्रशासन के निर्देश पर हरिहरगंज अंचल कार्यालय में लगान रसीद निर्गत करने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों रैयत अंचल कार्यालय पहुंचे। हालांकि लगान रसीद निर्गत करने से सबंधित मात्र 31 आवेदन ही प्राप्त हुए। इस अवसर पर अंचल अधिकारी मनीष सिन्हा ने बताया कि छोटे-मोटा कारणों से रसीद नहीं कट पा रहा है, बाकि सब ठीक है। उन्होंने बताया कि प्राप्त 31 आवेदन को रसीद निर्गत करने की प्रक्रिया जारी है। साथ ही 10 जनवरी को भी शिविर लगाया जाएगा। इस मौके पर अंचल के बड़ा बाबू प्रभाकर राम, किरानी रंजन मनोज, सीआइं संजीव कुमार, राजस्व कर्मचारी संतोष उरांव और रामपत प्रजापति आदि मौजूद थे।

## पलामू पुलिस और फुटबॉल आयोजन समिति फरवरी में आयोजित करायेगी अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस एवं पलामू फुटबॉल आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर मंगलवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने की। इसमें फरवरी महीने के मध्य तक अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट कराने को लेकर चर्चा की गयी। एसपी ने ने बताया कि इसके पहले भी पलामू पुलिस एवं फुटबॉल आयोजन समिति की माध्यम से सफलतापूर्वक टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता रहा है, जिसमें समाज के प्रबुद्ध नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग मिलता रहा है। ऐसे में पलामू में खेल के प्रति रुचि देखते ही बनती है। वहीं, पलामू फुटबॉल आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष आलोक वर्मा ने पूर्व में कराए गए टूर्नामेंट की पूरी रूपरेखा सदस्यों के बीच रखी। जबकि, धन्यवाद ज्ञापन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली ने किया। बैठक में पलामू फुटबॉल आयोजन समिति के सदस्य एवं पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे। इनके अलावा मेदिनीनगर के पूर्व उपमेयर मंगल सिंह, विभाकर नारायण पांडे, दुर्गा जौहरी, ललन सिन्हा, मुमताज खान, अविनाश देव, सोनू सिंह नामधारी, प्रसनजीत दा, राजकुमार गुप्ता, हिमांशु त्रिवेदी, बबलू गुप्ता, ललन सिन्हा, शिव कुमार, प्रमोद रंजन, परशुराम ओझा, महेश तिवारी, बिपिन वर्मा, विकाश सिंह, गुरवीर सिंह, बृजेश शुक्ला, अनूप गुप्ता, धीरेंद्र पांडे, डॉ आनंद, रवि शंकर, भीभाकर पाण्डेय, विजय गुप्ता, मुमताज खान, सुनील ओझा, बलराम उरांव, सुशील सिन्हा, नरेंद्र सिंह, संदीप राम, जय प्रकाश पूरी और समाल अहमद आदि उपस्थित थे।

## कोलकाता में आयोजित खेलो इंडिया खेलो प्रतियोगिता में संत मरियम के छात्रों ने जीता गोल्ड-सिल्वर-ब्रांज मेडल




मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। संत मरियम विद्यालय के कराटे के छह बाल खिलाड़ियों ने कोलकाता में आयोजित तृतीय खेलों इंडिया खेलो ओपेन नेशनल कराटे चैंपियनशिप के कुमिते और काता इवेंट में अपने वेट में प्रतिभा का प्रर्दशन करते हुए तीन गोल्ड, तीन सिल्वर और चार ब्रांज मेडल जीता। संत मरियम स्कूल के छात्र शुभम कुमार सिंह कुमिते और काता में दो गोल्ड मेडल, रितू राज कुमिते और काता में दो सिल्वर मेडल, रितिक कुमार सिंह कुमिते में गोल्ड और काता में ब्रांज मेडल, अभिषेक कुमार सिंह कुमिते और काता में दो ब्रांज मेडल, गौरव कुमार सिंह ने कुमिते में सिल्वर, युवराज कोरवा कुमिते में ब्रांज मेडल जीता है। यह चैंपियनशिप शितो-रियु कराटे डू फेडरेशन के तत्वावधान में वेल्स ग़्लोबल स्कूल हावड़ा में पांच जनवरी को आयोजित हुई थी। यह टीम शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में कोलकाता गई थी। जबकि टीम मैनेजर अमित कुमार प्रजापति को नियुक्त किया गया था। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने इस बड़ी उपलब्धि के लिए बाल खिलाड़ियों के साथ ही प्रशिक्षक को भी शुभकामनाएं दी व उज्जवल भविष्य कि कामना की है।

## कम राशन देने वाले डीलरों पर होगी सख्त कार्रवाई

**छूटे हुए कार्डधारियों का ई-केवाईसी फरवरी महीने के 25 तक पूरा कराएं : एमओ**



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड सभागार में मंगलवार को क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने की। मौके पर मौजूद सभी जनवितरण दुकानदारों को छूटे हुए राशन कार्डधारी का ई-केवाईसी 2025 फरवरी तक जरूर कर लेने का निर्देश दिया गया। एनएफएसए अंतर्गत पीएच और अन्त्योदय कार्डधारियों को दिसंबर 2024 का खाद्यान्न वितरण 25 जनवरी तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। चना दाल नवंबर 2024 का वितरण समय सीमा के भीतर वितरण करने का निर्देश दिया। वहीं डीलरों को कहा कि राशन का समय पर वितरण को प्राथमिकता देते हुए ई-केवाईसी के कार्यों का निष्पादन करना सुनिश्चित करें। सभी कार्डधारियों को धोती, साड़ी साथ ही अंत्योदय कार्डधारियों को अप्रैल 2024 का चीनी व नमक का वितरण समय पर करने का निर्देश दिया। सात ही चेताते हुए कहा कि जो भी डीलर 20 प्रतिशत से कम राशन वितरण करेंगे वैसे डीलर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी को दुकान समय पर खोलने और निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। सभी डीलर को झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना का राशन उठाव कर वितरण करने का निर्देश दिया।

## स्टोन डस्ट लदा तीन हाइवा जब्त

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला-छतरपुर मुख्य पथ के कुर्मी पुर गांव के समीप सोहिया पहाड़ से स्टोन डस्ट लेकर जा रहे हाइवा की जांच की गई। इस दौरान तीन हाइवा को ओवरलोड पाया गया। जिसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने तत्काल सीओ पंकज कुमार को तीनों ओवरलोडेड हाइवा को जब्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।


कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा।

—: आम सूचना :—

चतरा जिला के सभी पशुपालकों को सुचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या–15 रा0(विभाग),दिनांक–01.07.2024 के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के कुल 152 पंचायतों में द्वितीय चरण में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में अपने पशुओं के साथ आकर टैगिंग करालें तथा चिकित्सा, बधियाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वास्थ जाँच निःशुल्क करावें एवं योजना का लाभ उठावें। Pashudhan टैगिंग के बिना सरकार द्वारा किसी प्रकार का लाभ नही दिया जायेगा। शिविर का समय सुबह 09:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे निर्धारित है।

| क्रमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| प्रखण्डः– सिमरिया | | | | |
| 1 | बन्हे | प्रखण्ड मुख्यालय | 10.01.2025 / 11.01.2025 | डॉ0 अलोना संगम, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जोरी। |
| 2 | बानासाड़ी | बानासाड़ी / रोल | 12.01.2025 / 13.01.2025 | |
| 3 | पुण्डरा | पुण्डरा / सिकरी | 14.01.2025 / 15.01.2025 | |
| 4 | एदला | बड़ा एदला / छोटा एदला | 16.01.2025 / 17.01.2025 | |
| 5 | डाड़ी | डाड़ी / बकचोमा | 18.01.2025 / 19.01.2025 | |
| 6 | पगार | सोहर / खपीया | 20.01.2025 / 21.01.2025 | |
| 7 | सबानो | सबानो / बारा | 22.01.2025 / 23.01.2025 | |
| 8 | जाँगी | जाँगी / चौराही | 24.01.2025 / 25.01.2025 | |
| 9 | सेरनदाग | सेरनदाग / पिपराडीह | 27.01.2025 / 28.01.2025 | |
| 10 | बगरा | बगरा / लूतीडीह | 29.01.2025 / 30.01.2025 | |
| प्रखण्डः– हण्टरगंज | | | | |
| 24 | नवाडिह | प्रखण्ड मुख्यालय | 10.01.2025 / 11.01.2025 | डॉ0 मो0 रेहान अहमद रज़ा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, दंतार। |
| 25 | नवाडिह पनारी | गोसपुर / सैयपुर | 12.01.2025 / 13.01.2025 | |
| 26 | जबड़ा | बांका / गंगटा | 14.01.2025 / 15.01.2025 | |
| 27 | मीरपुर | मीरपुर / आमिन | 16.01.2025 / 17.01.2025 | |
| 28 | डाहा | डाहा / ढेबो | 18.01.2025 / 19.01.2025 | |
| 29 | गोसाइडिह | नागर / पिंडरी कला | 20.01.2025 / 21.01.2025 | |
| 30 | गेरूआ | भंडारी / बडही बिघा | 22.01.2025 / 23.01.2025 | |
| 31 | लेंजवा | सगासोत / अकौना | 24.01.2025 / 25.01.2025 | |
| 32 | गेंजना | खराटी / ढोलीया | 27.01.2025 / 28.01.2025 | |
| 33 | पाण्डेपुरा कला | करानी / पचमो | 29.01.2025 / 30.01.2025 | |
| प्रखण्डः– प्रतापपुर | | | | |
| 52 | रामपुर | प्रखण्ड मुख्यालय | 10.01.2025 / 11.01.2025 | डॉ0 कुमार सौरभ, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, प्रतापपुर। |
| 53 | प्रतापपुर | प्रतापपुर / कोसीआरा | 12.01.2025 / 13.01.2025 | |
| 54 | बभने | चैनपुर / विरमात कुम | 14.01.2025 / 15.01.2025 | |
| 55 | गजवा | पाती / ननई खुर्द | 16.01.2025 / 17.01.2025 | |
| 56 | मोनिया | मोनिया / लोधीया | 18.01.2025 / 19.01.2025 | |
| 57 | योगीडीह | महकमपुर / जोतडीह | 20.01.2025 / 21.01.2025 | |
| 58 | बरूरा | रहरिया / नारायणपुर | 22.01.2025 / 23.01.2025 | |
| 59 | डुमरवार | चरका खुर्द / अन्गगराह | 24.01.2025 / 25.01.2025 | |
| 60 | सिदकी | सतवाहीनी / मझगावा | 27.01.2025 / 28.01.2025 | |
| 61 | भरही | राजपुर / केंवलिया | 29.01.2025 / 30.01.2025 | |
| प्रखण्डः– टण्डवा | | | | |
| 70 | कल्याणपुर | प्रखण्ड मुख्यालय | 10.01.2025 / 11.01.2025 | डॉ0 पिंकी तिग्गा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टण्डवा। |
| 71 | पदुमपुर | पदुमपुर / लेम्बुआ | 12.01.2025 / 13.01.2025 | |
| 72 | धनगड़ा | खैरका / धनगडा | 14.01.2025 / 15.01.2025 | |
| 73 | मिश्रौल | शिवपुर / टेकठा | 16.01.2025 / 17.01.2025 | |
| 74 | नावाडीह उर्फ तेलियाडीह | खदैया / नावाडीह | 18.01.2025 / 19.01.2025 | |
| 75 | कबरा | उरदा / किशुनपुर | 20.01.2025 / 21.01.2025 | |
| 76 | पोकला | कसियाडीह / घाघरा | 22.01.2025 / 23.01.2025 | |
| 77 | कोयद | गोडवार / कुमरांग खुर्द | 24.01.2025 / 25.01.2025 | |
| 78 | सराढू | उपकापानी / सराढू | 27.01.2025 / 28.01.2025 | |
| 79 | गाड़ीलौंग | गाड़ीलौंग / कामता | 29.01.2025 / 30.01.2025 | |
| प्रखण्डः– पत्थलगडा | | | | |
| 89 | सिंहानी | प्रखण्ड मुख्यालय | 10.01.2025 / 11.01.2025 | डॉ0 सरोज कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, शिला। |
| 90 | नावाडीह | नवाडीह / डमौल | 12.01.2025 / 13.01.2025 | |
| 91 | बरवाडीह | बेलहर / कुप्पा | 14.01.2025 / 15.01.2025 | |
| 92 | नोनगाँव | गोपीपुर / बन्दरचुँआ | 16.01.2025 / 17.01.2025 | |
| 93 | मेराल | मेराल / खैरा | 18.01.2025 / 19.01.2025 | |
| प्रखण्डः– कान्हाचट्टी | | | | |
| 94 | राजपूर | प्रखण्ड मुख्यालय | 10.01.2025 / 11.01.2025 | डॉ0 इन्द्रजीत कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कान्हाचट्टी। |
| 95 | चिरिदिरी | चिरिदिरी / नईकी हेसांग | 12.01.2025 / 13.01.2025 | |
| 96 | कोल्हैया | कोल्हैया / भांग कुरकुट्टा | 14.01.2025 / 15.01.2025 | |
| 97 | बेंगोकला | बेंगोकला / मनगड़ा | 16.01.2025 / 17.01.2025 | |
| 98 | तुलबुल | तुलबुल / करमा | 18.01.2025 / 19.01.2025 | |
| 99 | मदगड़ा | मदगड़ा / चौरट | 20.01.2025 / 21.01.2025 | |
| 100 | बकचुम्बा | बकचुम्बा / जोरी | 22.01.2025 / 23.01.2025 | |
| 101 | कैण्डीनगर | कैण्डीनगर / कादे | 24.01.2025 / 25.01.2025 | |
| 102 | जमरी बकसपूरा | जमरी बकसपूरा / हउवाग | 27.01.2025 / 28.01.2025 | |
| 103 | चारू | चारू / राजाचक | 29.01.2025 / 30.01.2025 | |
| प्रखण्डः– ईटखोरी | | | | |
| 110 | ईटखोरी | प्रखण्ड मुख्यालय | 10.01.2025 / 11.01.2025 | डॉ0 नकुल कुमार मेहता, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ईटखोरी। |
| 111 | टोनाटांड | टोनाटांड / नगवाँ | 12.01.2025 / 13.01.2025 | |
| 112 | हलमता | हलमता / मुरूमदांग | 14.01.2025 / 15.01.2025 | |
| 113 | धनखेरी | धनखेरी / परोका | 16.01.2025 / 17.01.2025 | |
| 114 | पितीज | हुरनाली / पितीज | 18.01.2025 / 19.01.2025 | |
| 115 | धुना | धुना / सोनीया | 20.01.2025 / 21.01.2025 | |
| 116 | कोनी | कोनी / पुनौल | 22.01.2025 / 23.01.2025 | |
| 117 | परसौनी | कुर्जुन / लीटा | 24.01.2025 / 25.01.2025 | |
| 118 | मलकपूर | बडहीचक / तेतरचक | 27.01.2025 / 28.01.2025 | |
| 119 | नवादा | राजानरचा / कंजीया | 29.01.2025 / 30.01.2025 | |
| प्रखण्डः– चतरा | | | | |
| 132 | पाराडीह | प्रखण्ड मुख्यालय | 10.01.2025 / 11.01.2025 | डॉ0 अंजु कुजुर, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चतरा। |
| 133 | आरा | आरा / होलमगढ़ा कला | 12.01.2025 / 13.01.2025 | |
| 134 | सीमा | हफुआ / टिकुलिया | 14.01.2025 / 15.01.2025 | |
| 135 | जाँगी | लक्षणपूर / सरैया | 16.01.2025 / 17.01.2025 | |
| 136 | गंधरिया | गंधरिया / लोवागढ़ा | 18.01.2025 / 19.01.2025 | |
| 137 | दारियातु | गंगाजीत / तेलिया लोवागढ़ा | 20.01.2025 / 21.01.2025 | |
| 138 | लेम | पचमहला / सतौर | 22.01.2025 / 23.01.2025 | |
| 139 | डमडोइया | डमडोइया / कड़लगा | 24.01.2025 / 25.01.2025 | |
| 140 | देवरिया | लिपदा / देवरिया | 27.01.2025 / 28.01.2025 | |
| 141 | टीकर | चंगेर / टीकर | 29.01.2025 / 30.01.2025 | |

PR 343719 Animal Husbandry(24-25)D

जिला पशुपालन पदाधिकारी,चतरा।


## स्पोर्ट्स



चिरू प्रीमियर लीग के 18वें संस्करण के फाइनल मुकाबले में पठखाही टीम को रोमांचक मुकाबले में 9 रनों से हराकर चिरू की टीम ने खिताब पर अपना कब्जा जमा लिया है।

## साड़म में टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, 24 टीमें ले रही हिस्सा

**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म पश्चिमी पंचायत के ज्योति क्लब क्रिकेट मैदान में एनवाइएस ज्योति क्लब की ओर से टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन क्षेत्र के समाजसेवी सूरजलाल सिंह एवं व्यवसायी जयप्रकाश तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच गोमिया ड्रैगन-11 बनाम तुलबुल निंजा-11 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ड्रैगन 11 ने निर्धारित 20 ओवर में 123 रन बनाए। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए निंजा 11 की टीम निर्धारित ओवर में 60 रन ही बना सकी। इस तरह ड्रैगन 11 की टीम 63 रनों से जीत गई। इस अवसर पर समाजसेवी सूरजलाल सिंह ने कहा कि साड़म का ज्योति क्लब आज अपनी 50वीं वर्षगांठ मना रहा है, जो क्षेत्र वासियों के लिए गौरव की बात है। यह क्लब लगातार क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर वर्षों से यहां के युवाओं को बेहतर प्लेटफार्म देते आ रहा है। इस तरह के टूर्नामेंट से गांव की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

# पठखाही को नौ रनों से हराकर चिरु बना चैंपियन

### खेल से समाज को बदलने की दिशा में आगे बढ़ें : डॉ कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता


विजेता-उपविजेता कैप्टन को कप और पौधा देते डॉ कौशल पार्षद अमित व अरविंद।

**मेदिनीनगर।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के चिरु स्थित फर्म मैदान में आयोजित चिरु प्रीमियर लीग के 18 वें संस्करण के फाइनल मुकाबले में पठखाही को नौ रनों से हराकर चिरु की टीम ने कप पर कब्जा जमा लिया। इससे पहले पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना व राष्ट्रीय गान के उद्घोष के बीच छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारंभ किया। वहीं, टॉस जीतने के बाद चिरु की टीम ने 16 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाये। जबकि जवाबी पारी खेलने उतरी पठखाही की टीम 114 रनों पर ही सिमट गयी। इस तरह 9 रनों के अंतर से चिरु की टीम ने मुकाबला जीत लिया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल डॉ कौशल किशोर और उनके पुत्र सह जिला पार्षद अमित जायसवाल ने विजेता टीम को 15 हजार रुपये नकद और उपविजेता टीम को 7,500 रुपके के अलावा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसके अलावा कैच लेने वाले खिलाड़ियों को भी प्रति कैच 600 रुपये का इनाम देकर प्रोत्साहित किया गया। इसस अवसर पर डॉ कौशल ने दोनों टीमों के कप्तानों को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा देकर पर्यावरण की रक्षा करने की जिमेवारी सौंपी। कहा कि टूर्नामेंट के बहाने हम सभी पर्यावरण रक्षा का संकल्प लें और खेल से समाज को बदलने की दिशा में आगे बढ़ें। वहीं जिला परिषद सदस्य अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि खेल दिलों को जोड़ता है युवाओं की शक्ति को जगाता है। वहीं, समाजसेवी अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन, मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद यादव, डॉ बीके यादव ने खिलाड़ियों और पर्यावरणविद डॉ कौशल व पार्षद अमित के कार्यों की सराहना की। मैच के समापन पर मनोज शाह और नारायण सिंह ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरित किया। इस मौके पर निरंजन सिंह, नरेश सिंह, राजीव रंजन कुमार, डॉ दिलीच प्रसाद, डॉ मैमुदीन अंसारी, डॉ मनिष कुमार, वीरेंद्र यादव, बिनोद यादव, श्रवण यादव, सहदेव यादव, सूर्यदेव यादव, मुखनरायन सिंह और मदन लाल उपस्थित थे। वहीं चिरू कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र कुमार, सचिव राहुल कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार पासवान, अंपायर राहुल कुमार व राजेंद्र सिंह, महेन्द्र कुमार, आशीष कुमार, जय प्रकाश, विकास कुमार सचिन, विशाल, रमन सिंह आदि ने मैच के सफल संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# पत्रकार दीपेंद्र प्रभंजन पंच तत्व में विलिन, नम आंखों से दी गयी अंतिम विदाई



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** ऊर्जावान पत्रकार दीपेंद्र प्रभंजन का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नावाडीह में हुआ। उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। 48 वर्षीय दीपेंद्र को पेट और सीने के पास दर्द की शिकायत रर बोकारो के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां सोमवार की शाम उनका निधन हो गया था। उनके पुत्र के कोलकता में शिक्षारत स्थिति को देखते हुए पार्थिव शरीर को मर्चरी में रखने के बाद मंगलवार को पार्थिव शरीर को पैतृक आवास लाया गया। जहां से शवयात्रा निकली गयी। इजसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसमें पूर्व विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो, आजसू नेत्री यशोदा देवी, आजसू नेता संतोष महतो, अखिलेश महतो, मुखिया विश्वनाथ महतो, मुखिया प्रदीप कुमार वर्मा, पूर्व प्रमुख मोहन महतो, पूर्व मुखिया दिलीप कुमार, नंदलाल नायक, नरेश महतो, इंद्रदेव महतो, चेतलाल महतो, प्रेस क्लब के अध्यक्ष बासु बिहारी, बोकारो के पत्रकार नीरज सिंह, धीरज सिंह, बॉबी पटेल, दीपक महतो, बालेश्वर महतो आदि शामिल थे। दूसरी ओर, बोकारो से आजाद सिपाही के प्रतिनिधि रहे दीपेंद्र प्रभंजन के अंतिम यात्रा में **आजाद सिपाही** संस्थान की ओर से महाप्रबंधक पशुपति नाथ सिंह, प्रबंधक नामधारी प्रसाद, पत्रकार विजय कुमार सिंह, संदीप सिंह, और नंदकिशोर महतो भी शामिल हुए। नवाडीह के पैतृक गांव में दिवंगत दीपेंद्र के पार्थिव शरीर को मिट्टी में दफन किया गया। इसके पूर्व महाप्रबंधक पशुपति नाथ सिंह, प्रबंधक नामधारी प्रसाद और विजय कुमार सिंह ने संस्थान की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही दिवंगत दीपेंद्र के पुत्र को ढांढस बंधाना गया। इसके बाद आजाद सिपाही के सभी प्रतिनिधि उनके पैतृक घर भी गये और दिवंगत के पिता और पत्नी से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त किया। पशुपति सिंह ने कहा कि महाविपदा की इस घड़ी में पूरा आजाद सिपाही परिवार उनसे साथ खड़ा है।

# पिठाक्यारी गांव से तीन साइबर ठग गिरफ्तार



**निरसा (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत पिठाक्यारी में साइबर अपराध लगातार बढते जा रहा है। जिसपर अंकुश लगाने के लिए गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए निरसा पुलिस एवं साइबर थाना ने संयुक्त रूप से पिठाक्यारी प्राथमिक उपचार केंद्र तालाब के पीछे छटकू रविदास के घर में छापामारी कर तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 16 सीम, 10 मोबाइल फोन व साइबर से जुड़े कागजात जब्त किये गये हैं। इसकी जानकारी निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने दी। वे मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में बढ़ते साइबर अपराधियों की सक्रियता की सूचना पर धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक निर्देश पर छापामारी की गई। जहां से मुकेश रविदास, लक्ष्मण रविदास और सुखदेव रविदास नामक आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जाने वाले मोबाइल फोन व दस्तावेज जब्त किया गया। पूछताछ में सभी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। बताया कि उनके अन्य सहयोगियों द्वारा मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया जाता था। जिससे ठगी कर पैसा साथियों के खाते में भेज दिया जाता था। भेजे गए पैसों को निकाल कर 40 प्रतिशत काटकर शेष राशि को इन लोगों को वापस भेज दिया जाता था। इनके पास प्रतिबिंब में प्लोटेड एक सिम भी पड़ा है। जिसके विरुद्ध तेलंगाना एवं तमिलनाडु में साइबर ठगी का मामला दर्ज किया गया है। जब्त सूची में 10 मोबाइल फोन, 16 सिम कार्ड, ठगी किए गए मोबाइल नंबरों का दस्तावेज हाथ लगी हैं। इस छापामारी में निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, पुनि विश्वजीत ठाकुर, साइबर थाना, पुनि कुंदन कुमार सिंह, सुमन कुमार कंठ, निरसा थाना आदि शामिल थे।


**झारखण्ड-सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवम् सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग)**

**आम सूचना**
**जिला पशुपालन पदाधिकारी, खूँटी**

सभी आम पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय योजना अर्न्तगत जिला अर्न्तगत पशुपालकों के द्वार पर निःशुल्क पशु चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु जिला के सभी प्रखण्डों में चलन्त पशु चिकित्सा इकाई (Mobile Veterinary Unit) M.V.U. की सेवा बहाल की गयी है, जिसके अर्न्तगत जरूरत मंद व सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालक अपने मोबाईल से 1962 (Help Line Number) को Call लगा कर बात कर अपने घर पर अपने बीमार व असामान्य प्रतीत होने वाले पशुओं की चिकित्सा निःशुल्क रूप से प्राप्त कर सकते हैं।

संपर्क करने हेतु प्रक्रिया
1) पशुपालक को 1962 पर Call कर बीमार पशुओं के लक्षण का विवरण देना है।
2) कॉल सेन्टर के पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा लक्षण के आधार पर पशु बीमारी का वर्गीकरण किया जाता है।
3) वर्गीकरण के अनुसार M.V.U. के पशु चिकित्सक को सूचना दिया जाता है।
4) तत्पश्चात् M.V.U., पशुपालक के घर जा कर बीमार पशुओं का उपलब्ध पशु दवाओं से उपचार करते है।
5) रिपोर्ट की ऑनलाईन प्रविश्टि की जाती है।
6) आवश्यकतानुसार बीमार पशुओं के सफल चिकित्सा हेतु रक्त, गोबर व अन्य का नमूना जांच हेतु लिया जा सकता है।

अतः सभी पशुपालकों से आग्रह किया जाता है कि किसी भी तरह के असामान्य व बीमार पशुओं का हेल्पलाईन न० 1962 पर Call करते हुए, Call पर आये पशु चिकित्सा अधिकारी को विस्तार से पशु बीमारी एवं अपने आवास संबंधी जानकारी दिया जाय और सरकार की इस कल्याणकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाया जाय।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, खूँटी

PR 343630 Animal Husbandry(24-25)#D


## महिलाओं के लिए शौचालय को लेकर मजदूर मोर्चा की बैठक

**धनसार (आजाद सिपाही)।** विश्वकर्मा लोडिंग प्वाइंट में महिलाओं के लिए शौचालय नहीं होने एवं ट्रक लोडिंग के लिए पर्याप्त कोयला नहीं मिलने से नाराज असंगठित मजदूर मोर्चा ने मंगलवार को बैठक की। इस दौरान नेताओं व मजदूरों ने प्रबंधन पर भेदभाव व तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। भाकपा माले नेता सह मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष धरम बाउरी ने कहा कि विश्वकर्मा लोडिंग प्वाइंट पर 700 से अधिक असंगठित मजदूर ट्रक लोडिंग का कार्य करते है। जिसमें 300 से अधिक महिलाएं है। लेकिन इनके लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है। 2008 से शौचालय के बिना महिलाएं ट्रक लोडिंग का काम करती आ रही हैं। धनसार कोलियरी प्रबंधन को कई बार मांग पत्र सौंपकर शौचालय की व्यवस्था कराने की मांग की गयी, लेकिन प्रबंधन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। मजदूरों में इस बात का भी आक्रोश है कि यहां ड्यूटी पर तैनात दो तीन सीआईएसएफ जवान के लिए एक शौचालय की व्यवस्था कर दी गई, लेकिन प्रबंधन इन महिलाओं के शौचालय के लिए ध्यान नहीं दे रही है।

## गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी बीसीसीएल से नाराज

# बिना उचित समझौते और मुआवजे का कोई कार्य नहीं करायें : सांसद

**पत्रकारों के सवाल पर तिलमिलाए महाप्रबंधक, पक्षधर होकर सवाल करने का लगाया आरोप**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



कार्यकर्ताओं से मिलकर अभिवादत स्वीकारते सांसद सीपी चौधरी।

**महुदा।** गोविंदपुर क्षेत्र संख्या-3 अंतर्गत खरखरी कोलियरी में प्रस्तावित एमडीओ के तहत हिल टॉप कंपनी की ओर से बाउंड्री वाल समेत अन्य कार्यों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ने पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में मंगलवार को बीसीसीएल एरिया-3 के महाप्रबंधक गणेश चंद्र शाहा के साथ बैठक हुई। सांसद ने महाप्रबंधक से हिलटॉप कंपनी द्वारा तैयार की गई खनन योजना की पूरी रिपोर्ट और वर्तमान में चल रहे कार्य के आदेश पत्र की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक सभी प्रक्रियाओं का पालन नहीं होता, तब तक किसी भी कार्य को तत्काल रोक दिया जाए। सांसद ने आरोप लगाया कि यह कंपनी बिना किसी स्थानीय संवाद और कानूनी प्रक्रिया के ग्रामीणों की जमीन पर जबरन काम कर रही है। कहा कि ग्रामीणों की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कंपनी ने ऐसे विवादित व्यक्तियों को काम पर रखा है, जिनसे पूरा गांव और समाज प्रभावित हो रहे हैं। सांसद ने बीसीसीएल महाप्रबंधक से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि बिना उचित समझौते और मुआवजे के कोई कार्य ना किया जाए। इस पर, महाप्रबंधक गणेश चंद्र शाहा ने सफाई दी कि कंपनी केवल अपनी जमीन पर ही कार्य कर रही है। रैयतों की जमीन पर काम करने से पहले सभी गाइडलाइंस का पालन किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो उसकी जिम्मेदारी वे खुद लेंगे। इसके साथ ही, महाप्रबंधक ने सांसद के निर्देश पर काम को तत्काल रोकने के सवाल को उच्चाधिकारियों के आदेश पर छोड़ने की बात तो की हैं, जिससे यह स्थिति और जटिल हो गई। इस बीच पत्रकारों ने महाप्रबंधक से सवाल किया कि जब हिलटॉप कंपनी की परियोजना अभी प्रक्रियाधीन है, तो कंपनी कार्य कैसे कर रही है। इस पर, महाप्रबंधक ने पत्रकारों पर ही पक्षधर होकर सवाल पूछने का आरोप लगा दिया। इधर, ग्रामीणों ने बीसीसीएल और हिल टॉप कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि प्रबंधन और हिलटॉप कंपनी गुंडों के माध्यम से गोली-बम चलवाकर उनकी जमीनों पर जबरन कब्जा करना चाहती है। इस वार्ता के बाद क्षेत्र के लोग अब भी आशंका और असंतोष के साथ बीसीसीएल की आगामी योजनाओं पर नजर रखे हुए हैं। बैठक से पूर्व सांसद ने खरखरी स्थित सांसद प्रतिनिधि रामशंकर तिवारी के आवासीय कार्यालय पहुंचकर सैकड़ों महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उन्हें नव वर्ष की बधाई दी।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(समाज कल्याण शाखा)**

निदेशक, समाज कल्याण, झारखण्ड राँची के पत्र– 3277/स0क0 दिनांक– 24.12.2024 द्वारा गुमला जिला अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं के आंगनबाडी केन्द्रों में रिक्त सेविका एवं सहायिका के पदों पर चयन हेतु निर्धारित आमसभा की तिथिवार विवरणी निम्नवत हैः–

| क्र0 | परियोजना का नाम | रिक्त आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम | आमसभा की तिथि | पदनाम (सेविका/सहायिका) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिसई | नगर खड़िया टोली | 07.01.2025 | सहायिका |
| 2 | | नगर दसई टोली | 07.01.2025 | सहायिका |
| 3 | | नगर बगाल टोली | 08.01.2025 | सहायिका |
| 4 | | अरको सेमर टोली | 09.01.2025 | सहायिका |
| 5 | | लेरंगा 2 | 09.01.2025 | सहायिका |
| 6 | | सहिजाना पूतरी टोली | 10.01.2025 | सहायिका |
| 7 | | लंगटा पाबेया टंगरा टोली | 13.01.2025 | सहायिका |
| 8 | | बुड़का बड़का टोली | 13.01.2025 | सहायिका |
| 9 | | पोढ़ा रापू टोली | 15.01.2025 | सहायिका |
| 10 | | मुरगु करंज टोली | 15.01.2025 | सहायिका |
| 11 | | सिसई टंगरा टोली 2 | 16.01.2025 | सहायिका |
| 12 | | बरगाँव झरिया टोली | 16.01.2025 | सहायिका |
| 13 | | पंडरानी करंज टोली | 17.01.2025 | सहायिका |
| 14 | | गम्हरिया डहु टोली | 17.01.2025 | सहायिका |
| 15 | | सिसई नवा टोली | 20.01.2025 | सहायिका |
| 16 | | सकरौली कुम्बा टोली | 20.01.2025 | सहायिका |
| 17 | | खेर्रा डिपा टोली | 21.01.2025 | सहायिका |
| 18 | | ऊपर दारी | 21.01.2025 | सहायिका |
| 19 | | कोचा करम टोली | 22.01.2025 | सहायिका |
| 20 | | दारी अम्बा टोली | 22.01.2025 | सहायिका |
| 21 | | ओलमुण्डा टोंगरी टोली | 23.01.2025 | सहायिका |
| 22 | | कोड़ेकेरा बिल्होर टोली | 23.01.2025 | सहायिका |
| 23 | | घाघरा कापो टोली | 24.01.2025 | सहायिका |

ह/0
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,गुमला।

PR.NO.343659 Women, Child Development & Social Security(24-25):D


## किन्नर समाज ने निकाली भव्य शोभा यात्रा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बारामुड़ी में आयोजित अखिल भारतीय किन्नर समाज के महाअधिवेशन के छठे दिन मंगलवार को किन्नर समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो मटकुरिया से शुरू होकर जोड़ाफाटक शक्ति मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में देश-विदेश से आए हजारों किन्नर शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल से बस व सैकड़ों गाड़ियों से पांच हजार किन्नर मटकुरिया पहुंचे। यहां से शोभायात्रा शुरू हुई। सजे रथ में किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी, सचिव श्वेता किन्नर के साथ सभी राज्यों से आयी किन्नर की नायक विराजमान हुई। सभी नाचते-गाते मंदिर पहुंचे। यहां माता के दरबार में पूजा अर्चना कर 21 किलो का घंटा चढ़ाया गया। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को बनाये रखने के लिए पुलिस कर्मियों ने मोर्चा संभाला था। इस दौरान देश-विदेश से आये किन्नरों ने कोयलांचलवासियों पर आशीष बरसाया। कहा कि कार्यक्रम में मिल रहे सम्मान से वे अभिभूत हैं। हम दुआओं का खजाना लेकर झारखंड आयें हैं। बता दें कि किन्नर समाज का यह महाधिवेशन 2 जनवरी से ही शुरू है जिसका समापन 10 जनवरी को होगा। इस मौके पर अध्यक्ष छम छम देवी नायक, आलव्या नायक, बबीता नायक, ज्योति नायक, जोधाबाई नायक, अरुणा नायक, लालन नायक, मुन्नी नायक, निर्मला किन्नर और श्वेता किन्नर आदि मौजूद थे।

## झारखंड कैडेट तलवारबाजी टीम उत्तराखंड के लिए रवाना

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उत्तराखंड के रुद्रपुर में उत्तराखंड फेसिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित 19वां कैडेट नैशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के लिए झारखंड से 23 खिलाड़ियों (जिसमें 12 बालक और 11 बालिका) का चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने झारखंड टीम धनबाद से उत्तराखंड के रुद्रपुर के लिए रवाना हो गयीष वहां 8 से 12 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे। झारखंड टीम को धनबाद स्टेशन से राज्य संघ के महासचिव जयकुमार सिन्हा एवं संघ के संयुक्त सचिव अनिल बांसफोर ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया। शुभकामनाएं देने वालों में राज्य संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद, चेयरमैन राजीव कुमार बिट्टू, कार्यकारी अध्यक्ष संजेश मोहन ठाकुर, उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह, संघ के कोषाध्यक्ष कर्मवीर उरांव, संयुक्त सचिव राकेश कुमार मिश्रा, रामाशीष सिंह, रवि रंजन, झारखंड स्टेट टेबल टेनिस के उपाध्यक्ष अनिल महाजन, झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के ट्रेनर अमितेश, धनबाद फेंसिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुनील बाँसफोर, मुकेश कुमार बांसफोर के साथ-साथ अखिलेश, रूपेश, नितेश, निकेश आदि खिलाड़ी शामिल थे।

# मंत्री सुदिव्य कुमार ने दिया खेल को आगे बढ़ाने के लिए मदद का आश्वासन

**खेल मंत्री से मिला झारखंड ताइक्वांडो संघ का प्रतिनिधिमंडल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** झारखंड ताइक्वांडो संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार से मिलकर हाल में ही कराए गए भगवान बिरसा मुंडा ट्रॉफी नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 के बारे में बताया। साथ ही प्रतियोगिता का मोमेंटो व शॉल देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में खेल मंत्री को भी आना था पर किन्हीं कारणों से वो नहीं आ पाए थे। मंत्री ने ताइक्वांडो के बारे में बहुत सारी बातों पर बात की और विभाग की ओर से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर झारखंड ताइक्वांडो संघ के महासचिव संजय शर्मा, उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, कोच अविनाश राम और आदित्या शर्मा शामिल थे।

## रागिनी सिंह ने झमाड़ा प्लांट का किया निरीक्षण

# भ्रष्ट अधिकारियों पर बरसी विधायक, कहा हल घर जल योजना में पैसों की मची है लूट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**झरिया/जोड़ापोखर।** झरिया विधायक रागिनी सिंह ने मंगलवार को जामाडोबा जल सयंत्र केंद्र एवं जेएमसी प्लांट का निरीक्षण किया। झमाडा के जलगृह भंडारण, इंटेकवेल एवं जेएमसी द्वारा बनाया जा रहे प्लांट को देखने के बाद वहां, नगर आयुक्त की गैर मौजूदगी पर गहरी नाराजगी जाहिर की। कहा कि नगर आयुक्त डर से नहीं पहुंचे, की कहीं उनका काला चिट्ठा ना खुल जाए। कहा कि हर घर जल नल योजना केंद्र सरकार की है जिसके पैसों का बंदरबांट किया गया। जमीन पर कोई काम नहीं हुआ है। पहले मोटर पंप को बदलना करना था, जबकि पहले पाइप लाइन का काम किया गया। जहां जिसको मिला राशि की लूट की गयी। जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। प्रतिनिधि से लेकर नगर के अधिकारी तक 312 करोड़ रुपये को आपस में बांटा गया है। विधायक ने कहा कि पूर्व विधायक संजीव सिंह ने झमाडा प्लांट में मोटर पंप के लिए राशि आवंटित कराया था, लेकिन कुछ भी काम नहीं हुआ है। अभी पुराने मोटर पंप को रंग दिया गया। पर अब लूट नहीं होगा। हर 15 दिन के अंतराल पर प्लांट का निरीक्षण किया जाएगा। हर हाल में 2025 में हर घर में पानी पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर शताक्षी सिंह, बाबू जैना, बच्चा गिरी, स्वरूप भट्टाचार्य, केडी पांडेय, केएन सिंह, संतोष सिंह, झमाड़ा के एसडीओ कौशलेश यादव, जेई आशुतोष राणा, जेएमसी के अधिकारी पृथ्वी मल्लिक, अमित कुमार, मो जियाउद्दीन और दिलीप हाथी आदि मौजूद थे।


**कार्यालय– जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार**
संयुक्त कृशि भवन, किनामाड़ लातेहार– 829206
E-Mail Id- Dholatehar2020@rediffmail.com
**अति अल्पकालीन उद्धरण सूचना।**

एतद्‌ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान कार्यालय, लातेहार के अन्तर्गत वित्तीय वर्श 2024-25 में चल रहे राज्य उद्यान विकास योजना की उपयोजना ''प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग'' के तहत जिला–लातेहार शहर एवं उसके आस–पास के सटे हुए शहरों में बसे परिवार के घरों के निकट खाली पड़े छोटे भू–खण्ड, सरकारी परिसर जहॉ स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों की खेती हेतु बीज, फुलों फलों तथा साज–सज्जा के पौधे एवं उपादान का क्रय हेतु पंजीकृत इच्छुक स्थानीय Service Provider/Nursery चयन के साथ समानों का दर निर्धारण हेतु दिनांक 08.01.2025 के पूर्वाह्‌न 11:00 बजे से दिनांक 15.01.2025 के अपराह्‌न 05:00 बजे तक दर हेतु उद्धरण मुहरबंद निविदा बंद लिफाफें में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा जो दिनांक 16.01.2025 के अपराह्‌न 11:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता एवं उक्त योजना अन्तर्गत नामित जिला स्तरीय गठित समिति के उपस्थिति में जिला उद्यान कार्यालय, लातेहार में खोला जायेगा।

**Technical Bid**

**Following documents are required for qualifying in technical bid to be submitted along with part-I technical bid. In no case document will be accepted after opening of EOI/RFP/RFE**

I. Bidder must be reputed manufacturer/Authorised Dealer/Firms/Agency/Govt. or Non-Govt. Organisation/ Companies. (Enclose supporting documents).
II. It should have at least two year experience in the field of gardening or land scaping or roof top/terrace or horticulture related work. Supporting Work order/ experience certificate issued from Govt. or Non Govt. Organisation should be attached with proposal in support of experience.
III. Registration Certificate and detailed information of nursery, firm/Company etc should be attached. The Agency must have a demonstration plot and after sale service centre in Jharkhand.
IV. The bidder should furnish a self-attested copy of PAN & GST registration with their application.
V. The last three year average annual turnover of the agency/firm must not less than Rs. 10.00 Lakh, Audited Balance sheet along with the I.T Return for the last three financial year should he attached along with E.O.I/RFP. RFP.
VI. An affidavit on Non judicial stamp paper that the bidder hasn't been blacklisted by a central/state government institution and that there has been no litigation with any government department on account of similar services must be submitted.
VII. The agency/firm should furnish earnest money deposit of rupees 50,000.00 (fifty thousand) only in the form of bank draft in favour of District Horticulture officer Latehar, payable at latehar

**Financial Bid**
1. Financial bid should be submitted for each and every components mentioned in Annexure-VI in closed envelop clearly mentioning financial bid and agency name on the envelop
2. Tender document and list of plants, material, pot etc is mentioned in Annexure-VI which can be downloaded from www.atmalatehar.in

Note:- For any query one may contact District Horticulture Office, Latehar (Mob No. 8294871692)

PR 343674 Agriculture(24-25)D

District Horticulture Officer, Latehar

# केंद्रीय सूचना मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्ष 2025 के लिए भारत सरकार के कैलेंडर का अनावरण किया

## जनभागीदारी से जनकल्याण थीम पर, परिवर्तनकारी शासन के दशक का जश्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने परिवर्तनकारी शासन को रेखांकित करते हुए वर्ष 2025 के कैलेंडर के लिए जनभागीदारी से जनकल्याण (सार्वजनिक भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक कल्याण) को मुख्य थीम के रूप में चुना है। रेल भवन में आज कैलेंडर का अनावरण करते हुए, केंद्रीय सूचना और प्रसारण, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पिछले एक दशक में विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तनकारी शासन के स्पष्ट प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने गरीबों के कल्याण में सुधार, महिलाओं का सशक्तीकरण और देश में बुनियादी ढांचे के विकास को आगे बढ़ाने में परिवर्तनकारी शासन की भूमिका पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन, सूचना औरप्रसारण सचिव संजय जाजू, पत्र सूचना ब्यूरो के प्रधान महानिदेशक श्री धीरेंद्र ओझा और केंद्रीय संचार ब्यूरो के महानिदेशक श्री योगेश बावेजा भी उपस्थित थे। **भारत सरकार के 2025 कैलेंडर की मुख्य बातें**

कैलेंडर की शुरूआत आदर्श वाक्य सवेर्षां मंगलं कल्याण से होती है। इसके बाद कृषि, महिला सशक्तीकरण, युवा और राष्ट्र की प्रगति में क्षमता में क्षेत्रीय प्रगति पर प्रकाश डाला गया है। यह स्वच्छता पर भी जोर देता है जैसा कि मई के महीने में आंतरिक शुद्धता बाहरी स्वच्छता की ओर ले जाती है के आदर्श वाक्य के माध्यम से परिलक्षित होता है। जुलाई कैलेंडर व्यायाम स्वास्थ्य के लिए सबसे सुरक्षित नुस्खा है के आदर्श वाक्य पर आधारित है, जबकि स्वतंत्रता दिवस महीने की थीम एक स्वस्थ जीवन शैली के माध्यम से सौ साल लंबे जीवन की कामना करती है। कैलेंडर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान की स्वीकृति के रूप में ह्युउद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि के माध्यम से उद्यमों को प्रेरित करते हुए भी दशार्या गया है। जनजातीय गौरव दिवस के रूप में चिह्नित नवंबर महीने की विशेषता मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता है।

## सदस्यता अभियान को लेकर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने की बैठक

# 50-50 सदस्य बनाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** भाजपा का संगठन महापर्व के तहत सदस्यता अभियान को लेकर मंगलवार को धनवार के घोडथंभा मंडल सदस्यता प्रभारी, भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह एवं सहायक प्रभारी पवन साव ने मंडल के मकडीहा, करगाली व जेरूवाडीह में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस क्रम में वे पंचायत - पंचायत भ्रमण कर हर बूथ पर तीन-तीन सक्रिय सदस्य बनाये तथा उन्हें अभियान में तेजी लाने तथा इसी सप्ताह 50-50 सदस्य बनाने का निर्देश दिया गया।



राजधनवार में सदस्यता अभियान चलाते भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

बताया गया कि भाजपा में सक्रिय सदस्य बनने के लिए उन्हें पचास-पचास सदस्य बनाने होगें।

इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि भाजपा विचारधारा की पार्टी है। सदस्यता अभियान को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। मौके पर घोड़थंभा मंडल अध्यक्ष कृष्णा वर्मा, दशरथ राम, भुनेश्वर राम, पिंटू पासवान, शिव नारायण यादव, दिलीप राम, रंजीत राम, विटट् साव, नरेश साव, प्रमानंद यादव, रामकिशोर चौधरी आदि कई मौजूद थे।

# संबलपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति में आंशिक व्यवधान हो सकता है

**बुर्ला (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएचपीसी) ने 132/33 के वी वह चिपिलिमा ग्रिड सबस्टेशन में रखरखाव कार्य के लिए गोशाला, चिपिलिमा, धामा, हातिबारी, जुजुमुरा, आईआईएम संबलपुर, पुलिस प्रशिक्षण संस्थान, सीआरपीएफ कैंप आदि और संबलपुर जिले के आसपास के क्षेत्रों का दौरा करेंगे। 09.01.2025 से दिनांक 11.01.2025 तक (तीन दिन) प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति में आंशिक व्यवधान हो सकता है। बताया जाता है कि टीपीडब्ल्यूडीएल ने निर्बाध बिजली सेवा जारी रखने के लिए सभी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त, हम उक्त क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं और जनता को सूचित करना चाहते हैं कि चूंकि पूर्ण रूप से विद्युतयुक्त ग्रिड सबस्टेशन आंशिक रूप से बंद रहेगा, इसलिए ऐसे समय हो सकते हैं जब उक्त क्षेत्र में उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बिजली प्रवाहित नहीं हो पायेगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि स्थिर, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा के लिए यह रखरखाव कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए, टीपीडब्ल्यूडीएल के अधिकारी विद्युत सेवाओं में आंशिक व्यवधान के लिए खेद व्यक्त करते हैं और क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं और जनता से सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

# ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने भुवनेश्वर में डबल डेकर बसों को हरी झंडी दिखायी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर के गड़कना स्थित मोहन नस डिपो में बहुप्रतीक्षित डबल डेकर बसों और हॉप-ऑन हॉप-ऑफ बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने पांच डबल डेकर बसों और 10 हॉप-ऑन हॉप-ऑफ बसों को हरी झंडी दिखायी। उन्होंने श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) की ई-बस सेवा का भी शुभारंभ किया। पुरी में एसजेटीए द्वारा कुल 25 ई-बसों का उपयोग किया जायेगा। शहरी विकास मंत्री कृष्ण चंद्र महापात्रा, स्कूल और जन शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड, भुवनेश्वर की सांसद अपराजिता सारंगी, भुवनेश्वर एकाम्र के विधायक बाबू सिंह सहित अन्य अतिथि और अधिकारी ध्वजारोहण समारोह में शामिल हुए। डबल डेकर और हॉप-ऑन हॉप-ऑफ बसों को हरी झंडी दिखाने के अलावा, ओड़िशा के मुख्यमंत्री ने अन्य अतिथियों के साथ जनता मैदान तक डबल डेकर बसों में से एक में यात्रा भी की। सूत्रों ने बताया कि इन सभी बस सेवाओं का उपयोग प्रवासी भारतीय दिवस समारोह के दौरान किया जायेगा, उन्होंने बताया कि समारोह में भाग लेने वाले लोगों को बसों से लाया-ले जाया जायेगा। राजधानी क्षेत्र शहरी परिवहन (सीआरयूटी) इन सभी इलेक्ट्रिक बसों का प्रबंधन करेगा और उम्मीद है कि वह राज्य के विभिन्न शहरों जैसे भुवनेश्वर, कटक, पुरी और ब्रह्मपुर में ऐसी और बसें चलायेगा।

# नये रायगढ़ रेलवे डिवीजन के लिए डिवीजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) की नियुक्ति की

- स्थानीय समुदायों के लिए बाजारों, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के लिए बेहतर रेलवे सेवाएं।

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारतीय रेलवे के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप में, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में रायगढ़ रेलवे डिवीजन बिल्डिंग की आधारशिला रखी और जम्मू रेलवे डिवीजन का उद्घाटन किया, जो रेलवे नेटवर्क के विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। इस विकास के साथ, जम्मू 69वां रेलवे डिवीजन और रायगढ़ 70वां बन गया है, जिससे पूरे देश में रेलवे के बुनियादी ढांचे को और मजबूती मिलेगी। नव स्थापित रायगढ़ रेलवे डिवीजन मुख्य रूप से ओड़िशा के दक्षिणी जिलों में रेलवे संचालन की देखरेख के लिए जिम्मेदार होगा। यह डिवीजन रायगढ़, कोरापुट, गजपति, नबरंगपुर, मलकानगिरी और कालाहांडी सहित आदिवासी और आकांक्षी जिलों के हितों की सेवा करेगा। क्षेत्र की रणनीतिक स्थिति और बढ़ता महत्व इस डिवीजन को राज्य के रेलवे नेटवर्क के आगे के विकास के लिए महत्वपूर्ण बनाता है। रायगढ़ रेलवे डिवीजन के निर्माण से इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ट्रेन संचालन और बुनियादी ढांचे के विकास दोनों में काफी तेजी आने की उम्मीद है। नये डीआरएम की नियुक्ति संभागीय मुख्यालयों के त्वरित क्रियांवयन और क्षेत्र में रेलवे के बुनियादी ढांचे के तेजी से विकास को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल का दक्षिण ओड़िशा के आदिवासी क्षेत्र पर एक परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय उद्योगों के साथ संपर्क में सुधार होगा और पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। बेहतर रेलवे सेवाओं के साथ, स्थानीय समुदायों को बाजारों, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक बेहतर पहुंच का अनुभव होगा, जिससे जीवन की गुणवत्ता बेहतर होगी। दक्षिणी ओडिशा में भविष्य की कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के विकास से पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। ये मार्ग हरे-भरे हरियाली, झरनों और आदिवासी विरासत के लिए जाने जाने वाले सुंदर क्षेत्रों से गुजरते हैं, जिसमें कोरापुट-रायगढ़ खंड पूर्वी घाट के शानदार दृश्य पेश करता है। इस क्षेत्र से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों पर्यटकों के आकर्षित होने की उम्मीद है। यह कोरापुट कॉफी और हल्दी के बाजार को बढ़ावा देगा और कृषि आधारित उद्योगों को समर्थन देगा। रायगढ़ रेलवे डिवीजन की स्थापना ओड़िशा में पर्यटन, आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे के विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। रेलवे नेटवर्क में सुधार से न केवल स्थानीय उद्योगों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार होगा, बल्कि यह क्षेत्र एक प्रमुख आर्थिक केंद्र में भी तब्दील हो जायेगा। यह परियोजना आकांक्षी जिलों में कनेक्टिविटी बढ़ाकर, पर्यटन को बढ़ावा देकर और क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देकर राष्ट्र की समग्र प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

# 22वें नालको स्थापना दिवस के अवसर पर डॉ चंद्र भानु सतपथी ने अपना वक्तव्य रखा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रख्यात विद्वान, आध्यात्मिक विचारक और लेखक डॉ. चंद्र भानु सत्पथी ने आज यहां 'नैतिक निगम प्रबंधन' विषयपर 22वेंनालको स्थापना दिवस व्याख्यानमाला केअवसर पर अपना व्यक्तव्य से सम्बोधित किया। 45वें स्थापना दिवस के भाग के रूप में, नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) ने नालको स्थापना दिवस व्याख्यानमाला के 22वें संस्करण का आयोजन किया। अपने संबोधन में, डॉ सतपथी ने पेशेवर और साथ ही व्यक्तिगत जीवन से अनैतिक प्रथाओं के पूर्ण उन्मूलन पर जोर देते हुए अपने विचार और ज्ञान साझा किये। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईमानदारी, जवाबदेही और पारदर्शिता संधारणीय कंपनी प्रथाओं की आधारशिला हैं, जो नैतिक निगम प्रबंधन पर आधारित हैं। उन्होंने कहा, इसमें नैतिक मूल्यों का समर्थन करने वाले विकल्पों को यह सुनिश्चित करते हुए चुनना शामिल है कि सभी गतिविधियां सामाजिक, कानूनी और पर्यावरणीय दायित्वों के अनुरूप हों। सामुदायिक विकास और सामाजिक कल्याण में नालको की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी की विरासत न केवल व्यवसाय में बल्कि सामाजिक क्षेत्रों में भी व्यापक रूप से स्वीकार की जाती है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में रमेश चंद्र जोशी, निदेशक (वित्त), नालको ने स्वागत भाषण के साथ विषय से परिचय कराया। नालको समूह की ओर से डॉ तापस कुमार पटनायक, निदेशक नालको ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर पद्म विभूषण पंडित हरिप्रसाद चौरसिया के शिष्यों द्वारा शास्त्रीय सह भक्तिमय बासुरी वादन भी प्रस्तुत किया गया। कर्मचारियों के साथ हीइस कार्यक्रम में उद्योग जगत के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी अधिकारियों और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। आशुतोष रथ, कार्यपालक निदेशक (मा°सं°) ने कार्यक्रम का संचालन किया। उल्लेखनीय है कि नालको वर्ष 2002 से व्याख्यानमाला का आयोजन कर रहा है, जो ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करता हैतथा कंपनी और इसके व्यापक समुदाय के भीतर सीखने और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देता है।

# खोरधा जिले में जंगल के कुएं से 10 फुट का अजगर बचाया गया



**टांगी (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के खोरधा जिले में जंगल के अंदर एक खाली पड़े कुएं से मंगलवार को 10 फुट लंबे अजगर को बचाया गया। अजगर को टांगी फॉरेस्ट रेंज के अंतर्गत गिरिंदा के काजू के जंगल में खाली पड़े कुयें से बचाया गया। 10 फीट लंबा अजगर टांगी वन रेंज के अंतर्गत गिरिंडा के काजू के जंगल में एक खाली पड़े कुयें में गिर गया था। सांप कुएं से बाहर निकलने के लिए संघर्ष कर रहा था। काजू बागान के गार्ड ने सांप को देखा और वन विभाग के अधिकारी को सूचना दी, जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन अधिकारियों और कुछ सर्प हेल्पलाइन सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से बचाव अभियान शुरू किया गया था। वन अधिकारियों, अग्निशमन अधिकारियों और सर्प हेल्पलाइन के सदस्यों ने अभियान शुरू किया और सांप को कुएं से बाहर निकाला। सांप को बचाकर वन विभाग को सौंप दिया गया है।

# डॉ अच्युत सामंत को प्रथम पीआइओ उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया

- पीआइओ फोरम ने हर चार साल में प्रवासी भारतीयों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव का प्रस्ताव रखा

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर। प्रवासी भारतीय दिवस की शुरूआत के साथ, भारतीय मूल के लोगों के वैश्विक संगठन (जीओपीआईओ) ने केआईआईटी और केआईएसएस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत को शिक्षा और आदिवासी सशक्तिकरण में उनके अद्वितीय योगदान के लिए प्रथम पीआइओ उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार केआइआइटी-डीयू द्वारा आयोजित भारत के साथ पीआइओ संवाद 2025 सत्र के दौरान दिया गया। वैश्विक संबंधों को सशक्त बनानाः उभरते भारत में पीआइओ की भूमिका थीम वाले इस कार्यक्रम में दुनिया भर के गणमान्य व्यक्ति और नेता शामिल हुए। डॉ सामंत के साथ, मलेशिया के प्रधानमंत्री के ओएसडी शानमुगन मूकन और जेएनयू के प्रोफेसर अजय कुमार दुबे को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण भारत में हर चार साल में भारतीय प्रवासियों के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित करने का प्रस्ताव था। इस महोत्सव का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर भारतीय मूल के लोगों (पीआइओ) की समृद्ध विरासत और योगदान का जश्न मनाना और भारत के साथ उनके संबंधों को मजबूत करना है। इस सत्र में केआइआइटी - ऊँब में (जीओपीआइओ) इंटरनेशनल चेयर का शुभारंभ भी हुआ, जो भारतीय प्रवासियों से संबंधित शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक पहल है। यह चेयर अकादमिक अध्ययनों की सुविधा प्रदान करेगी और दुनिया भर में पीआईओ के योगदान का दस्तावेजीकरण करेगी। डॉ सामंत ने अपने भाषण में आभार व्यक्त करते हुए कहा, पीआइओ के एक सत्र की मेजबानी करना केआइआइटी और केआइएसएस के लिए सम्मान की बात है। केआइआइटी में आज 12 छात्र थे, जो बढ़कर 80,000 से अधिक हो गये हैं और के आइएसएस देश में एक क्रांति बन गया है। मुझे उम्मीद है कि हमारे विशिष्ट अतिथि इस प्रगति को देखकर प्रसन्न होंगे (जीओपीआइओ) इंटरनेशनल के महासचिव ए रवेंदीरन अर्जुनन ने केआइआइटी के उल्लेखनीय विकास की प्रशंसा कीः केआइआइटी टाउनशिप ने छलांग और सीमा से विकास किया है। प्रवासी भारतीय दिवस की शुरूआत अटल बिहारी वाजपेयी से प्रवासी भारतीयों द्वारा किये गये अनुरोध से हुई थी, और आज राष्ट्र निर्माण में प्रवासी भारतीयों के योगदान को संरक्षित और प्रलेखित किया जाना चाहिए। ओड़िशा के ऐतिहासिक महत्व पर विचार करते हुए, अर्जुनन ने कहा, कलिंग अपने व्यापारियों और व्यवसायियों के लिए जाना जाता था, जो दुनिया भर में यात्रा करते थे।

उनके योगदान को अक्सर भुला दिया जाता है और अब समय आ गया है कि हम उनकी विरासत को संरक्षित करें। जीओपीआइओ इंटरनेशनल के अध्यक्ष डॉ पोन्नुसामी मुथैया ने प्रवासी भारतीय दिवस की उत्पत्ति का पता लगाया और इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे इस सम्मेलन ने प्रवासी भारतीयों को भारत के करीब लाया है। जीओपीआइओ के उपाध्यक्ष विनय दुसोये ने भारतीय संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के महत्व पर जोर दिया और वैश्विक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक कदम के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा, प्रवासी भारतीयों को जोड़ने की प्रक्रिया हमारी युवा पीढ़ी पर निर्भर करती है। हमें अंतरराष्ट्रीय व्यापार में खुद को स्थापित करना चाहिए और सांस्कृतिक संरक्षण सुनिश्चित करना चाहिए। केआइआइटी-डीयू के पूर्व राजनयिक और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के महानिदेशक देबराज प्रधान ने भारत के विकास में प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि केआइआइटी-डीयू के कुलपति प्रो सरनजीत सिंह ने भारत के विकास में प्रवासी भारतीयों की भूमिका को रेखांकित किया। प्रो देबाशीष बंदोपाध्याय, प्रो कुलपति ने सांस्कृतिक कार्निवल के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया।










JOB VACANCY

सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए

एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-

- Only Female.
- Age 30 to 45 Years.
- Minimum Qualification Graduation
- Married only.
- Experience को वरियता

Post Applied For Life planning Officer (LPO)

Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly) +Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus

Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.

Vacancy सिमित है.. ONLY 10 LEFT HURRY UP

नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।

Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi

M.: 7004800036, 9905678089 (W)

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**